माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 13 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 361, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति 16

राजामौली की फिल्म में महेश संग विदेशी अदाकारा 15

एक नजर

खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.1% पर आई

नई दिल्ली। खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी आने के कारण इस वर्ष जनवरी में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5 .10 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में खुदरा महंगाई 5 .69 प्रतिशत रही है, जबकि जनवरी 2023 में यह 6 .52 प्रतिशत पर रही थी। अगस्त 2023 में यह महंगाई 6 .83 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में खाद्य पदार्थों की महंगाई 8 .3 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर 2023 में यह 9 .53 प्रतिशत और जनवरी 2023 में यह 6 .0 प्रतिशत रही थी।

सिसोदिया को तीन दिन की अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को तीन दिन की जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने क्रमश: केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में 13 से 15 फरवरी तक सिसोदिया को राहत दी।

अब एम्स में स्मार्ट कार्ड से होंगे सभी भुगतान

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अब मरीज या उनके तीमारदारों के साथ लूटपाट की घटनाएं नहीं हो पाएंगी। दरअसल, एम्स ने स्टेट बैंक की सहायता से एम्स ने एक स्मार्ट कार्ड विकसित किया है, जिससे सभी तरह का भुगतान किया जा सकेगा। इस स्मार्ट कार्ड के जरिए न सिर्फ मरीज और उनके तीमारदार किसी भी मद में भुगतान कर सकेंगे, बल्कि दूर दराज से पैसा भी ऑनलाइन मंगवा सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्टेट बैंक द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड जारी किया। इस अवसर पर उनके साथ एम्स निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास और स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक मनजीत सिंह सहित कई अधिकारी एवं मरीज के तीमारदार भी थे।

एल्गार मामला: नवलखा की जमानत पर रोक बढ़ी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत देने के अपने आदेश के क्रियान्वयन पर बंबई उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को सोमवार को बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले की सुनवाई को मार्च के पहले सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दिया।

लोअर पीसीएस के परिणाम घोषित, वैभव जोशी टॉपर

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ अविनाश देव दूसरे व अनुराग शर्मा तीसरे स्थान पर

अमृत विचार : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने उत्तराखंड सम्मिलित राज्य (सिविल) अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2021 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। यह परीक्षा विभिन्न विभागों के रिक्त नायब तहसीलदार, डिप्टी जेलर, पूर्ति निरीक्षक, विपणन निरीक्षक, आबकारी निरीक्षक, कर निरीक्षक आदि के 191 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित की गई थी। इस परीक्षा को जन सामान्य में लोअर पीसीएस के नाम से जाना जाता है।

परीक्षा परिणामों में नायब तहसीलदार के 36 पदों में वैभव जोशी ने टॉप किया है, जबकि अविनाश सिंह देव दूसरे और अनुराग शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। डिप्टी जेलर के लिए आदित्य तिवारी टॉपर एवं अनुराग सिंह भंडारी दूसरे स्थान पर रहे। पूर्ति निरीक्षक पद के लिए पुष्कर सिंह रावत टॉपर रहे, जबकि मार्केटिंग इंस्पेक्टर के लिए कु. नेहा का प्रथम स्थान रहा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के लिए रजत शर्मा, आबकारी निरीक्षक में स्नेहल बलोनी, कर अधिकारी में तृप्ति गोयल, गन्ना विकास अधिकारी में अंगरा सिंह और खांडसारी निरीक्षक में राकेश सिंह मेहता टॉपर रहे।

कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारी रिहा

नई दिल्ली, एजेंसी

कतर ने जेल में बंद भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया है, जिन्हें कथित रूप से जासूसी के एक मामले में पिछले साल अक्टूबर में मौत की सजा सुनाई गई थी। इनमें से सात भारत लौट आए हैं। रिहाई से 46 दिन पहले उनकी मौत की सजा को अलग अलग अवधि की कारावास सजा में तब्दील किया गया था।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई की अपनी यात्रा के बाद 14 फरवरी को कतर की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि रिहा किए गए आठ भारतीय नागरिकों में से सात भारत लौट आए हैं और देश अपने नागरिकों की रिहाई तथा उनकी घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है।'

मंत्रालय ने कहा, 'रिहा किए गए आठ भारतीयों में से सात भारत लौट आए हैं। हम इनकी रिहाई और घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं।' कैप्टन (सेवानिवृत्त) नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर (सेवानिवृत्त) पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, और सुगुनाकर पकाला और नाविक (सेवानिवृत्त) रागेश को सजा सुनाई गई थी। तिवारी दोहा में ही रुके हैं।

▸▸ सात भारत लौटे, अगस्त 2022 में जासूसी के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

रिहाई में डोभाल ने निभाई अहम भूमिका

नौसेना के पूर्व कर्मियों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को मृत्युदंड को कम कर दिया था और पूर्व नौसैन्य कर्मियों को अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। भारतीय नागरिकों को जासूसी के एक कथित मामले में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था। अपीलीय अदालत ने मौत की सजा को कम करने के बाद उन्हें उनकी जेल की सजा के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया था। यह पता चला है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारतीय नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने में कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत में भूमिका निभाई थी।

केंद्रीय मंत्रियों ने बताया कूटनीतिक जीत

पूर्व नौसैनिकों की रिहाई को केंद्रीय मंत्रियों ने भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत बताया। स्मृति ईरानी ने पूर्व नौसैनिकों का स्वागत करते हुए कहा, 'जैसे ही हमारे नौसेना के दिग्गज भारतीय धरती पर लौटे तो उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उनके शब्द प्रधानमंत्री के प्रभावशाली नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत के राजनयिक कौशल को रेखांकित करते हैं।' अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मतलब दुनिया भर में भारत के लोगों के जीवन और स्वतंत्रता की गारंटी है।'

नीतीश सरकार शक्ति परीक्षण में पास, विपक्ष ने किया वॉकआउट

समर्थन में 129 वोट पड़े, राजद में टूट, तीन सदस्यों ने सरकार के पक्ष में की वोटिंग

पटना, एजेंसी

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने विधानसभा में मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन सदस्यों के साथ से विश्वास मत शून्य के मुकाबले 129 से जीत लिया।

विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब डेढ़ बजे विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर 2 घंटे से अधिक हुई चर्चा के बाद मतदान कराया गया, लेकिन मतदान से पहले ही राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। प्रस्ताव के पक्ष समर्थन में 129 मत पड़े। इससे पहले सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 125 के मुकाबले 112 मत से पारित हो जाने के कारण आसन पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी बैठे थे। इसलिए वह मतदान नहीं कर सके। हजारी जदयू के विधायक हैं। सरकार के पक्ष में राजद के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव ने भी मतदान किया। वहीं सत्ता पक्ष के एक विधायक दिलीप राय सदन में अनुपस्थित थे। 243 सदस्यीय बिहार विधान सभा में राजग के 128 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 78, जदयू के 45, हम के 04 और 01 निर्दलीय शामिल हैं।

शक्ति परीक्षण से पहले विधानसभा पहुंचे नीतीश कुमार अभिवादन स्वीकारते हुए।

राजद के लोग सत्ता में रहकर कमाई कर रहे थे: नीतीश

विश्वास मत पर हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने उनके मंत्रिमंडल में रहे राजद कोटे से रहे मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, "जब राजद के साथ हम सरकार बनाए थे तो शुरू में सब ठीक था, लेकिन बाद में पता चला कि वो लोग सरकार में रहकर कमाई कर रहे हैं। आज तक मेरी सरकार में ऐसा कभी नहीं हुआ।" उन्होंने कहा कि राजद ने सरकार में बहुत गलत काम किया। वह इसकी जांच कराएंगे।

तेजस्वी का नीतीश पर तंज, बोले- ना पलटने की गारंटी मोदी जी लेंगे

बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया तो तेजस्वी यादव ने भाजपा और जदयू को निशाने पर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत में तेजस्वी ने कहा, 'मोदी जी की गारंटी तो बहुत मजबूत गारंटी है। ऐ मोदी की गारंटी वालो, क्या मोदी जी गारंटी लेंगे कि ये फिर से पलटेंगे या नहीं। बताइए। मोदी जी की गारंटी वालों बताओ। खैर हमको इसकी चिंता नहीं है।' नीतीश कुमार से तेजस्वी यादव ने कहा, 'कम से कम एक बार बता तो देते। आप तो कुछ बताए भी नहीं। हम आपको कुछ कहे हैं। आप हमसे कहे होते तो हम बाहर से समर्थन दे दिए होते।'

बनभूलपुरा में जहां था अतिक्रमण अब सरकार बनाएगी पुलिस थाना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में आयोजित एक जनसभा में की घोषणा

▸▸ देवभूमि में उपद्रव बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी, कहा- दंगाइयों से सख्ती से निपटेंगे

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर पुलिस थाना बनाने की घोषणा की है। सोमवार को हरिद्वार में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में जिस भूमि पर अतिक्रमण था, अवैध निर्माण हटाने के बाद कई एकड़ भूमि सरकार को मिली है। इस भूमि पर पुलिस थाना बनाया जाएगा। हिंसा प्रभावित क्षेत्र में पुलिस थाना बनने से कानून की सुरक्षा में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में जिस तरह अराजक तत्वों ने पुलिस, प्रशासन, महिला पुलिस कर्मचारियों पर हमला किया, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इस देवभूमि में इस तरह के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपद्रवियों को पुनः चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड शांति प्रिय राज्य है और उसकी आबोहवा को खराब करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि उपद्रव के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धामी ने कहा कि गंगा के किनारे पवित्र भूमि से मैं घोषणा करता हूं कि जिस भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों ने आगजनी और हिंसा की उस भूमि पर उनकी सरकार थाना का निर्माण करेगी। गौरतलब है कि दंगाइयों ने हमला कर बनभूलपुरा थाना को भारी नुकसान पहुंचाया था। उसे आग के हवाले कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया था। यही नहीं दंगाई असलहा भी लूट कर ले गए थे। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है।

बलवे के बाद 127 शस्त्रों के लाइसेंस निलंबित किए गए

हल्द्वानी। बनभूलपुरा बलवे के बाद डीएम वंदना सिंह ने इस क्षेत्र के 127 शस्त्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। उन्होंने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को 24 घंटे के भीतर इन शस्त्रों को कब्जे में लेने के लिए कहा है। बनभूलपुरा उपद्रव की पुलिस जांच में सामने आया है कि पुलिस-प्रशासन की टीम पर अवैध तमंचों के साथ ही लाइसेंसी शस्त्रों से भी फायरिंग की गई थी। इसके बाद डीएम वंदना सिंह ने बनभूलपुरा के 120 शस्त्र लाइसेंसधारकों के 127 शस्त्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। साथ ही पुलिस को 24 घंटे में इन शस्त्रों को कब्जे में लेने के निर्देश दिए हैं।

पूर्व सीएम अशोक चह्वाण ने छोड़ी कांग्रेस

मुंबई, एजेंसी

▸▸ महाराष्ट्र के कई नेताओं के साथ भाजपा में हो सकते हैं शामिल

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की संभावना है। चव्हाण ने इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को एक पत्र लिखा है और राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भी भेजा है।

हाल के वर्षों में महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक कई झटके लगे हैं, क्योंकि पार्टी के प्रमुख नेताओं मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी और उल्हास पाटिल सहित कई प्रमुख नेता पार्टी छोड़कर भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। सूत्रों के मुताबिक चव्हाण वर्तमान विधायकों समेत कुछ बड़े नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने उनके अगले राजनीतिक कदम के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह अगले दो दिनों में इस पर फैसला करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होंगे, चव्हाण ने कहा, "मैंने भाजपा में शामिल होने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है, भाजपा की कार्य प्रणाली के बारे में नहीं जानता।"

नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूर्व एमएलसी शहनाज गनई भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की पूर्व नेता और विधान परिषद की पूर्व सदस्य शहनाज गनई सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और भाजपा महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में गनई ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति और क्षेत्र में महिलाओं के लिए गनई के काम की सराहना की। गनई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों के लिए काफी अच्छे काम किए हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' के उनके दर्शन से वह प्रभावित हैं।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रितु बाहरी ने कार्यभार ग्रहण किया

▸▸ उत्तराखंड हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश

नैनीताल: उत्तराखंड हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी ने सोमवार को फुल कोर्ट रैफरेंस के साथ ही कार्यभार ग्रहण कर किया। इस मौके पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने कार्यक्रम शुरू करने की अनुमति मांगी और महाधिवक्ता के साथ हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष ने उनका स्वागत किया। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मंनोज कुमार तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश के साथ साथ न्यायालय में मौजूद सभी लोगों का स्वागत किया।

जस्टिस रितु बाहरी ने बीते 4 फरवरी को देहरादून में राज्यपाल के सम्मुख पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। हाईकोर्ट बार अध्यक्ष डीसीएस रावत ने कहा कि राज्य में महिला सशक्तिकरण का दौर है। राज्य में पहली महिला मुख्य सचिव, विधानसभा अध्यक्ष के बाद अब हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश भी महिला हैं। इससे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को और बल मिलेगा।

रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने राजग में शामिल होने का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ दिग्गज जाट नेता के इस फैसले से पश्चिमी यूपी में बदलेंगे चुनावी समीकरण

राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने सोमवार को भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन राजग में शामिल होने का ऐलान कर दिया। हालांकि जयंत का एनडीए में शामिल होना कई दिनों से तय माना रहा था, लेकिन आधिकारिक पुष्टि का इंतजार था। अब जयंत के राजग में जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी समीकरण भी पूरी तरह बदल जाएंगे।

जयंत चौधरी ने राजग में जाने के सवाल पर पत्रकारों से बात भी की। जब उनसे पूछा गया कि खबर आ रही है कि आप राजग में जा रहे हैं, लेकिन खबर ये भी आ रही हैं कि आपके विधायक नाराज हैं। इस सवाल के जवाब में जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने दल के सभी विधायकों, कार्यकर्ताओं से बात की है और फिर यह फैसला लिया है। इस फैसले के पीछे कोई बड़ी प्लानिंग नहीं रही है या बहुत समय से हम यही सोचे बैठे हों। बहुत कम समय में यह फैसला हमें लेना पड़ा। परिस्थितियों के कारण हमें यह फैसला लेना पड़ा।

बता दें कि बीते दिनों चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने का केंद्र सरकार ने ऐलान किया था। इसका जिक्र करते हुए जयंत चौधरी ने कहा, ''जब भारत रत्न से नवाजा गया है तो यह सिर्फ मेरे परिवार के लिए नहीं, देश के किसानों, गरीबों के लिए सम्मान की बात है।''

राज्यों में उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं: शीर्ष अदालत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह सिर्फ एक ओहदा, कोई अतिरिक्त लाभ भी नहीं मिलता

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप-मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है।

पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील से कहा कि उपमुख्यमंत्रियों को केवल दूसरे मंत्रियों से वरिष्ठ माना जाता, लेकिन वे उनसे अधिक वेतन नहीं लेते हैं। इसके बाद वकील ने दलील दी कि उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति सरकारी विभाग में अन्य अधिकारियों के लिए गलत उदाहरण स्थापित कर रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'उनकी नियुक्ति का आधार क्या है। आधार केवल धर्म और समाज का विशेष संप्रदाय है। ऐसे उप मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्ति का कोई अन्य आधार नहीं है।' पीठ ने हालांकि कहा कि एक उप मुख्यमंत्री एक विधायक और एक मंत्री होता है।

अभी 14 राज्यों में 26 उपमुख्यमंत्री

देशभर के 14 राज्यों में इस समय 26 उपमुख्यमंत्री नियुक्त हैं। 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति का राज्य के नागरिकों से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति से बड़े पैमाने पर जनता में भ्रम पैदा होता है और राजनीतिक दलों द्वारा काल्पनिक पोर्टफोलियो बनाकर गलत और अवैध उदाहरण स्थापित किए जा रहे हैं।

किसानों का प्रदर्शन आज, देखते ही गिरफ्तारी का आदेश

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ ट्रैक्टर, टेंपो एवं बाहरी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

अमृत विचार: न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून एवं स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर कई राज्यों के किसान दिल्ली की तरफ बढ़ चुके हैं। उनका प्रदर्शन 13 फरवरी को प्रस्तावित है, लेकिन दिल्ली पुलिस ने सभी तरह के धरना, प्रदर्शन, जुलूस व जनसभा पर रोक लगा दी है। सभी सीमाएं सील कर दी गई है और किसानों को देखते ही गिरफ्तार करने का आदेश भी जारी किया गया है।

दूसरी तरफ कुछ किसान नेताओं से चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के मंत्री बातचीत कर रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री सहित किसी भी नुमाइंदे ने इस बातचीत से अपने आप को अलग रखा हुआ है। किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वर्ष 2021 की तर्ज पर पुनः आंदोलन करने की धमकी दी थी और 13 फरवरी को संसद का घेराव करने का नोटिस दिया था। उन्होंने देशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई है जिसके तहत इस बार न सिर्फ उत्तर प्रदेश हरियाणा पंजाब मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के किसान दिल्ली में प्रदर्शन करने के लिए चल चुके हैं, बल्कि दक्षिण भारत के तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के किसान भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने देर शाम बताया कि किसान आंदोलन सहित सभी तरह की आंदोलनकारी गतिविधियों जैसे धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रेलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और धारा 144 पूरी दिल्ली में लागू कर दी गई है। ट्रैक्टर, टेंपो सहित बाहरी वाहनों पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली भर में यदि किसानों का कहीं भी हुजूम नजर आएगा तो उन्हें देखते ही गिरफ्तार करने के भी आदेश दिए गए हैं।

'दिल्ली कूच' के तहत अपने वाहन से हरियाणा के फतेहाबाद पहुंचे किसान ● एजेंसी

पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेड्स और सड़कों पर कीलें ठुकवाईं

किसान आंदोलन को रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली राज्यों को लेकर एक रणनीति बनाई है, जिसके तहत किसानों को दिल्ली आने से पहले ही उनको उनके गृह राज्य में ही रोका जाएगा ताकि दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का जमावड़ा न लग सके। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, गाजियाबाद, नोएडा, गाजीपुर, सिंधु बॉर्डर पर भी पुलिस ने कंक्रीट के बैरिकेड्स एवं सड़कों पर कीलें ठुकवा दी है।

अशोक पार्किंग को पालिका ने कब्जे में लिया

पालिका ने सोमवार से पार्किंग को कब्जे में लेकर संचालन शुरू किया, हर माह एक करोड़ 90 लाख का लाभ होगा

नैनीताल में अशोक पार्किंग को कब्जे में लेते पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : निवर्तमान पालिका बोर्ड द्वारा मात्र 35 हजार रुपये माह के ठेके पर दिए गए अशोक पार्किंग का ठेका निरस्त करने के बाद पालिका ने सोमवार से पार्किंग को कब्जे में लेकर संचालन शुरू कर दिया है।

पालिका के अनुसार उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 समेत तमाम न्यायालयों के निर्णयों को आधार व पालिका को हर माह 1.55 लाख के नुकसान को आधार बताते हुए ठेका निरस्त किया है। इसके बाद अब ओपन टेंडर होने तक पार्किंग का संचालन पालिका करेगी। इससे पालिका को हर माह एक करोड़ 90 लाख का लाभ होगा। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि अशोक पार्किंग ठेके पर देने से पालिका को आर्थिक नुकसान के साथ ही तमाम नियमावलियों का उल्लंघन हो रहा था।

अशोक पार्किंग का बेस प्राइज 25 लाख रखा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : 31 मार्च को लेक ब्रिज चुंगी, डीएसए पार्किंग सहित नगर की अन्य चार छोटी पार्किंगों का टेंडर समाप्त होने जा रहा है।

वहीं इस बार पालिका ने अशोक पार्किंग को भी ओपन टेंडर में शामिल किया है। नए टेंडर प्रक्रिया के लिए पालिका ने प्रकाशन भी निकाल दिया है।

पहली बार ओपन टेंडर के लिए अशोक पार्किंग का बेस प्राइज 25 लाख रखा गया है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि पहली बार अशोक पार्किंग को ओपन टेंडर के लिए रखा गया है जिसका सोमवार को प्रकाशन भी कर दिया है।

ईओ राहुल आनंद।

पार्किंग का बेस प्राइज 25 लाख रुपये रखा गया है। वहीं डीएसए पार्किंग एक करोड़ चालीस लाख, लेक ब्रिज चुंगी दो करोड़ 15 लाख व अन्य चार छोटी पार्किंगों का 55 लाख रुपये बेस प्राइज रखा गया है।

अमतोली में क्रमिक अनशन पर बैठे ग्रामीण

रामनगर। सुदूरवर्ती ग्राम सभा अमतोली में पातली, अमतोली, मल्ली सिमली, भलोन मार्ग को रियाण, डोला, जलना से मिलान न किए जाने से शासन-प्रशासन से नाराज ग्रामीणों का अनशन लगातार जारी है।

सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र दत्त सती ने कहा कि अमोटा से रियाण तक चार किलोमीटर मार्ग को मिलान करना जरूरी है। इससे कोटाबाग व बेतालघाट दो ब्लाकों के 20 से 30 ग्राम पंचायतों के लगभग दो हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकते हैं। क्रमिक अनशन पर चंद्र दत्त, नवीन चंद्र, तारी राम, हेम चंद्र, प्रकाश चंद्र, दीप चंद्र, खष्टी देवी, कपिल पांडे, दीगर देव, कैलाश चंद्र, रमेश पांडे, ललित पांडे, गणेश नाथ, त्रिलोक नाथ नंद लाल आदि क्रमिक अनशन पर बैठे।

परेड से लौटने पर कैडेट को किया सम्मानित

कैडेट सपना को समानित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : 79 यूके बटालियन एनसीसी पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर इकाई की कैडेट सपना तड़ियाल को गणतंत्र दिवस परेड से लौटने पर कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक ने महाविद्यालय में सम्मानित किया।

सपना ने गणतंत्र दिवस कैंप में उत्तराखंड निदेशालय की आरडीसी टीम में प्रतिभाग किया। एएनओ लेफ्टिनेंट डीएन जोशी ने बताया कि सपना का चयन उत्तराखंड निदेशालय देहरादून द्वारा आयोजित प्रीआरडीसी शिविरों में सफलता प्राप्त करने के उपरान्त हुआ था। सपना ने गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए दिल्ली में ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया है। सपना की इस उपलब्धि पर प्राचार्य एमसी पांडे, कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक ने बधाई दी है।

कल से कलाकारों का जमावड़ा

- राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता होगी शुरू
- पौराणिक लोक गाथाओं के साथ लोक नृत्यों की रहेगी धूम

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के रंगमंच पर उत्तराखंड राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता बुधवार से शुरू होगी। चार दिन तक राम की नगरी में उत्तराखंड के लोक कलाकारों का जमावड़ा लगने जा रहा है।

बता दें कि यह प्रतियोगिता पहले 12 फरवरी से होनी थी लेकिन हल्द्वानी में हुए बवाल के बाद रामनगर में धारा 144 लग जाने की वजह से स्थगित कर दी गई गई थी। बुधवार से रामनगर के लोगों को अब चार दिन तक हुड़के की थाप के साथ अन्य वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि सुनाई देगी। समिति के अध्यक्ष गिरीश मठपाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तरकाशी, उरगम घाटी, कोटद्वार, देहरादून, नैनीताल, बागेश्वर, रामनगर, हल्द्वानी की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। 14 फरवरी को महिलाओं के लिए ऐपण व महाविद्यालय व अन्य विद्यालयों की लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

15 फरवरी को बाहर से आए रंग कर्मियों एवं स्थानीय कलाकारों का सांस्कृतिक जुलूस निकाला जाएगा। पहली बार इस सांस्कृतिक जुलूस में विभिन्न विद्यालयों के बच्चे भी शामिल होंगे। 15 व 16 फरवरी को लोकगाथाओं पर आधारित नाटक प्रतियोगिता एवं लोक नृत्यों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 15 फरवरी को ही पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। प्रबन्धक भूपेंद्र खाती ने बताया कि मुख्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली टीम को 41 हजार रुपये, दूसरे को 31 हजार व तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 21 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। जबकि सांस्कृतिक झांकी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने सांस्कृतिक दल को पांच, तीन और दो हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। क्षेत्रीय झांकी पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाली टीम के लिए क्रमशः पांच, तीन व दो हजार रुपया नगद पुरस्कार रखा गया है। इसी तरह ऐपण प्रतियोगिता में स्थान पर आने वाली टीम को दो हजार, दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को पन्द्रह सौ व तीसरे स्थान पर आने वाले दल को एक हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आने वाली टीम को सात, दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को पांच व तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को तीन हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

जंगल में मौजूद कूड़े के ढेर वनाग्नि के कारण

- विभाग ने कहा-जंगल में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : तमाम प्रयासों के बाद भी लोग कूड़े कचरे को सड़क से नीचे जंगल क्षेत्र में फेंकने से बाज नहीं आ रहे हैं। नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र से सटे जंगल में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। फायर सीजन के दौरान यही कूड़े के ढेर जंगल में आग लगने का कारण बन सकते हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद अब वन विभाग पेट्रोलिंग कर जंगल में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

वन विभाग की ओर से समय-समय पर जंगलों को बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। लोगों से जंगलों में कूड़ा न फेंकने की भी अपील की जाती है। इसके बाद भी लोग नालों व जंगलों में प्लास्टिक व कूड़ा फेंक रहे हैं। इससे जंगल प्रदूषित हो रहा है। साथ ही कूड़े में मौजूद प्लास्टिक जंगली जानवरों की सेहत के लिए भी खतरनाक है। गर्मी के फायर सीजन के दौरान कूड़े व प्लास्टिक में आग लगने का खतरा बना हुआ है। ऐसे लोगों के खिलाफ अभी तक वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर सका है। इसके चलते ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हैं। जंगलों में खुलेआम कूड़ा फैंकने का मामला संज्ञान में आने के बाद विभागीय अधिकारियों ने पेट्रोलिंग शुरू कर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। मुख्य वन संरक्षक टीआर बीजूलाल का कहना है कि जंगल क्षेत्र में कूड़ा फेंकना प्रतिबंधित है।

पंत पार्क के साथ ही अब माल रोड पर लगीं अवैध दुकानें

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : अपर माल रोड किनारे लगने वाली अवैध दुकानों को जिला प्रशासन व पालिका नहीं हटा पाई। इसके चलते आज माल रोड पर 50 से ज्यादा लोग अवैध दुकान लगाकर कारोबार कर रहे हैं। साथ ही माल रोड की सुंदरता पर फडों का दाग लग रहा है।

बता दें कि बीते कुछ महीनों पहले जिला प्रशासन व नगर पालिका की ओर से अभियान चलाकर माल रोड से अवैध फड़ कारोबारियों को हटाने की कवायद की जा रही थी। इसके चलते पालिका की ओर से रोजाना दर्जनों चालान भी किए गए थे। लेकिन जिला प्रशासन व पालिका की अनदेखी के चलते एक बार फिर माल रोड अवैध फड़ कारोबारियों का अड्डा बन गया है। रोजाना 40 से 50 लोग माल रोड पर अवैध दुकानें सजाकर अपना कारोबार धड़ल्ले से कर रहे हैं। इनमें से कुछ लोग बाहरी राज्यों से आकर बिना अनुमति के कारोबार कर रहे हैं। इसके चलते माल रोड की सुंदरता में दाग लग रहा है। प्रशासन की निष्क्रियता के चलते माल रोड पर भुट्टा, गोल गप्पे, चाय काफी व अन्य सामग्री बेचने वालों की चांदी हो रही है।

माल रोड पर चाय बेचता एक दुकानदार। ● अमृत विचार

इधर मामले में एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि जल्द ही एक टीम बनाकर अभियान चलाया जाएगा। अवैध दुकान लगाने वाले कारोबारियों माल रोड से हटाया जाएगा।

नैनादेवी जलकुंड से रिचार्ज हो रहे गांवों के जलस्रोत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल से लगभग 12 किलोमीटर दूर किलबरी क्षेत्र में नैना देवी बर्ड कंजर्वेशन रिजर्व में वन विभाग की ओर से बनाया गया नैना देवी जलकुंड पर्यटकों व पक्षियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जलकुंड 12 महीने लबालब भरने से ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्रोत रिचार्ज होने लगे हैं।

साथ ही गर्मी व सर्दी में जंगली जानवरों को भी इस जलाशय का भरपूर लाभ मिल रहा है। यहां पर्यटन गतिविधियां बढ़ने से वन विभाग के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। विभाग की ओर से जलकुंड में ट्राउट मछलियां भी डाली गई हैं जो फल फूल रही हैं। बता दें कि नैनीताल से लगभग 12 किमी की दूरी पर किलबरी के नैना देवी कंजर्वेशन रिजर्व में वन विभाग की ओर से भूमि व जल संरक्षण के लिए जलकुंड का निर्माण किया गया था। जलकुंड की लंबाई 150 मीटर, चौड़ाई 20 मीटर व गहराई डेढ़ से ढाई मीटर बनाई गई थी। अब जलकुंड साल भर लबालब भरा रहता है।

किलबरी में स्थित नैना देवी जलकुंड। ● अमृत विचार

> नैना देवी जलकुंड में साल भर पानी होने से अनेक प्रजाति के पक्षी यहां पहुंच रहे हैं। जिनको कैमरों में कैद करने के लिए देश विदेश के बर्ड वाचर यहां बर्ड वॉचिंग के लिए पहुंचते हैं। इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बढ़ने के साथ ग्रामीणों को रोजगार भी प्राप्त हो रहा है। जलकुंड में डाली गई ट्राउट मछलियां भी यहां फल फूल रही हैं।
>
> **–टीआर बीजू लाल, मुख्य वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत**

इसके चलते जलकुंड के निचले क्षेत्र में जलस्रोत भी रिचार्ज हुए हैं। जल स्रोत रिचार्ज होने से उक्त नाले से पंगोट, घुघु खान, पाली, बगड़, बुद लाकोट, जाख, कफुल्टा गांवों को गर्मी में लाभ मिल रहा है। गर्मियों में वन्य जीव जलकुंड से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। यही नहीं जल कुंड बनने व सौंदर्यीकरण होने के बाद यह क्षेत्र पर्यटकों व पक्षियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रतिवर्ष 10 हजार से ज्यादा पर्यटकों के साथ ही सैकड़ों पशु पक्षी भी यहां पहुंचते हैं। छोटे से भू क्षेत्र में परिंदों की सैकड़ों प्रजातियां पाए जाने के कारण इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए क्षेत्र को संरक्षण आरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया था। नैना देवी बर्ड कंजर्वेशन रिजर्व नैना व कोसी रेंज को मिलाकर बना हुआ है। पर्यटकों के लिए 50 रुपये प्रवेश शुल्क रखा गया है। इससे विभाग के राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है।

पारे में उछाल से दिन में निकल रही चटक धूप

हल्द्वानी, अमृत विचार : तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी की वजह से दिन के समय हल्की गर्मी का अहसास हो रहा है लेकिन रात के समय तापमान में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 25 .2 डिग्री रहा। दोपहर के समय विगत दिनों की अपेक्षा तेज धूप निकल रही है, हालांकि शाम होने के साथ ही सर्द हवायें चलने लगीं और तापमान में तेजी के साथ गिरावट आने लगी। न्यूनतम तापमान 5 .6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और भी बढ़ोत्तरी हो सकती है।

भीमताल में लगा लंबा जाम

भीमताल : तल्लीताल में अस्पताल के समीप एवं हल्द्वानी भीमताल मार्ग पर लंबा जाम लगा रहा। मालूम हो कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस क्षेत्र में टाइल्स बिछाने का कार्य तीव्र गति से जारी है। ऐसे में सवेरे से लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार के आदमी कार्य करने में जुट जा रहे हैं। इस कार्य के चलते सड़क पर सुबह आठ बजे से शाम तक रुक-रुक कर जाम लगता रहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा हल्द्वानी भीमताल मार्ग पर जगह-जगह स्टील के पैराफिट लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। इसके चलते भी इस मार्ग पर जाम लग रहा है।

'भारत रंग महोत्सव' की तैयारियां अंतिम चरण में

रामनगर। 15 फरवरी से शुरू होने जा रहे भारत रंग महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में है। बताते चले कि भारत के प्रख्यात रंग मंच संस्थान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार 25 में 'भारत रंग महोत्सव' का आयोजन देश भर में 15 शहरों में कर रहा है। इसी कड़ी में 15 से 21 फरवरी तक इस महोत्सव का आयोजन रामनगर में होने जा रहा है। रामनगर के गैस गोदाम रोड स्तिथ नारायण दत्त तिवारी सभागार में आयोजित होने वाले इस समारोह के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा शाइनिंग स्टार स्कूल को सह आयोजक चुना है।

शाइनिंग स्टार स्कूल के प्रबंधक डीएस नेगी ने बताया कि देश के जाने माने अभिनेता संजय मिश्रा 15 फरवरी को इस कार्यक्रम का उदघाटन करेंगे।

वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण का आरोप

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : तराई पश्चिमी वन प्रभाग के तहत पीपलसाना क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया है। लोगों ने वन क्षेत्राधिकारी से वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है।

बताया कि आरोपियों द्वारा पीपलसाना में अतिक्रमण कर सैकड़ों हरे-भरे पेड़ काटे दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि विभाग कार्रवाई नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान लेखराज गौतम, सुमित लोहनी, दीपक रावत, प्रकाश चन्द्र, महेंद्र सिंह रावत, आशुतोष रावत आदि मौजूद रहे। उधर, प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश आर्य ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी को जांच के आदेश दे दिए हैं।

रामनगर में वन क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

पहल | जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल संस्थान बोरिंग का कार्य प्रारंभ किया

पेयजल समस्या से मिलेगी निजात

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : नैनीताल विधानसभा और भीमताल नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड संख्या नौ में महरागांव क्षेत्र में निवास करने वाले साढ़े तीन हजार लोगों की पेयजल समस्या का निदान होगा। जल संस्थान ने महरागांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बोरिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया है। अभी बोरिंग में आशा के सापेक्ष पानी नहीं मिला है पर बोरिंग को अभी काफी नीचे और होना है।

विभाग पेयजल समस्या का निदान हो इसके लिए वर्तमान में दस इंच का बोर कर रहा है। वहीं वर्तमान में इस बोर से 100 से 150 लीटर पर मिनट का पानी भी उपलब्ध हो रहा है। विभाग की मानें तो बोर से पूरे महरागांव की पेयजल समस्या का निदान होगा।

> महरागांव में पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए कई बार बोर्ड की बैठक में समस्या को रखा था। अब चूंकि विभाग ने कार्य प्रारंभ कर दिया है तो महरागांव की प्रमुख समस्या का समाधान होगा।
>
> **–नीरज रैकुनी, निवर्तमान सभासद**

> स्थानीय जनता की काफी पुरानी पानी की मांग पूरी हो रही है। अपने कार्यकाल में मैंने इस योजना के लिए कई बार पत्राचार किया। भूमि के प्रस्ताव भी भेजे। नगर पंचायत की एक महत्वपूर्ण समस्या का निदान होगा।
>
> **–देवेन्द्र चनौतिया, निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष**

> विभाग को इस बोरिंग से खासा पानी मिलने की उम्मीद है। अभी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बाकी कार्य भी होने हैं। पर स्थानीय जनता की समस्या का शीघ्र समाधान होगा। **–आरपी डोबाल, सहायक अभियंता जल संस्थान**

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्ब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

एक नजर

हिंसा में घायल दो की हालत गंभीर, एक स्थिर

हल्द्वानी : बनभूलपुरा में हुई हिंसा में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों का एसटीएच में इलाज चल रहा है। इनमें दो की हालत गंभीर और एक की हालत स्थिर बताई जा रही है। बीते गुरुवार को हिंसा के बाद बनभूलपुरा निवासी अलबसर (17 वर्ष), इसरार (50 वर्ष) और शहनवाज (30 वर्ष) को इलाज के लिए अस्पताल लाया था। तीनों की हालत गंभीर थी। हिंसा में अलबसर के पेट में बुरी तरीके से चोट लगने से पेट की आंत फट गई है। जबकि इसरार के सिर में गोली लगी थी जो आर-पार हो गई है। दोनों की हालत गंभीर है। शहनवाज की छाती पर चोट लगी थी, वह ठीक है। तीनों को आईसीयू में भर्ती किया गया है। जहां चिकित्सक पल-पल उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं।

बनभूलपुरा बवाल में रोज बढ़ती जा रही दंगाइयों को हिरासत में लेने की कार्रवाई, थानों में जगह नहीं

दंगाइयों की हवालात बना कुंवरपुर इंटर कॉलेज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ज्यों-ज्यों पुलिस का सर्च ऑपरेशन आगे बढ़ रहा है, बनभूलपुरा उपद्रव में शामिल दंगाईयों की गिरफ्तारी की तादाद बढ़ती जा रही है। ऐसे में पुलिस के सामने भी यह समस्या आ रही है कि न्यायालय में पेश किए जाने तक इन्हें कहां रखा जाए। इसलिए दंगाइयों को हिरासत में रखने के लिए गौलापार के कुंवरपुर में स्थित इंटर कॉलेज का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्कूल के हवालात के रूप में तब्दील हो जाने के कारण स्कूल में पढ़ाई ठप हो गई है। इस वजह से स्थानीय लोगों में बच्चों की पढ़ाई की चिंता हो रही है।

बनभूलपुरा में उपद्रव शांत होने के साथ ही पुलिस ने उपद्रवियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी। उपद्रवियों की संख्या काफी ज्यादा है। इतनी बड़ी तादाद में हिरासतियों को रखने का स्थान शहर के तीनों थानों में उपलब्ध नहीं है। लिहाजा इसके लिए गौलापार के कुंवरपुर स्थित इंटर कॉलेज को चुना गया। अभी तक 150 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। साथ ही हिरासत में लिए जाने वालों की संख्या और भी बढ़ने का अनुमान है।

जिले के बार्डर पर बढ़ाई सख्ती

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस ने बनभूलपुरा में घर-घर के अंदर जाकर सर्च ऑपरेशन चलाया है। उपद्रवियों को पहचानने के लिए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे की फुटेज का इस्तेमाल किया जा रहा है। उपद्रवियों को लगातार चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही मुखबिर तंत्र को काफी सक्रिय कर दिया गया है, जिससे दंगाइयों की लिस्ट को पूरा किया जा सके और जल्द ही सभी की धरपकड़ की जाए। इधर पुलिस की बढ़ रही सख्ती को देखते हुए कई लोग चोरी-छुपे हल्द्वानी छोड़कर भाग भी रहे हैं। इनमें उपद्रवियों के भी शामिल होने का अनुमान जताया जा रहा है। दंगा होने के बाद से ही कई लोगों ने बनभूलपुरा छोड़ना भी शुरू कर दिया था। माना जा रहा है कि उपद्रव करने के बाद कई दंगाई भाग भी गए हैं। इस वजह से जिले के बॉर्डर पर अब सख्ती बढ़ा दी गई है। पुलिस आने और जाने वालों से पूछताछ कर रही है। साथ ही संदिग्ध लोगों की जांच भी की जा रही है।

ऐसे में कुंवरपुर के राजकीय इंटर कॉलेज में पढ़ाई व्यवस्था बंद हो गई है। बच्चों को घर पर ही रहने के लिए कह दिया गया है। स्थानीय लोगों को चिंता है कि अगर स्कूल लंबे समय तक बंद रहा तो बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ेगा। जल्द ही बोर्ड की परीक्षा भी होने वाली है।

स्थानीय निवासी नीरज रैक्वाल ने कहा कि उपद्रवियों को रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को अन्य किसी जगह का इंतजाम करना चाहिए। इस तरह बच्चों का शिक्षण प्रभावित होता है।

कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र बनभूलपुरा में रसोई गैस लेते लोग। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा में बांटा गया राशन, दूध व रसोई गैस

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रशासन ने कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र बनभूलपुरा में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रखी है। डीएम वंदना सिंह के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी की निगरानी में वस्तुएं वितरित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को बनभूलपुरा में लगभग 10 हजार लीटर दूध, 2 गाड़ी अंडे और ब्रेड, 6 गाड़ी राशन, 6 ट्रक सब्जी और 400 400 सिलेंडर की आपूर्ति की गई। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनभूलपुरा में ओपीडी के अंतर्गत 65 मरीजों की जांच हुई।

अब्दुल मलिक पर 26 साल पूर्व भी लगी थी रासुका

वर्ष 1998 में बरेली के भोजीपुरा थाने में विभिन्न संबंधित धाराओं समेत रासुका में दर्ज हुई थी एफआईआर

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलुपरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक का आपराधिक इतिहास काफी लंबा-चौड़ा है। राजद्रोह, हत्या, बलवा, हत्या का प्रयास और कानून की धज्जियां उड़ाना आदि अपराधों की कई धाराओं में वह पहले भी नामजद रह चुका है। उस पर लगभग 26 वर्ष पूर्व पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) में भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

शहर के पुराने जानकारों के अनुसार, सपा नेता अब्दुल मतीन सिद्दीकी का छोटा भाई अब्दुल रऊफ राजनीति में उभर रहा था। जुझारू और मिलनसार रऊफ ने कम समय में ही शहर की राजनीति में अपनी अलग पहचान बना ली थी। उसकी लोकप्रियता को देखते हुए समाजवादी युवजन सभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। इस वजह से वह राजनीति में कइयों, खासकर बनभूलपुरा के कुछ मुस्लिमों नेताओं की आंखों की किरकिरी बन गया था। 19 मार्च 1998 को रऊफ सिद्दीकी अपने साथी चन्द्रमोहन सिंह और त्रिलोक बनौली के साथ कार से लखनऊ जा रहा था। बरेली के समीप भोजीपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक वाहन से उसकी कार को टक्कर मारी गई। जैसे ही कार पलटी वैसे ही भाड़े के शूटर्स ने रुऊफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में रऊफ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों साथी घायल हो गए थे।

अब्दुल मलिक का आपराधिक इतिहास

1. वर्ष 1983 में आईपीसी की धारा 147, 148, 307, 323 में केस दर्ज
2. वर्ष 1986 में आईपीसी की धारा 452, 427, 323, 504, 506 में केस दर्ज
3. वर्ष 1991 में आईपीसी की धारा 323, 504 में केस दर्ज
4. वर्ष 1998 में आईपीसी की धारा 307 में केस दर्ज
5. वर्ष 1998 में बरेली के भोजीपुरा थाने में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 302, 307, 427 में केस दर्ज

मलिक की गिरफ्तारी पर हुई थी पत्थरबाजी, आगजनी

रऊफ की हत्या के समय नैनीताल के एसएसपी नासिर कमाल थे। रऊफ की हत्या के बाद ईद की नमाज अता करने ईदगाह गए एसएसपी का अब्दुल मलिक से आमना-सामना हुआ। एसएसपी को हत्यारोपी का खुलेआम घूमना नागवार गुजरा। उन्होंने मलिक को गिरफ्तार करने का जिम्मा तत्कालीन बनभूलपुरा चौकी इंचार्ज योगेश दीक्षित को सौंपा। पुलिस एक पुराने मामले में गिरफ्तारी वारंट लेकर अगले ही दिन मलिक के लाइन नंबर 8 स्थित घर पहुंच गई। मलिक को सीबीसीआईडी जांच के चलते गिरफ्तारी का खतरा नहीं था। जब इंचार्ज ने गिरफ्तारी वारंट दिखाया तो वह दंग रह गया। जब पुलिस मलिक को जिप्सी में लेकर घर से निकली तो उसके हिमायती सड़क पर आ गए। हालिया बनभूलपुरा उपद्रव की तरह कुछ ही देर में विरोध प्रदर्शन, पत्थरबाजी व आगजनी में बदल गया। बनभूलपुरा में घंटों बवाल हुआ। बाहर जाने वाले रास्तों पर ठेले, बैरियर, वाहन खड़ा कर दिए गए, लेकिन पुलिस फिर भी मलिक को गिरफ्तार कर ले गई। उस बलवे में एसपी सिटी पुष्कर सिंह सैलाल समेत कई पुलिस कर्मी घायल हुए थे।

जब गवर्नर के साथ हेलीकॉप्टर में उड़कर लखनऊ पहुंचा था मलिक

अब्दुल मलिक की राज्य ही नहीं, केंद्र की सत्ता में दखल बताई जाती है। जब सूरजभान उत्तर प्रदेश के राज्यपाल बन पहली बार लखनऊ पहुंचे तो मलिक भी उनके साथ हेलीकॉप्टर में सवार था। अमौसी हवाई अड्डे पर तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया था। मलिक की राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ फोटो अखबारों में प्रकाशित हुई थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था। शासन ने तुरंत ही सीबीसीआईडी जांच करने का आदेश निरस्त कर दिया था।

रऊफ हत्याकांड की भोजीपुरा थाने में अब्दुल मलिक समेत सात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। इनमें हत्या, रासकुा समेत कई संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई थी। **गिरफ्तारी से बचने को मलिक ने अपने रसूख से सीबीसीआईडी ट्रांसफर करा दी थी जांच :** रऊफ की हत्या के बाद पुलिस ने अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। अब्दुल मलिक ने सत्ता में अपनी ऊंची दखल से इस प्रकरण की जांच पुलिस से सीबीसीआईडी को ट्रांसफर करा दी थी। सीबीसीआईडी जांच के आदेश के बाद अब्दुल मलिक समेत सभी भूमिगत आरोपी हल्द्वानी आ गए थे।

मास्टर माइंड को 2.44 करोड़ वसूली का नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बनभूलपुरा में अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल ढहाए जाने के दौरान भड़की हिंसा के चलते नगर निगम के कर्मचारियों को दंगाइयों ने घायल कर दिया था तो वहीं नगर निगम के करोड़ों रुपये के वाहन और उपकरण फूंक दिए गए थे। अब नगर निगम ने दंगे के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को नष्ट किए गए वाहनों और उपकरणों की सूची के साथ करीब ढाई करोड़ का वसूली नोटिस भेजा है।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा में अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल ढहाने के लिए नगर निगम भारी संख्या में वाहनों को लेकर गया था। बवाल होने के साथ ही नगर निगम को वाहनों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया गया। वाहनों को जलाया गया। नगर निगम के अपने 12 वाहन पूर्ण रूप से और एक वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें ट्रॉली, ट्रैक्टर, टिप्पर, बोलेरो शामिल हैं। इनकी कीमत 1.67 करोड़ रुपये बतायी है। साथ ही किराये पर लिये गये दो बैकहो लोडर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिये गय। इनकी कीमत 74 लाख है। दंगे के दौरान उपद्रवियों ने साढ़े तीन लाख के उपकरण भी नष्ट कर दिये। नगर निगम ने सभी वाहन और सामान का आकलन करके अब्दुल मलिक को 2.44 करोड़ की भरपाई करने का आदेश दिया है। जिसकी तिथि 15 फरवरी तय की है। नोटिस के अनुसार दंगे के दौरान नगर निगम के कुल 15 वाहनों को दंगाईयों ने नष्ट कर दिया था।

सख्ती

- नगर निगम ने नष्ट किए वाहनों के विवरण के साथ भेजा नोटिस
- 15 फरवरी तक धनराशि जमा करने के आदेश

अब्दुल मलिक को नष्ट किए गए वाहन और उपकरण की सूची उनकी कीमत के साथ भेज दी है। आरोपी को 15 फरवरी तक नगर निगम में 2.44 करोड़ रुपये भरने हैं। **-पंकज उपाध्याय**, नगर आयुक्त, हल्द्वानी

मलिक की गिरफ्तारी को ऑपरेशन तेज

हल्द्वानी, अमृत विचार: बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। मलिक के गिरफ्तार होने की कई बार अफवाहें भी उड़ती रहीं लेकिन एसएसपी ने अफवाहों पर विराम लगा दिया था।

बनभूलपुरा दंगा प्रकरण में अब्दुल मलिक की कब्जाई जमीन पर ही नगर निगम अवैध कब्जा हटाने गया था। वह शुरू से ही कार्रवाई का विरोध कर रहा था। जमीन पर उसका कई दशकों से अवैध कब्जा था। वह आसपास की सरकारी जमीन को अवैध तरीके से बेचकर करोड़ों रुपये कमा चुका था। पहले अफवाह उड़ी कि मलिक को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार को एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने अफवाहों पर विराम लगा दिया था। वारदात में अभी तक 30 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। अब पुलिस मास्टर माइंड मलिक को गिरफ्तार करके दंगे की साजिश का पूरा खुलासा करने का प्रयास करना चाहती है। इसलिए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा में कई जगहें दबिशें दी जा रही हैं।

नैनीताल रोड स्थित क्वीन्स स्कूल में स्कूल से घर जाने के लिए लाइन में खड़े बच्चे।

तीन दिन बंद रहने के बाद सोमवार को खुले स्कूल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कर्फ्यू की वजह से शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया था। अब ज्यादातर हिस्सों में हालात सामान्य होने के बाद स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र खोल दिए गए हैं।

गुरुवार को बनभूलपुरा बवाल के तुरंत बाद ही डीएम ने हल्द्वानी में कर्फ्यू लगा दिया था, जिस वजह से शिक्षण संस्थान बंद करवा दिए गए थे। शनिवार को भी आदेश लागू रहा। रविवार को साप्ताहिक अवकाश था। रविवार देर सायं डीएम ने आदेश जारी कर कहा कि बनभूलपुरा थाना क्षेत्र को छोड़कर बाकी सब जगहों में कर्फ्यू हटा दिया है। सोमवार को सभी क्षेत्रों में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र खोल दिए हैं। तीन दिनों की छुट्टी के बाद स्कूल खुलने से बच्चे भी प्रसन्न दिखे।

बनभूलपुरा क्षेत्र के बच्चों ने नहीं दी प्रयोगत्माक परीक्षा : सोमवार को महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा के भौतिकी की प्रयोगात्मक परीक्षा थी। इसमें 49 में केवल 33 ही बच्चे शामिल हुए। बनभूलपुरा में रहने वाले बच्चे परीक्षा देने नहीं आए। वहां कर्फ्यू की वजह से परीक्षा देने नहीं आ पाए। कुछ बच्चे ऐसे भी थे जो बिगड़े माहौल के डर से नहीं आए। सीईओ जगमोहन सोनी ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। इस मामले में कार्यवाही ब्लॉक स्तर से होगी।

यूओयू में हुईं परीक्षाएं

हल्द्वानी : शहर में हुए बवाल की वजह से उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाओं पर संकट आ गया था। सोमवार को हालात सामान्य होने पर परीक्षाएं आयोजित की गयीं। एलबीएस हल्दूचौड़, एमबीपीजी हल्द्वानी और राजकीय डिग्री कॉलेज रामनगर में यूओयू की परीक्षाएं हुईं। 9 फरवरी और 10 फरवरी को रद्द हुए पेपर के संबंध में नई तिथि की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से अलग से जारी की जाएगी।

मेडिकल कॉलेज और एसटीएच में इंटरनेट सेवा ठप

हल्द्वानी, अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी और डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में सोमवार को इंटरनेट सेवा ठप रही जिसके चलते कामकाज प्रभावित रहा। सुबह से ही इंटरनेट की गति धीमी रही। दोपहर करीब 12 बजे अचानक पूरी तरह इंटरनेट ठप हो गया। इस कारण अस्पताल में दूसरी पाली में ड्यूटी के लिए आया स्टाफ अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया इंटरनेट की सुविधा सुचारू न रहने के कारण काफी परेशानी हुई।

उपचार छोड़ उपद्रवियों को देखने लगे मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आठ फरवरी को बनभूलपुरा में दंगे करने वाले आरोपियों को मेडिकल के लिए बेस अस्पताल लाया गया। अस्पताल में दंगाइयों के पहुंचने के साथ ही उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई।

इससे पहले 10 फरवरी को पांच दंगाइयों को गिरफ्तार किया गया था। उस दिन शहर में कर्फ्यू होने की वजह से बेस अस्पताल में भी कम भीड़ थी। हालांकि सोमवार को शहर के बड़े हिस्से में कर्फ्यू नहीं था। इस वजह से बेस अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों की भीड़ थी। जैसे ही पूर्वान्ह में दंगाइयों को मेडिकल के लिए लाने का काम शुरू हुआ, उन्हें देखने के लिए मरीजों और तीमारदारों की भीड़ जुट गई। यहां तक कि अस्पताल के स्टाफ में से भी कुछ लोग दंगाइयों को देखने पहुंच गए। दंगाइयों की संख्या ज्यादा होने की वजह से इमरजेंसी वार्ड में छोटे-छोटे समूह बनाकर उन्हें मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा था। वहां मौजूद हर कोई देखना चाहता था कि आखिर शहर को जलाने वाले और हल्द्वानी के दामन पर दंगे का दाग लगाने वाले कौन लोग हैं?

बनभूलपुरा दंगे के आरोपियों को मेडिकल कराने के लिए भारी पुलिस फोर्स के साथ बेस अस्पताल लाया गया। ● अमृत विचार

आरोपियों को वाहन में लाए

दंगे के पांच आरोपियों को पिछली बार कोतवाली से बेस अस्पताल तक पैदल लेकर आए थे। साथ ही मेडिकल कराने के बाद भी उन्हें पैदल ही लेकर गए थे। इस बार उन्हें पुलिस के वाहन में ले जाया गया। साथ ही जजी कोर्ट में भी जज के सामने दंगाइयों को पेश किया गया है। वहां भी वकीलों के साथ अन्य लोगों की भीड़ लग गई।

डीएम ने धर्मगुरुओं से शांति बहाली में सहयोग मांगा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: दंगे से उबर रहे हल्द्वानी में शांति व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए डीएम वंदना ने आमजन के अलावा धर्म गुरुओं, जनप्रतिनिधियों व जनमानस के साथ बैठक की। उन्होंने अपील की कि शांति व्यवस्था बनाए रखें।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि आपराधिक प्रवृति के लोगों की सूचनाएं दें, जिससे ऐसे लोगों को सजा दिलवाई जा सके। इसके लिए जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करें। कहा कि हल्द्वानी शहर में सभी धर्मों के लोगों को सौहार्द माहौल बनाना है। कहा कि हल्द्वानी शहर की जनता हमारा परिवार है इसकी सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। कहा कि बनभूलपुरा में लोगों को मानवीय सहायता समय-समय पर दी जा रही है। बनभूलपुरा शहर में मोबाइल नेटवर्क कॉल चल रही है केवल इंटरनेट सेवा बंद है। कहा कि बनभूलपुरा में सौहार्द पूर्ण माहौल होते ही सभी सुविधायें सुचारू कर दी जाएंगी। कहा बनभूलपुरा क्षेत्र के लोगों के लिए आवश्यक सामग्री समय-समय पर दी जा रही है। कहा कि कुछ लोगों ने गलत किया है उन्हें सजा दिलाने में सहयोग करें। कहा निर्दोष व्यक्तियों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। बैठक में एसएसपी पीएन मीणा, एडीएम शिव चरण द्विवेदी, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट एबी बाजपेयी, ऋचा सिंह, एसडीएम पारितोष वर्मा, रेखा कोहली, एएसपी हरबंस सिंह, थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी थे।

दंगे का दंश | बनभूलपुरा बलवे की वजह से लोगों में डर का माहौल, स्थिति सामान्य होने के बाद भी बाजार आने से परहेज कर रहे हैं लोग

कर्फ्यू हटने के बाद बाजार तो खुल गया, लेकिन नहीं पहुंचे ग्राहक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कर्फ्यू हटने के बाद सोमवार को शहर के प्रमुख बाजार में दुकानें तो खुली, लेकिन दिनभर सन्नाटा रहा। ग्राहक बाजार में बहुत कम पहुंचे। जिससे दुकानदारों के चेहरों पर मायूसी की झलक देखने को मिली।

बनभूलपुरा में बीते गुरुवार को हुई हिंसा के बाद जिला प्रशासन ने हल्द्वानी शहर में कर्फ्यू लगा दिया था। जिसके चलते बाजार में तीन दिन से दुकानें बंद थी। कर्फ्यू के कारण छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। हिंसा ग्रस्त क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में होने पर रविवार को डीएम की ओर से बाजार क्षेत्र से कर्फ्यू हटाने के आदेश जारी किए गए थे। जिसके बाद सोमवार को बाजार में अधिकांश दुकानें खुली रही, लेकिन ग्राहकों की संख्या बेहद कम रही। दिनभर बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदार देर शाम तक ग्राहकों के आने का इंतजार करते रहे। इधर, कर्फ्यू के चलते रेलवे बाजार, केमू स्टेशन, रोडवेज स्टेशन और वर्कशॉप लाइन में सभी दुकानें बंद रहीं।

मंगल पड़ाव स्थित सब्जी मंडी में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

60 प्रतिशत दुकानें खुलीं, 40 प्रतिशत बंद : कर्फ्यू हटने के बाद सोमवार को बाजार में करीब 60 प्रतिशत दुकानें ही खुली रहीं। जबकि 40 प्रतिशत दुकानों के शटर डाउन रहे। इन दुकानों के व्यापारी बनभूलपुरा में रहते हैं जो कर्फ्यू के कारण घर से बाहर नहीं निकल पाये। इसके चलते मटरगली, पटेल चौक, कारखाना बाजार, बर्तन बाजार, साहूकारा लाईन, मीरा मार्ग, सदर बाजार में करीब 50 से 60 दुकानों में ताला लटका रहा। इधर, प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने मामले में सिटी मजिस्ट्रेट से बाजार क्षेत्र के मुस्लिम व्यवसायियों को दुकान खोलने की इजाजत देने की मांग की है। मांग करने वालों में जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल शामिल हैं।

आठ बजे पहुंचे व्यापारी, 10 बजे खुला बाजार

सोमवार को बाजार क्षेत्र में दुकान खोलने को लेकर असमंजस की स्थिति रही। सुबह करीब आठ बजे जैसे ही व्यापारी दुकान खोलने पहुंचे तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक दिया और दुकान बंद करा दी। व्यापारियों ने डीएम के आदेश का हवाला दिया, लेकिन पुलिस कर्मी नहीं माने। इसको लेकर व्यापारियों और पुलिस कर्मियों के बीच बहस भी हुई। बाद में व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया तो पता चला कि उनके पास लिखित आदेश नहीं आया है। करीब दस बजे पुलिस प्रशासन के पास आदेश आने के बाद बाजार में दुकानें खुल पाई।

सुबह आठ बजे कुछ व्यापारी दुकान खोलने पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने बंद करा दी। जबकि डीएम ने रविवार रात ही शहर से कर्फ्यू हटाने के आदेश दे दिए थे। अधिकारियों से संपर्क करने के दो घंटे इंतजार के बाद लिखित आदेश मिला, जिसके बाद दुकानें खुलीं।
-अमरजीत सिंह चड्ढा, प्रदेश अध्यक्ष, देवभूमि व्यापार मंडल

तीन दिन बाद प्रशासनिक आदेश के बाद बाजार सामान्य रूप से खुला। बाजार कर्फ्यू ग्रस्त होने के कारण कारोबार प्रभावित हो गया था। दुकान खोलकर ग्राहकों के इंतजार में रहे। उम्मीद के साथ जल्दी ही बाजार पूर्व की भांति पटरी पर आ जाएगा।
- दलजीत सिंह दल्ली, प्रदेश उपाध्यक्ष, देवभूमि व्यापार मंडल

सार-संक्षेप

एसडीएम को ज्ञापन देते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से कराई जाए बनभूलपुरा दंगे की जांच

रामनगर : विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा की न्यायिक जांच की मांग को लेकर मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट को उपजिलाधिकारी के माध्यम से भेजा ज्ञापन है। लोगों ने कहा है कि घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने अनुरोध किया है कि मुख्य न्यायाधीश इस प्रकरण का स्वत: संज्ञान ले। इस दौरान उपपा के प्रभात ध्यानी, पीसी जोशी, रोहित रुहेला, भारत नंदन पांडे, तुलसी छिम्वाल, ललित उप्रेती आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार लोगों की सुरक्षा में नाकाम: जोशी

भुवन चंद्र जोशी

हल्द्वानी : उत्तराखंड क्रांति दल के कुमाऊं प्रभारी भुवन चंद्र जोशी ने कहा कि हल्द्वानी में जिस तरह की घटना हुई, वह पूरी तरह से प्रशासन की विफलता है। उत्तराखंड में बाहरी व्यक्ति आकर रह रहे हैं। उनका सत्यापन होना चाहिए, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार उत्तराखंड के लोगों की सुरक्षा में नाकाम है। जिससे लगातार अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। कानून व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जो भी व्यक्ति बाहर से आकर यहां रह रहा है उसका सत्यापन होना चाहिए। साथ ही उत्तराखंड में हिमाचल की तर्ज पर भू कानून लागू होना चाहिए।

विधायक कैड़ा ने जनता को बताईं सरकार की योजनाएं

सरकारी योजनाओं की जानकारी देते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार को नौकुचियाताल के नौल, बिजरौली गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विधायक कैड़ा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने गरीबों के हित में सैकड़ों योजनाएं चलाई है। बीपीएल कार्ड धारक गरीबों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। कृषि, स्वास्थ्य, महिला समूह, उद्यान सहित विभिन्न विभागों के माध्यम से कई जन कल्याणकारी योजनाएं गरीब जनता को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी व प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ग के हित में कार्य कर भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्य, योगेश तिवारी, बिशन पोखरिया, दिनेश सांगुड़ी, गिरीश चंद्र, भुवन चंद्र ब्रजवासी, पूनम शर्मा, सुशील उप्रेती, प्रमानन्द दुम्का, पुष्कर महर आदि मौजूद रहे।

वसंत पंचमी पर गायत्री शक्तिपीठ पर होंगे जनेऊ संस्कार

लालकुआं : वसंत पंचमी पर गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ में 13 और 14 फरवरी को भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ जनेऊ एवं मुंडन संस्कार आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए अब तक शक्तिपीठ में 500 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कर दिया है। गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ के प्रभारी आचार्य बसंत पांडे ने बताया कि 13 फरवरी दोपहर 2 बजे से गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में दीपयज्ञ और सामूहिक जप प्रार्थना का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 14 फरवरी की प्रात: 9 बजे से यज्ञ एवं पर्व पूजन होगा। इसके अलावा जनेऊ, मुंडन और विद्यारंभ संस्कार अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अब तक 500 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।

अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रहरी होंगे पुरस्कृत

ग्राम प्रहरियों को दिशा निर्देश देते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

नैनीताल : तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने थाना परिसर में क्षेत्र के सभी 10 ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी बोहरा ने सभी ग्राम प्रहरियों को गांव में चल रहे जमीनी विवाद, गौकशी, मादक पदार्थों की तस्करी व क्षेत्र में हत्या, बलवा तथा आपसी रंजिश आदि की जानकारी पुलिस को देने को कहा। उन्होंने कहा कि जो ग्राम प्रहरी अच्छा कार्य करेगा उसको पुरस्कृत करने के लिए उच्च अधिकारियों को नाम भेजे जाएंगे। साथ ही सभी ग्राम प्रहरियों ने आई कार्ड बनवाने की मांग की। इस दौरान ग्राम प्रहरी गोपाल जोशी, सुमित जोशी, राजेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, संजय सिंह, पान सिंह जीना, भोपाल सिंह, महेंद्र प्रसाद, पनीराम आर्य आदि मौजूद रहे।

नव वर्ष लोसर पर तिब्बती समुदाय ने की विशेष प्रार्थना

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : तिब्बती समुदाय का नव वर्ष लोसर पर्व धूमधाम से मनाया। सुख निवास स्थित बौध मठ में नगर के साथ ही विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई वहीं उन्होंने अपने धर्मगुरु दलाई लामा की दीर्घायु के लिए मठ में विशेष पूजा अर्चना की।

दोपहर बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इससे पहले सोमवार को सुबह 9 बजे तय कार्यक्रम के मुताबिक तिब्बती समुदाय के साथ ही कई भोटिया समुदाय के लोग बौध मठ में एकत्र हुए। वहां पर पूजा अर्चना का कार्यक्रम होने के बाद मठ परिसर में पूर्व में लगे झंडे के उतारकर उसके स्थान पर नया झंडा फहराया गया। मठ परिसर में मुख्य पुजारी लोपसंग यापिल रिपोजी तथा सहयोगी तेनजिंग छोटंक ने पूजा अर्चना करवाने के बाद प्रसाद वितरण किया। समुदाय के लोगों ने पूरे तीन दिन तक अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को भी पूरी तरह से बंद रखा। अब तिब्बती लोग अपनी राशि के मुताबिक अपने पंचांग में शुभ दिन देखने के बाद ही प्रतिष्ठानों को खोलेंगे। लोसर पर्व के मुख्य आयोजक तथा तिब्बती संघर्ष संगठन के अध्यक्ष सिरिंग तोपगिल, महासचिव तेनजिंग गांधी, एकाउंटेंट तेनजिंग धोन तथा कैरियर वांडू समेत सभी तिब्बती समुदाय के लोगों लोसर पर्व के कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुटे रहे।

सुख निवास स्थित बौध मठ में लोसर पर्व मनाते तिब्बती समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

उपनल के कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

संवाददाता, हल्द्वानी

लामबंद

- स्वास्थ्य कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन को किया रद
- 80 फीसदी उपनल कर्मचारियों ने नहीं किया काम

अमृत विचार: उपनल कर्मचारियों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार किया। इससे कई विभागों में काम-काज प्रभावित रहा। हालांकि उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मानवता के आधार पर कार्य बहिष्कार में हिस्सा नहीं लिया।

उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ ने बनभूलपुरा में हुए बवाल को देखते हुये नैनीताल जिले में धरना-प्रदर्शन कर रद कर दिया था। सोमवार को उपनल के कर्मचारियों ने विभागीय कामों में हिस्सा नहीं लिया। इस वजह से बिजली, खाद्य, रेशम, डेयरी, राज्य कर, आईटीआई, वन विभाग समेत अन्य विभागों में काम करने वाले उपनल कर्मचारी कार्य से विरत रहे। हालांकि चल रहीं परीक्षाओं और शहर के हालात को देखते हुए जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इन विभागों के उपनल कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार नहीं किया। संगठन के प्रदेश सलाहकार मनोज जोशी ने बताया कि हमारी मुख्य मांगों में सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी वापस लेने, हाईकोर्ट के निर्णय को लागू करने, किसी भी कर्मचारी को सेवा से बाहर न करने, हटाये गये कर्मचारियों को बहाल करने और समान कार्य का समान वेतन दिये जाने की मांगें शामिल हैं।

रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग उठाई

संवाददाता, हल्द्वानी

सुमित गुप्ता।

अमृत विचार : आयकर एवं राज्य कर अधिवक्ताओं ने राज्य कर विभाग से जीएसटी का रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है।

आयकर अधिवक्ता सुमित गुप्ता ने कहा कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में दंगा हुआ था। इस वजह से 9 व 10 फरवरी को इंटरनेट सेवाएं ठप रही थीं। 11 फरवरी को इंटरनेट सेवाएं शुरू तो हुई हैं लेकिन बनभूलपुरा परिधि में अभी भी इंटरनेट सेवा ठप है। किसी-किसी क्षेत्र में अभी भी इंटरनेट चालू और बंद होता रहता है। इस वजह से जीएसटी रिटर्न जमा करने में भारी परेशानी हो रही है। वहीं ई-वे बिल व ई इनवॉयस नहीं बन पा रहे है। इससे व्यापारियों को खासी परेशानी हो रही है तो अधिवक्ताओं, सीए, पेशेवरों को रिटर्न भरने में परेशानी हो रही है। उन्होंने इसका हवाला देते हुए राज्य कर विभाग के उच्च अधिकारियों से जीएसटी का रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है।

दि मास्टर्स स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

दि मास्टर्स स्कूल में कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: दि मास्टर्स स्कूल पनियाली में सोमवार को कक्षा-12 के बच्चों के लिए ब्लेसिंग-डे सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसे छात्रों ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक चंदन रैकवाल, अकादमिक निदेशिका नेहा रैकवाल, प्रधानाचार्य रमेश मेहरा व उप प्रधानाचार्य मधुर ऐठानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

साथ ही, बच्चों ने अपने सीनियर्स को आगामी परीक्षा के लिए बधाई दी। इसी क्रम में अकादमिक निदेशक नेहा बिष्ट रैकवाल ने बच्चों को समय प्रबंधन करते हुए संपूर्ण प्रश्न पत्र हल करने की सलाह दी। मंच का संचालन बबीता आर्य, मानसी मौर्या व लक्षिता शर्मा ने किया।

क्रिकेट टूर्नामेंट में यंग बॉयज ने डीके स्पोर्ट्स को हराया

संवाददाता हल्द्वानी

अमृत विचार: कुमाऊं कप यू-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गए मुकाबले में यंग बॉयज ने डीके स्पोर्टस को हराया। 299 रनों के जवाब में डीके स्पोर्ट्स की टीम 232 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

कुमाऊं कप यू-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में सोमवार को यंग बॉयज ने डीके स्पोर्टस के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यंग बॉयज ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 299 रन बनाए। अपनी टीम के लिए गोविंद भंडारी ने 24 चौकों व 2 छक्के की मदद से 140 व उत्कर्ष तिवारी ने 10 चौकों व 1 छक्के की मदद से 61 रनों का योगदान दिया। डीके के लिए श्लोक पंत ने 5 व हार्दिक बिष्ट ने 1 विकेट लिया।

क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

इसके जवाब में उतरी डीके की पूरी टीम 43वें ओवर में 232 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह यह मैच यंग बॉयज ने जीत लिया।

डीके के खिलाड़ी पृथ्वी रावल ने ने अपनी टीम के लिए 18 चौकों व 1 छक्के की मदद से 87 व हार्दिक ने 3 चौकों की मदद से 29 रन बनाए। यंग बॉयज के लिए पियूष जोशी ने 3, अरशन खान व उत्कर्ष तिवारी ने 2-2 विकेट लिए।

गोविंद भंडारी को मैन ऑफ द मैच व श्लोक पंत फाइटर ऑफ रहे। मैच में अंपायर की भूमिका हिमांशु चतुर्वेदी, खुशाल बिष्ट व स्कोरर मनोज तिवारी ने निभाई। आज का मैच उत्तराखंड क्रिकेट एकेडमी व रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच खेला जाएगा।

साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड के प्रति किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक जनपदों में चलेगा 15 दिवसीय प्रभावी साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया संबंधी अपराध बाबत जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी सैयद गुफरान ने बताया कि हाईकोर्ट के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी के निर्देशानुसार सभी जिलों में 15 दिवसीय प्रभावी साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया संबंधी अपराध बाबत जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 दिवसीय प्रभावी साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया संबंधी अपराध बाबत जागरूकता अभियान 15 से 29 फरवरी तक प्रभावी रूप से प्रत्येक जनपदों में संचालित किया जाएगा। जनपद के विद्यालयों एवं कॉलेजों में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, आमजन के लिए जनपद के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों में जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर लगाए जाएंगे। स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली, पोस्टर, वाद विवाद, निबंध प्रतियोगिता होगी। रेडियो टॉक शो, टेलीविजन साक्षात्कार, नुक्कड़ नाटक के जरिए आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, शिक्षा एवं विद्यालय, साइबर पुलिस शाखा, बैंक, गैर-सरकारी संस्था आदि की प्रभावी भागीदारी और समन्वय से उपरोक्त अभियान को सफल बनाया जाएगा।

स्कूटी सीखने के दौरान हादसे में महिला की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: स्कूटी सीखने के दौरान एक विवाहिता स्कूटी समेत दीवार से टकरा गई। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

खन्स्यूं गरगड़ी निवासी कविता मेहता (25) पति ललित मोहन सिंह के साथ हल्द्वानी स्थित मायके आई हुई थी। कविता पांच फरवरी की सुबह महिला डिग्री कॉलेज के मैदान में स्कूटी सीख रही थी। पहले तो वह स्कूटी से मैदान में ही चक्कर लगाती रही। बाद में वह कॉलेज के गेट से बाहर निकल गई।

अचानक उसने नियंत्रण खो बैठा और दीवार से टकरा गई। इसमें उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। परिजनों ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा था। करीब सात दिन बाद सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर मृतका के घर में लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

देहरादून रात्रि सेवा में लगा दी खटारा बस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: देहरादून को जाने वाली बस को दूसरी सेवा में लगाकर विभाग ने उसकी जगह खटरा बस लगा दी, जो आए दिन जगह-जगह खराब हो जाती है। इससे यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं।

उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो की हल्द्वानी-देहरादून सेवा पिछले 10 वर्षों से नियमित चल रही है लेकिन बीते दिनों सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम ने इस सेवा की बस को खाटूश्याम सेवा में लगा दिया व इसकी जगह खराब बस को देहरादून रात्रि सेवा में लगा दिया।

विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि देहरादून रात्रि सेवा सबसे देर में चलती है। बस ऑन लाइन है, लेकिन जब से चली है, आए दिन हल्द्वानी या उसके 100 किलोमीटर के दायरे में ही खराब हो जाती है, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी होती है।

उन्होंने बताया कि रविवार की रात्रि में बस संख्या यूके04 पीए 4276 काठगोदाम से देहरादून के लिए निकली लेकिन हल्द्वानी डिपो तक पहुंचने में ही खराब हो गई, जिससे यात्री काफी देर तक परेशान रहे। कर्मचारियों का बताया कि इस बस की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि यह लंबी दूरी के लिए पर्याप्त नही है। इधर, शीर्ष अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बचते रहे।

मंत्री भट्ट ने की अयोध्या तक ट्रेन चलाने की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार : केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से वार्ता कर काठगोदाम से अयोध्या तक नई ट्रेन के संचालन करने की मांग की है।

केंद्रीय मंत्री भट्ट ने रेल मंत्री वैष्णव को पत्र लिखकर बताया है कि संसदीय क्षेत्र की जनता ने काठगोदाम से अयोध्या तक नई ट्रेन चलाने की मांग की है, जो अति आवश्यक है। कुमाऊं से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए अयोध्या जाते हैं। ट्रेन नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुमाऊं का प्रवेशद्वार भी काठगोदाम है। यहां देश भर से पर्वतीय मूल के लोग व पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में दूरस्थ क्षेत्र से लोगों को अयोध्या जाने के लिए बरेली से जाना पड़ता है। अयोध्या में राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से इस संख्या में बढ़ावा हुआ है।

तैयारी नैनीताल जिले में बनाए हैं 37 केंद्र, धारा 144 रहेगी लागू

15 से सीबीएसई की परीक्षा शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी



अमृत विचार : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होने जा रही है। इसके लिए नैनीताल जनपद में 37 केंद्र बनाए गए हैं। वहीं सुरक्षा को लेकर सभी केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू रहेगी।

परगना मजिस्ट्रेट हल्द्वानी परितोष वर्मा ने बताया कि सभी केंद्रों में सुबह 10.30 बजे से परीक्षा शुरू होगी जो दोपहर 1.30 बजे समाप्त होगी। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की घटना न हो, इसके लिए सीआरपीसी की धारा 144 लागू रहेगी। इसके अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के भीतर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर 5 या 5 से अधिक लोग एकत्रित नहीं होंगे और न ही कोई सभा करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी व व्यक्ति को केंद्र में शस्त्र, लाठी-डांडा, बल्लभ लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्र की परिधि में कोई भी व्यक्ति फोटो स्टेट मशीन नहीं लगाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं होगा।

कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना अनुमति के परीक्षा स्थल में प्रवेश नहीं करेगा। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों पर उक्त प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी आदेशों का उल्लंघन करता पकड़ा जाएगा तो उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अतंर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी।

हवाई फायर की आवाज सुनकर भागे लोग

रामनगर। मुख्य बाजार में हवाई फायरिंग क्या हुई कि आपस में लड़ रहे लोग मौके से भाग निकले। यह मामला देर रात पीरूमदारा बाजार का है। बताया जाता है कि पीरूमदारा बाजार में एक मेडिकल स्टोर के बाहर दो गुट आपस में भिड़ गए। लाठी डंडों से लैस हमलावर एक युवक को बुरी तरह पीट रहे थे।

मौके पर कई तमाशबीन यह नजारा देखकर भी चुप थे। झगड़े के दौरान अचानक तड़ातड़ गोलियां चलने लगीं। गोलियों की आवाज सुनकर बाजार में अफरातफरी मच गई। हमलावर भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए। हमलावरों की संख्या एक दर्जन से ऊपर बताई जा रही है। मौके से तमाशबीन भी गायब हो गए और मिनटों में झगड़ा वाला स्थान सुनसान हो गया। हुआ यूं जब काफी देर तक झगड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा था तभी किसी ने दूर से हवाई फायर करना शुरू कर दिया।



सार-संक्षेप

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम। ● अमृत विचार

रंगोली प्रतियोगिता में धानाचूली प्रथम

भीमताल : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज धानाचूली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी धारी अंशुल बिष्ट और स्वीप समन्वयक नैनीताल डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रंगोली प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज धानाचूली को प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भटेलिया को द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज चौरलेख को तृतीय स्थान मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में भास्कर सिंह प्रथम सुरेश बडोला द्वितीय और सुनीति सेन तृतीय स्थान पर रही।

महरागांव में आयोजित सुंदर कांड। ● अमृत विचार

आदि शक्ति नव दुर्गा मन्दिर में सुंदर कांड पाठ

भीमताल : भीमताल रोड स्थित आदि शक्ति नव दुर्गा मंदिर गुरु मोक्ष धाम श्री 108 ब्रह्मलीन स्वामी ब्रम्हानंद सरस्वती आश्रम महरागांव में माघ के अंतिम सोमवार को सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। पूज्य महंत दयानंद सरस्वती दयालु महाराज ने सुंदर कांड का पाठ कराया। इस दौरान सुजान सिंह रजवार, गोपाल सिंह, सदानंद, पंकज बिष्ट, दलजीत, खीमन सिंह क्वीरा, बीना भट्ट, निर्मला जोशी, आशा रावत आदि मौजूद रहे।

आपदा से बचाव की जानकारी देते मास्टर ट्रेनर नवीन चंद। ● अमृत विचार

आपदा के समय घबराने के बजाय आत्मसंयम रखना जरूरी

रामनगर : आपदा के दौरान घबराने की नहीं बल्कि संयम रखने की जरूरत होती है। अगर संयम से काम करेंगे तो निश्चित तौर पर आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न किया जा सकता है। यह बात राइंका में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर नवीन चंद जोशी एवं सहायक कंसल्टेंट सुमित जोशी ने कही। कार्यशाला के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं के विषय में बच्चों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बीएस मनराल मौजूद रहे।

कालाढूंगी के घने वन में स्थित शिव जटा महादेव मंदिर। ● अमृत विचार

ग्रामीणों ने शिव मंदिर तक निकाली कलश यात्रा

कालाढूंगी : कालाढूंगी घने जंगल में स्थित पौराणिक शिव जट्टा मंदिर तक महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। सोमवार को ग्राम पंचायत थापला के मां देवी के मंदिर से पैदल भक्तों ने गाजे-बाजे व महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ कालाढूंगी रेंज के घने जंगल के बीच स्थित शिव जट्टा महादेव मंदिर तक जयकारों के साथ यात्रा निकाली। घने जंगल के बीच स्थित यह मंदिर के चारों ओर का वातावरण भक्तों मन मोह लेता है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गणेश मेहरा ने बताया कि पहले भगवान शिव की जटाओं से दूध की धार बहा करती थी ऐसी मान्यता है। शिवरात्रि पर्व पर यहां मेला लगता है। इसमें कालाढूंगी, कोटाबाग, मंगोली क्षेत्र के भक्तजन दर्शन को आते हैं। इस दौरान विशन दत्त जोशी, मदन मोहन पंत, ग्राम प्रधान मीनाक्षी नेगी, दीपक नेगी, कुंदन नेगी, खीमानंद, योगेश रावत, सोहन नेगी, चंपा देवी, आन सिंह, खीमानंद आदि मौजूद रहे।

करिश्मा बनीं नायब तहसीलदार, जगदीश बने विपणन निरीक्षक, परिवार में खुशियों का माहौल

बिंदुखत्ता की करिश्मा और चोरगलिया के जगदीश ने पीसीएस में लहराया परचम

संवाददाता, लालकुआं/चोरगलिया

हर्ष

- वरिष्ठ पत्रकार की बेटी हैं करिश्मा जोशी
- पिता ने बेटी की लगन को बताया उपलब्धि, मिठाई बांटी

अमृत विचार: बिंदुखत्ता की करिश्मा जोशी और चोरगलिया लाखन मंडी खौला बाजार निवासी जगदीश चंद्र परगाई ने लोअर पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

बिंदुखत्ता क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार जीवन जोशी की पुत्री करिश्मा जोशी ने लोअर पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग का जैसे ही परिणाम जारी किया गया, परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। करिश्मा जोशी नायब तहसीलदार के लिए चयनित हुई हैं। पिता जोशी ने इस उपलब्धि को बेटी की लगन व मेहनत का परिणाम बताते हुए मिठाई बांटी।

वरिष्ठ समाजसेवी भुवन जोशी, मोहन अधिकारी, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, बलवंत सिंह दानू, प्रकाश

जोशी, प्रकाश मिश्रा भरत नेगी, अमित बोरा, पुष्कर दानू, जगदीश पंत, नवीन पपोला ने बधाई दी है।

उधर, चोरगलिया लाखन मंडी खौला बाजार निवासी जगदीश चंद्र परगाई पुत्र केशव दत्त का चयन विपणन निरीक्षक के लिए हुआ है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता और अपने भाइयों को दिया है।

जगदीश चंद्र परगाई के इस सफलता पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर की है। जगदीश चंद की इस सफलता पर उनके भाइयों ने चोरगलिया बाजार में मिठाई बांटी।

कृष्णा एकेडमी के 7 विद्यार्थी लोअर पीसीएस में सफल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: दुर्गा सिटी सेंटर में स्थित कृष्णा आईएएस एकेडमी के छात्रों ने लोअर पीसीएस परीक्षा में लहराया परचम है।

एकेडमी के निदेशक विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि एकेडमी के कई छात्रों ने यूके लोवर पीसीएस की परीक्षी में सफलता अर्जित की है। इसमें नायब तहसीलदार के लिए दीपक सिंह भंडारी व अर्पिता गरखाल, उप कारापाल के लिए प्रकाश सिंह मेहता, हिमांशु जोशी, योगिता गुरुरानी, प्रज्ञा तिवारी, विपणन अधिकारी के लिए कैलाश

चंद्र द्विवेदी, जगदीश सिंह परगैन, नीलकमल राज, कर अधिकारी के लिए तृप्ति गोयल, पूर्ति निरीक्षक के लिए कनिका डालाकोटी, श्रम परिवर्तन अधिकारी के लिए रजत मेहता आदि का चयन हुआ है।

वनाग्नि रोकने के लिए बनाए गए मास्टर व रेंज कंट्रोल रूम

जिला स्तरीय वनाग्नि प्रबंधन योजना-2024 का अनुमोदन हुआ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

तैयारी

- जनपद स्तरीय बैठक में वन विभाग ने बनाई रणनीति
- आग लगाने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी

अमृत विचार : डीएम वंदना सिंह के निर्देशानुसार एडीएम फिंचाराम चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनपद स्तरीय वनाग्नि प्रबंधन योजना समिति की बैठक की। इसमें जिला स्तरीय वनाग्नि प्रबंधन योजना-2024 के अनुमोदन के साथ ही वनों की अग्नि से सुरक्षा के लिए विचार विमर्श और रणनीति निर्धारित की गई।

एडीएम पीआर चौहान ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए तैयारी, पर्यावरण और जंगलों के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने और सबकी सहभागिता से वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम के लिए निर्देश दिए। नैनीताल डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि वनाग्नि घटनाओं को रोकने के लिए खंड विकास स्तरीय समिति और वन पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया है। वनाग्नि काल 15 फरवरी से 15 जून तक माना जाता है। वनों में आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। युवाओं, महिलाओं, स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देकर वनाग्नि के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी मास्टर कंट्रोल रूम नैनी पीक रिपीटर स्टेशन, राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष, जिला आपदा नियंत्रण, पुलिस नियंत्रण कक्ष, वन विभाग मुख्यालय वनाग्नि और आपदा प्रबंधन से जुड़े हुए हैं। जिले में विद्यमान सभी वन प्रभागों के अंतर्गत मास्टर कंट्रोल रूम स्थापित हैं। जिनमें अग्नि दुर्घटना की सूचना को प्रतिदिन प्राप्त कर संकलित किया जाता है।

मास्टर कंट्रोल रूम के साथ सभी वन प्रभाग के अंतर्गत रेंज कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं। वनाग्नि की रोकथाम लिए पिरुल संग्रहण किया जाता है। इससे स्थानीय ग्रामीणों, मंगल दल के माध्यम से पिरुल संग्रहण कर अनुबंधित संस्था को उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए ग्रामीणों को 3 रुपया वन विभाग और 3 रुपया संस्था के माध्यम से प्रति किलो ग्राम दिया जाता है।

बिल जमा नहीं करने पर 18 सौ घरों में हो जाएगा अंधेरा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: विद्युत विभाग ने इन दिनों बिजली बिलों का बकाया वसूलने का अभियान चला रखा है। इसके लिए लोगों को नोटिस दिए व कनेक्शन कांटे जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में 1800 घर ऐसे हैं, जिन्होंने अपना बिल नहीं भरा तो जल्द ही उनका कनेक्शन कट सकता है। सैकड़ों घरों के कनेक्शन कट भी चुके हैं।

शहरी क्षेत्र में 1800 लोगों को नोटिस दिया गया व इसके बावजूद बिल नहीं भरने पर कनेक्शन काटा जा रहा है। करीब 100 घरों के कनेक्शन कट भी चुके हैं। विभाग के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं पर कुल 9 करोड़ रुपये बकाया है, जिसमें 122 लोगों पर 1-5 लाख रुपये तक की राशि बकाया है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में मिले 14 करोड़ रुपये के मिले लक्ष्य में 8 करोड़ रुपये वसूल किए गए। अधिकारियों ने बताया कि बिल जमा करने के लिए शहर में जगह-जगह कैंप लगाए गए हैं व जिन्होंने अपना बिल नहीं भरा है, वे जल्द बकाए का भुगतान कर दें।

200 रसूखदारों पर 4.50 करोड़ रुपये बकाया

विभाग के मुताबिक शहरी क्षेत्र में 200 रसूखदारों पर 4.50 करोड़ रुपये बकाया है, जिसमें 9 उपभोक्ताओं पर 5 लाख रुपये से ज्यादा व 35 उपभोक्ताओं पर 1-5 लाख रुपये बकाया है। नैनीताल रोड पर एक कारोबारी ने 5-6 महीने से बिल नहीं भरा तो उस पर 12 लाख रुपये बकाया है। नोटिस के बावजूद बिल नहीं भरने पर उनका कनेक्शन काट दिया तो वह विभाग के चक्कर लगा रहा है। इधर, कनेक्शन कटने से कारोबारी ने दुकान में जनरेटर लगा रखा है।

> बिल जमा नहीं करने वालों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बिलों के भुगतान के लिए जगह-जगह कैंप लगाए गए हैं। - **प्रदीप कुमार**, ईई, विद्युत विभाग

बेतालघाट के गांवों में बजेगी मोबाइल की घंटी

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के दूरस्थ गांवों के हजारों बाशिंदों को अब मोबाइल सेवा का लाभ मिल सकेगा। ग्रामीणों को अब नेटवर्क के लिए दूर दराज रुख नहीं करना पड़ेगा। पांगकटारा गांव में मोबाइल टावर निर्माण का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। जिससे लगभग पांच हजार से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। दूर संचार विभाग के डीटीओ अजय कुमार वर्मा के अनुसार सूखा, रिखोली व आटावृता गांव में भी जल्द टावर निर्माण शुरु किया जाएगा।

केंद्र सरकार की नेटवर्क विहीन दूरस्थ क्षेत्रों को नेटवर्क के दायरे में लाने की योजना के तहत दूरसंचार विभाग ने बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों को चिह्नित किया। सर्वे रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी गई। सरकार ने संचार क्रांति के युग में मोबाइल सेवा के लिए तरस रहे गांवो को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बजट आवंटित किया। बजट मिलने के बाद संबंधित विभाग ने पांगकटारा, सूखा, रिखोली तथा आटावृता गांव में मोबाइल टावर लगाने की कवायद शुरु की।

जीपीएफ खातों की पासबुक पोर्टल पर करें अपलोड

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा ने बताया कि शासन के आदेशानुसार चतुर्थ श्रेणी से भिन्न कार्मिकों के जीपीएफ खातों का रखरखाव डेबिट/क्रेडिट विवरण को महालेखाकार कार्यालय की ओर अद्यतन किया जाता है। उत्तराखंड सामान्य भविष्य निधि नियमावली-2006 के नियम 27(3) में प्रावधान है कि आहरण वितरण अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि कार्मिकों की जीपीएफ पासबुक का मिलान महालेखाकार कार्यालय से कराया जाए।

यदि कहीं अंतर होता है तो जीपीएफ पासबुक की प्रमाणित प्रतियां महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित कर संबंधित कार्मिक के लेखे को सही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी से भिन्न सभी कार्मिकों की जीपीएफ पासबुक की स्कैन प्रति महालेखाकार कार्यालय को आईएफएमएस के मॉड्यूल से उपलब्ध कराया जाए। सभी आहरण वितरण अधिकारी तय करें कि उनके अधिष्ठान के अन्तर्गत कार्यरत चतुर्थ श्रेणी से भिन्न कार्मिकों की जीपीएफ पासबुक को पहले तो अद्यतन कर लिया जाए, इसमें समस्त विवरण यथा-बाउचर संख्या, डीडीओ के अभिमाणन स्वरूप हस्ताक्षर आदि को पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि जीपीएफ पासबुक को भली-भांति उच्च गुणवत्तापूर्ण स्कैन कर आईएफएमएस के मॉड्यूल में अपलोड किया जाए। अपलोड किए गए अभिलेखों को ई-साईन कर अग्रसारित किया जाएगा। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि कार्मिकों की जीपीएफ पासबुकों को अद्यतन करने के बाद संबंधित अधिकारी 2 माह के भीतर कार्रवाई करेंगे।

पं. उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात करें

गरमपानी : भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चिंतक व संगठनकर्ता रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनको याद किया। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दलिप सिंह बोहरा ने कार्यकर्ताओं से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

भाजपा कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह जैडा.के नेतृत्व में बेतालघाट ब्लॉक के धारी, खैरनी तथा हल्सों, कौरण गांव पहुंचे। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दलिप बोहरा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रुप से प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद की विचारधारा दी। बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय हमेशा ही एक मजबूत व सशक्त भारत चाहते थे।

रोहू मछली के अस्तित्व पर संकट

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: लंबे समय तक शांत रहने के बाद अब एक बार फिर अराजक तत्वों ने कोसी नदी क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी है। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित केएमवीएन के विश्राम गृह के ठिक नीचे कोसी नदी क्षेत्र में अराजक तत्व धड़ल्ले से मछलियों का शिकार में जुटे हैं। रोजाना मछलियों का शिकार होने से संरक्षित रोहू प्रजाति की मछली के अस्तित्व पर भी संकट गहरा गया है। स्थानीय लोगों ने अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे के किनारे बहने वाली जीवनदायिनी कोसी नदी में संरक्षित प्रजाति की रोहू मछली पाई जाती है। पर अब रोहू मछली के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। हाइवे पर खैरना क्षेत्र में स्थित कुमाऊं मंडल विकास निगम के विश्राम गृह के ठिक नीचे

हालात

- कोसी नदी क्षेत्र में अराजक तत्वों के निशाने पर आईं मछलियां
- केएमवीएन विश्राम गृह के ठीक नीचे धड़ल्ले से हो रहा शिकार

कोसी नदी में रोहू मछली बहुतायत मात्रा में है। केएमवीएन पर्यटकों का ध्यान खींचने के लिए मछलियों को रोजाना चारा भी उपलब्ध कराता है। पर पिछले कई दिनों से लगातार मछलियों का शिकार किया जा रहा है। सुबह से शाम तक अराजक तत्व कंरट व किटनाशक से मछलियों का शिकार कर रहे हैं जिससे मछलियों का समूल नष्ट होने का खतरा भी कई गुना बढ़ता ही जा रहा है। टीआरसी खैरना के प्रबंधक पारस सत्यवली के अनुसार कई बार मना करने के बावजूद धड़ल्ले से मछलियों का शिकार किया जा है। अराजक तत्वों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं की वो दिन दोपहर में ही मछलियों का शिकार करने में जुट जाते हैं। प्रबंधक के अनुसार लंबे समय से मछलियों का पालन किया जा रहा है पर अराजक तत्व संरक्षित प्रजाति की मछलियों को मार डाल रहे हैं। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी, मनीष तिवारी, विरेन्द्र सिंह, दीवान सिंह, फिरोज अहमद, पुष्कर सिंह पनौरा, संजय सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

जेजेएम में अनियमितता की जांच के निर्देश

गरमपानी : रामगढ़ ब्लॉक के क्वारब क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना में अनियमितता का मामला तूल पकड़ गया है। ग्राम पंचायत की खुली बैठक में महत्वाकांक्षी योजना में लाखों रुपये का बजट उपलब्ध होने के बावजूद स्वजल की योजना से कनेक्शन दिए जाने का मामला उठने के बाद एसडीएम कोश्या कुटोली ने जांच बैठा दी है। एसडीएम विपिन चंद्र पंत के अनुसार तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए जाएंगे।

रामगढ़ ब्लॉक के क्वारब में हुई ग्राम पंचायत की खुली बैठक में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में लाखों रुपये का बजट ठिकाने लगाने व लगभग पंद्रह वर्ष पुरानी स्वजल योजना से कनेक्शन दिए जाने का मामला उठने के बाद अब कोश्या कुटोली प्रशासन हरकत में आ गया है। बैठक में ग्रामीणों ने मुद्दा जोर शोर से उठाया। आरोप लगाया कि योजना के जरिए सरकारी बजट ठिकाने लगाया जा रहा है।

वैलेंटाइन वीक | बाजार में गुलाब, रजनीगंधा, लीली के फूल व गिफ्ट आइटम उपलब्ध, ग्राहक नदारद

गुलाब की खुशबू पर बारूद की गंध हावी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: वैलेंटाइन वीक चल रहा है लेकिन बीते दिनों शहर में कर्फ्यू लगने से बाजार से रौनक गायब है। इससे फूलों व गिफ्ट आइटम आदि का कारोबार करने वालों के चेहरे पर भी उदासी छायी हुई है।

युवाओं के बीच वैलेंटाइन डे का खासा महत्व है। वे 7 फरवरी से 14 फरवरी तक वैलेंटाइन वीक मनाते हैं। इस दौरान वे रोज डे, चॉकलेट डे, टेडी बियर डे, प्रॉमिस डे, हग डे, किस डे, वैलेंटाइन डे आदि मनाते हैं। एक-दूसरे को फूल, गिफ्ट आदि देते हैं। इससे बाजार में खासी रौनक रहती है व कारोबारियों के चेहरे खिल जाते हैं, लेकिन बीते गुरुवार से शहर में कर्फ्यू लगने से दो-तीन दिन बाजार बंद रहा। सोमवार को जब बाजार खुला तो ग्राहक नदारद रहे, जिससे

बाजार में बिकने के लिए आए फूल। ● अमृत विचार

फूल व गिफ्ट आइटम का काम करने वाले व्यापारियों के चेहरे मुरझाए हुए थे।

मंगल पड़ाव स्थित फूल गली में फूल की 7-8 दुकानें में से सोमवार को दो-तीन दुकानें ही खुली हुई थीं। दुकानदार जॉनी ने बताया कि वैलेंटाइन सप्ताह व शादियों का सीजन चल रहा है। इस समय फूलों की जबरदस्त मांग रहती है लेकिन इस बार कारोबार में मंदी है। उन्होंने बताया कि बीते दो-तीन दिन दुकान बंद रहने से उनका 30-35 हजार रुपये का नुकसान हो गया।

पुराने फूलों की काट-छांट कर रहे दुकानदार लाल सिंह ने कहा कि व्यापार में काफी नुकसान हुआ है, भरपाई करना आसान नहीं, बाजार में ग्राहक ही नहीं हैं। दुकानदार हिमांशु ने कहा कि 7 फरवरी तक शहर के हालात सामान्य थे, लगा कि कारोबार ठीक-ठाक चलेगा, इसलिए दिल्ली से ज्यादा माल मंगा लिया। उन्होंने बताया कि उनके पास गुलाब, ग्लेडियोलस, रजनीगंधा, लीली, जिप्सोफिला, जरबेरा, गुलदावरी, स्वीट विलियम आदि तरह-तरह के फूल मौजूद हैं लेकिन ग्राहक न होने से उन्हें अब इनके खराब होने चिंता सताने लगी है।

सिंधी चौराहे पर गिफ्ट आइटम की दुकान चलाने वाले ललित रजवार ने बताया कि 7-8 फरवरी को अच्छा काम हुआ लेकिन रविवार व सोमवार को कारोबार ठंडा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल उन्होंने वैलेंटाइन पर खूब ब्रिकी की थी। उनकी दुकान पर टेडी बियर, कपल शो पीस, लव मग, मैजिक मिरर, राधा-कृष्ण मूर्ति आदि सामान उपलब्ध है।

वन विभाग के अभियान से तस्करों में हड़कंप

संवाददाता, गरमपानी

सख्ती

- वन पंचायत में खदान पर तस्करों के औजार जब्त
- थुआ ब्लॉक के ताड़ीखेत क्षेत्र बन चुका तस्करी का अड्डा

अमृत विचार: तमाम गांवों को जोड़ने वाले धारी - उल्गौर - हरतोला मोटर मार्ग पर ताड़ीखेत व आसपास के क्षेत्रों में वन विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर वन पंचायत भूमि में खदान करने वाले तस्करों को निशाने पर ले लिया। खदान में प्रयुक्त होने वाले औजार जब्त कर लिए गए हैं। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी के अनुसार तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।

धारी - उल्गौर - नथुवाखान मोटर मार्ग पर स्थित ताड़ीखेत व आसपास का क्षेत्र पत्थर तस्करी के लिए पहचान बनाने लगा है। बैखौफ हो चुके तस्कर मोटर मार्ग से सटी पहाड़ी के साथ ही वन पंचायत भूमि को नुकसान पहुंचा तस्करी में लिप्त है। डंपरों के जरिए चोरी का पत्थर हरतोला व आसपास के क्षेत्रों में ठिकाने लगाया जा रहा। लगातार मिल रही शिकायतों पर वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी के निर्देश पर वन विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने विशेष अभियान चलाया। एकाएक चले वन विभाग के अभियान से तस्करों में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने वन पंचायत की भूमि पर खदान में जुटे तस्करों के औजार जब्त कर लिए। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी के अनुसार चिह्नित तस्करों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।

घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर के पुजारी को मातृशोक

भीमताल : घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर के पुजारी रमेश जोशी व मेहरा गांव ग्राम प्रधान गणेश जोशी की माता माधवी देवी जोशी का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके पुत्र गणेश जोशी ने बताया कि पिछले कई सालों से उनकी माता की तबीयत खराब थी। शनिवार से उनकी माता ने खाना छोड़ दिया था। रविवार दोपहर को उनका निधन हो गया।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

एक नजर

गढ़वाल राइफल्स का स्थापना दिवस मनाया

काशीपुर। पूर्व सैनिकों ने 18 गढ़वाल राइफल्स (द्रास) का 39वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान बटालियन के शहीदों को नमन कर वीर नारियों को सम्मानित किया गया। रविवार को कुंडेश्वरी स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बटालियन के पूर्व सैनिकों ने अपने पुराने अनुभव साझा किये। बताया कि द्रास बटालियन की स्थापना 11 फरवरी 1985 को की गई थी। मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर आनरेरी कैप्टन (रि) त्रिलोक सिंह रावत ने बटालियन के गौरव सेनानियों के साथ ही वीर नारियों से भेंट की। बटालियन के कारगिल युद्ध में घायल हवलदार (रि) विनोद नेगी को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। यहां भगवती देवी कन्याल, प्रभा देवी रावत, लक्ष्मी देवी, भूपाल सिंह रावत, मान सिंह रावत, चमन सिंह रावत, रामकृष्ण जोशी, अजीत सिंह असवाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, सुभाष मंडोला आदि मौजूद रहे।

लोस चुनाव संपन्न कराने के दिए निर्देश, सीडीओ ने नदारद अधिकारियों के स्पष्टीकरण लेने को कहा

नोडल अधिकारी कार्य योजनाएं प्रस्तुत करें: डीएम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोकसभा स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सभी नोडल अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। साथ ही कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्वों से संबंधित कार्य योजनाएं तैयार कर प्रस्तुत करें। वहीं सीडीओ ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को अनुपस्थित नोडल अधिकारियों के स्पष्टीकरण लेने व माह फरवरी 2024 का वेतन रोकने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये।

नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदय राज सिंह। ● अमृत विचार

सोमवार को जिलाधिकारी ने डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्धता एवं पारदर्शिता से करें। उन्होंने यह भी निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए रोस्टर शीघ्रता से तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने में किसी भी प्रकार की हीला-हवाली करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करें। ताकि वे अपने मत के महत्व को समझे और एक सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें। यहां उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, एसडीम गौरव पांडेय, अभय प्रताप सिंह, राकेश चंद्र तिवारी, डॉ. अमृता शर्मा, गौरव चटवाल रहे।

चैती मेला क्षेत्र के मार्गों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

तैयारी

▸▸ सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे

अमृत विचार: 9 अप्रैल 2024 से काशीपुर में आयोजित होने वाले चैती मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि काशीपुर को मेला क्षेत्र के सभी मार्गों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिये।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त काशीपुर को मेले में साफ-सफाई एवं मेले में पर्याप्त मात्रा में कूड़ादान की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर निगम मेले में मोबाइल शौचालय की व्यवस्था भी करे। सिंचाई विभाग को मेले क्षेत्र के तहत सभी नहरों की साफ-सफाई करने को कहा। एसडीएम काशीपुर को निर्देश दिये कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बनाकर मेले में स्वास्थ्य सेवाओं की भी व्यवस्था कराएं। मेले में शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एएसपी चंद्रशेखर घोड़के, वरिष्ठ कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सेना, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

काशीपुर में ट्यूशन जा रही छात्रा पर युवक ने किया जानलेवा हमला, रेफर

आरोपी ने छात्रा के सिर और हाथ पर किया धारदार हथियार से हमला

दुस्साहस

▸▸ सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद छात्रा को किया रेफर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: अपनी बहन के साथ ट्यूशन जा रही छात्रा पर एक युवक ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल युवती को सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहीं इसकी खबर मिलने पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में कोतवाल का घेराव कर कार्रवाई की मांग की।

सोमवार शाम को कटोराताल निवासी बीएसएसी की छात्रा अपनी बहन और उसकी सहेली के साथ ट्यूशन के लिए जा रही थी। तभी बड़े गुरुद्वारे के पास रास्ते में एक युवक ने उसको रोक लिया और पीछे से उसके सिर व हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं शोर-शराबा होने पर आरोपी युवक मौके से भाग गया। उधर युवती की बहन ने अपने पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पिता व अन्य लोगों ने युवती को सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। जहां उसको प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और युवक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर प्राप्त होते ही विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। फिलहाल पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है।

कोतवाली में एकत्र लोगों को समझाते कोतवाल। ● अमृत विचार

जमानत पर रिहा है आरोपी, पूर्व में भी दर्ज है मुकदमा

काशीपुर। युवती पर जानलेवा हमला करने वाला युवक जमानत पर रिहा चल रहा है और उस पर पूर्व में भी युवती से अभ्रदता करने का मामला दर्ज है। बताया जा रहा है कि युवक ने ढाई माह पूर्व भी युवती के साथ अभद्रता की थी। जिसको लेकर युवती के परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी युवक पर युवती से अभ्रदता का पूर्व में भी मामला दर्ज है और वह जेल जा चुका है। उस समय आरोपी युवक नाबालिग था। तहरीर प्राप्त होने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। युवक की पुलिस तलाश कर रही है।

हिंदूवादी संगठनों ने कोतवाल को घेरा, कार्रवाई की मांग

काशीपुर। युवती पर जानलेवा हमले की सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गये। उन्होंने परिजनों संग कोतवाल को घेराव कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना था कि युवक पूर्व में भी कई बार युवती से अभद्रता कर चुका है। उधर कोतवाली पहुंचे विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शीघ्र युवक की गिरफ्तारी कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपी को पकड़ा

गदरपुर। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को थाने में बाइक चोरी का खुलासा करते हुए थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि ग्राम सेठ वाला गदरपुर निवासी रीता रानी पत्नी कुलदीप कुमार ने बीते 10 फरवरी को थाने के सामने से पति की बाइक चोरी होने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम गूलरभोज अंडरपास के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक युवक बाइक पर आते युवक को रोकने का प्रयास किया तो वह पीछे मुड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम रवि कुमार पुत्र देवीदास निवासी ग्राम टाण्डा डाल चन्द्र थाना केलाखेड़ा बताया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो तो उसने बताया कि उसने 10 फरवरी को गदरपुर थाने के सामने अमन बेकरी से गाड़ी को चुराया है। पुलिस युवक और बाइक को थाने ले आई और उसके खिलाफ 379/411 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने युवक को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर, दर्शन सिंह, विमल टम्टा शामिल थे।

किच्छा में काली मंदिर के निकट खुलेआम हो रहा है अवैध खनन

अनदेखी

▸▸ किच्छा बाईपास पर कतार से दौड़ रहे ओवरलोड मिट्टी से भरे डंपर

▸▸ प्रशासन पर किच्छा निवासी खनन माफिया से मिलीभगत के आरोप

राजेंद्र सहगल 'राजू', किच्छा

अमृत विचार: क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही के चलते अवैध खनन का कारोबार खुलेआम चल रहा है। खनन माफिया द्वारा नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित काली मंदिर के निकट खुलेआम अवैध खनन करने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मिट्टी से भरे अवैध ओवरलोड डंपर पुलिस प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं। जिससे प्रशासन की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

कोतवाली अंतर्गत हल्द्वानी मार्ग स्थित काली मंदिर के पीछे खनन माफिया खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। खनन माफिया खुलेआम जेसीबी मशीनों से अवैध खनन कर उपजाऊ मिट्टी को बंजर बनाने के साथ ही गोला नदी का सीना चीर रहे हैं। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा कई बार अवैध खनन पर रोक लगाने का मुद्दा उठाने तथा अवैध खनन का वीडियो उपलब्ध कराने के बावजूद प्रशासन की खामोशी से तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन पर खनन कारोबारी को संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं। किच्छा बाईपास पर कतार से चल रहे दर्जनों डंपर वाहनों को प्रशासनिक अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं। चर्चा है कि नगर के ग्राम बंडिया क्षेत्र निवासी एक खनन कारोबारी द्वारा कुछ अधिकारियों के संरक्षण में अवैध खनन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिखावे के तौर पर मामूली कार्यवाही कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर ली जाती है।

किच्छा में काली मंदिर के निकट खुलेआम खनन करती जेसीबी। ● अमृत विचार

अवैध खनन में लिप्त दो डंपर सीज

किच्छा। तहसील प्रशासन की टीम ने नगर के काली मंदिर के निकट अवैध खनन किए जाने की सूचना पर खनन में लिफ्ट दो डंपर वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी को देर रात सूचना मिली कि काली मंदिर के निकट अवैध खनन किया जा रहा है। तहसीलदार त्रिपाठी के निर्देश पर क्षेत्रीय पटवारी दीपक सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध मिट्टी से भरे दो डंपर वाहन को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों डंपर वाहनों को प्रशासन की टीम ने एसडीएम कार्यालय के बाहर खड़ा कर दिया। फिलहाल प्रशासन ने दोनों वाहनों को सीज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। तहसीलदार त्रिपाठी ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई की जा रही है और क्षेत्र में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

प्रशिक्षणार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

काशीपुर। आजाद जन कल्याण समिति ने नंदा देवी सेवा समिति नागार्जुन द्वाराहाट द्वारा मुख्यमंत्री हुनर योजना के तहत जूट बैग मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। मोहल्ला थाना साबिक, मंसूरी मार्केट में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 30 प्रशिक्षणार्थियों ने जूट बैग मेकिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि काशीपुर में लगातार बेटियों को बढ़ाने के लिए सरकार की योजनाओं को धरातल में लाने का काम किया जा रहा है। उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण तथा विकास निगम देहरादून के माध्यम से फरीन अंजुम, केसर जहां, मुस्कान,नरगिस, नूर फातिमा, साहिब आफरीन, शबनम आदि बच्चों को प्रमाण पत्र दिए। यहां श्रीकांत, अमन अनिरुद्ध, आजाद मंसूरी, शमशुद्दीन, एमए राहुल, नौशाद हुसैन अंसारी,, हनीफ गांधी आदि मौजूद रहे।

बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लालपुर में कॉलोनी काटने का झांसा देकर एक बिल्डर द्वारा खरीदारों को धोखा देना शुरू कर दिया है। परेशान होकर प्लाट खरीदारों ने बिल्डर कार्यालय के सामने रोष जताया और लालपुर में धोखाधड़ी की तहरीर देने की कोशिश की। मगर बिल्डर्स को भनक लगते ही फिर एक बार बिल्डर्स ने जल्द प्लाट की नपाई कराने का आश्वासन देकर मामला शांत करवा लिया।

बताते चलें कि लालपुर में बिल्डर कॉलोनी का निर्माण कर रहा है। जिसका कार्यालय बालाजी मंदिर मार्ग पर स्थित है। सोमवार की सुबह घंटों इंतजार करने के बाद खरीदारों का धैर्य टूट गया और कुछ लोगों ने रोष जताना शुरू कर दिया। खरीदारों का आरोप था कि बिल्डर ने लालपुर में कॉलोनी भूखंड पर पहले प्लॉट दिखाया और उसके बाद लाखों का भुगतान करने के बाद प्लाट की नपाई तक शुरू नहीं की। बार-बार कहने के बाद भी आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। आरोप था कि जमा पूंजी लगाने के बाद खरीदारों को धोखाधड़ी होने का भय सता रहा है। उन्होंने लालपुर चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की बात कही। जिसकी भनक लगते ही बिल्डर्स ने लालपुर चौकी जाने से पहले ही एक बार फिर खरीदारों को प्लाट की नपाई कराने का झांसा दे डाला और बिल्डर्स को चेतावनी देते हुए खरीददार वापस लौट गए। इस मौके राम सिंह, कुसुम देवी, गंगा देई, नरेश पाल आदि मौजूद रहे।

बिल्डर कार्यालय के सामने रोष जताते खरीदार। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आयोजन बोले-यात्रा से किसानों के साथ होगा सीधा संपर्क, दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

विधायक ने किया ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ग्राम परिक्रमा यात्रा का किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर से पूरे देश में वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। वहीं किसान मोर्चा ऊधमसिंह नगर द्वारा इसका आयोजन जिले स्तर पर फौजी मटकोटा गांव में किया गया। यहां एलईडी लगाकर कार्यक्रम को सुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा रहे।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक अरोरा ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर यह ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत बेहद सुंदर पहल है। गांव-गांव किसानों के बीच जाकर उनसे संपर्क करना, लाभार्थियों से मुलाकात करना तथा खेती में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर का पूजन, गौ पूजन और उनके उपयोग में होने वाले यंत्रों का पूजन कर देश के अन्नदाता का उत्साहवर्धन कर उनकी समस्याओं को जानना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने गांव में पहुंचकर स्वयं गौ माता का पूजन किया।

साथ ही ट्रैक्टर पूजन कर अगले एक माह चलने वाली इस यात्रा का शुभारंभ किया गया। किसान मोर्चे के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर किसान मोर्चा द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत की है। जो अगले एक माह तक जारी रहेगी।

इसमें किसान मोर्चा के पदाधिकारी पांच-पांच लोगों की टोली बनाकर गांव-गांव संपर्क करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, जोग सारण मालिक, मोहन तिवारी, विनय बत्रा, राजीव शुक्ला, गोपाल पटेल, राकेश सरकार, वासुदेव, हरेंद्र सिंह, हरदीप सिंह, मनजीत सिंह, कृष्णपाल, रचित सिंह, अशोक नेगी, रविकांत वर्मा, कुलदीप फौजी, ज्ञान सिंह चौहान, भीमसेन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

फौजी मटकोटा गांव में गौ माता का पूजन करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोग घायल, दो गंभीर

खटीमा, अमृत विचार: पटिया गांव में एक शादी समारोह में ऐचता विही निवासी अमित, चांदा निवासी मोहित और विही निवासी निशांत आए हुए थे। यह तीनों मित्र रुद्रपुर की एक निजी कंपनी में काम करते हैं।

समारोह से सुबह एक ही बाइक पर तीनों ड्यूटी के लिए निकल पड़े। वह नानकमाता बाईपास पर पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिन्हें राहगीरों की सूचना पर 108 वाहन द्वारा नागरिक अस्पताल में लाया गया। निशांत की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया। यह अन्य घटना में थारु भुड़िया निवासी सूरज, देव सिंह और अमन एक ही बाइक से खटीमा की ओर आ रहे थे कि गांव के ही तिराहे पर टुकटुक से टक्कर हो गई। जिसमें तीनों घायल हो गए। घायलों को तत्काल नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सूरज की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

पेंसिल कंपनी में काम करने का झांसा देकर 85 हजार ठगे

काशीपुर। पेंसिल कंपनी में काम करने का झांसा देकर एक व्यक्ति के साइबर ठग ने 85 हजार रुपये ठग लिये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।कुंडा थाना क्षेत्र के बसई गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र मितान सिंह ने कुंडा थाने को तहरीर सौंप बताया कि बीती तीन जनवरी को उनके फोन पर एक मोबाइल नंबर से कॉल आया और कॉलर ने स्वयं को एक प्रसिद्ध पेंसिल कंपनी का प्रतिनिधि बताया। साथ ही कंपनी में काम करने का प्रस्ताव रखा। बाद में कॉलर ने उनसे आधार कार्ड और व्हाट्सएप नंबर की जानकारी मांगी। जिसकी बातों में आ पीड़ित ने सारी जानकारी साइबर ठग को उपलब्ध करा दी। बाद में उनके खाते से कई बार में 85818 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने तहरीर अनुसार मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वृद्धा से 17500 रुपये लूटने का आरोपी पकड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आठ फरवरी को बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाशों द्वारा लूटे गए पर्स के एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और साढ़े दस हजार रुपये की नकदी बरामद कर जेल भेज दिया है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि आठ फरवरी की शाम को भुरारानी की रहने वाली रिशपाल कौर आवास विकास स्थित एक बैंक से 17500 रुपये निकालकर पैदल जा रही थी कि सिविल लाइन के समीप बाइक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग महिला का पर्स लूट लिया था। पुलिस ने पीड़िता के बेटे कुलदीप सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था और एक टीम बनाकर बाइक सवार आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ब्लॉक सिंचाई विभाग मार्ग से फईम अहमद निवासी भूतबंगला को गिरफ्तार कर लिया और चोरी का पर्स सहित 10500 रुपये की नकदी भी बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुट गई है।

भेजा जेल

- 10500 रुपये बरामद, आठ फरवरी को हुई थी लूट
- कोतवाली पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

विवेक नगर में घर पर चल रही थी बेटी की गोद भराई की रस्म, अचानक हो गया बड़ा हादसा

सिलेंडर में लगी आग, दो बच्चों समेत पांच लोग झुलसे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में गोद भराई कार्यक्रम के दौरान खाना बनाते वक्त अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कमरे में आग में फंसकर दो मासूम बच्चों सहित पांच लोग झुलस गए। जिनमें दोनों बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर दमकल और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना ट्रांजिट कैंप के विवेक नगर के रहने वाले किशन लाल के घर पर बेटी रेनू की गोद भराई का कार्यक्रम सोमवार को होना था। शिमला बहादुर से गोद भराई के लिए लड़के वालों को आना था। जिसकी तैयारियां करते हुए किराए के दूसरे कमरे में खाना बनाया जा रहा था और कमरे के अंदर किशन लाल, 25 वर्षीय मनोज कुमार, बेटी रेनू के अलावा नाती-नातिनी तीन साल का आदर्श और दो साल का आयुष भी मौजूद थे। अचानक गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने के कारण कमरे में आग भड़क गई। वहां मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कमरे के अंदर से चीख पुकार मचने लगी। जिसे देखकर लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और रजाई को पानी से भिगोकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। जिसमें दो मासूम सहित पांच लोग झुलसे गए। इसमें किशन लाल, आदर्श और आयुष बुरी तरह से झुलस गए। सूचना मिलने पर दमकल विभाग और थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस घटनास्थल पहुंची और आग पर काबू पाने के बाद घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने घायलों का उपचार शुरू कर दिया है। अग्निकांड की इस घटना से गोद भराई के कार्यक्रम में भगदड़ मच गई और हर कोई घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ा था।

गैस सिलेंडर में लगी आग से झुलसे बच्चे व अधेड़। ● अमृत विचार

बाहर पड़ा जला हुआ गैस सिलेंडर। ● अमृत विचार

नशेड़ी ने दोस्त संग खुद को कमरे में किया कैद, हंगामा

जगतपुरा क्षेत्र में 24 घंटे से भी अधिक समय तक मुसीबत बना रहा युवक, खुखरी लेकर आत्महत्या की देता रहा चेतावनी, देर सायं भागा

नशा नौटंकी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आवास विकास चौकी इलाके के जगतपुरा में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब एक नशेड़ी ने अपने दोस्त के साथ खुद को कमरे में कैद कर लिया और खुखरी से खुद का गला रेतने की चेतावनी देने लगा। परिवार के लोगों ने बेटे के साथ ही अपनी जान को भी खतरा बताते हुए आवास विकास पुलिस को सूचित किया। पुलिस को देख नशेड़ी युवक का पारा चढ़ गया और वह पुलिस कर्मियों को खरी खोटी सुनाने के बाद जबरन ले जाने पर हमला करने की धमकी देने लगा। कई घंटों तक समझाने के बाद भी युवक नहीं माना।

बताते चलें कि जगतपुरा की रहने वाली रेवती थापा के दो बेटे अनिल थापा उर्फ अन्नू और सुनील थापा हैं। बड़ा बेटा शादी के बाद से अलग रह रहा है और छोटा बेटा बुरी संगत में पड़ने के कारण नशेड़ी हो गया। बताया जा रहा है कि नौ दिन बाद मां रेवती घर आई तो बेटा दोस्तों के साथ कमरे में नशा कर रहा था। मां के टोकने से गुस्साए नशेड़ी युवक ने अपने दोस्त रवि और खुद को बीते रविवार की दोपहर तीन बजे से कमरे में बंद कर लिया और हथौड़ा व खुखरी लेकर खुद की गर्दन काटने की धमकी देने लगा। नशेड़ी के उग्र तेवर देखकर मां सहम गई और उसने आवास विकास पुलिस को सूचित किया।

शाम तक समझाने के बाद नशेड़ी ने खुद घर चलने का आश्वासन दिया तो पुलिस वापस लौट गई। लेकिन युवक ने दरवाजा नहीं खोला और दोस्त की जान भी खतरे में पड़ने लगी। तो दोबारा सूचना मिलने पर सोमवार सुबह से आवास विकास चौकी के दरोगा ललित चौधरी मय पुलिस कर्मियों के मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर नशेड़ी का पारा फिर चढ़ गया और उसने पुलिस पर भी हमला करने की धमकी देते हुए अभद्रता शुरू कर दी। कई घंटों के हंगामे व मशक्कत के बाद भी नशेड़ी ने दरवाजा नहीं खोला और बार-बार खुखरी दिखाकर गर्दन काटने की धमकी देता रहा।

नशेड़ी की हरकतों के आगे बेबस पुलिस वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि 24 घंटे से भी अधिक समय तक पुलिस व परिजनों के लिए मुसीबत बना रहा युवक सोमवार देर सायं 7.40 बजे साथी संग घर से भाग गया।

खुद को बंधक बनाए नशेड़ी से दरवाजे से समझाने की कोशिश करता दरोगा।

दीवार के पीछे छिपकर युवक के बाहर निकलने का इंतजार करती पुलिस।

> बुजुर्ग महिला की सूचना पर जब पुलिस रविवार की शाम को घर पहुंची और समझाने की काफी कोशिश की। इसके अलावा सोमवार को भी पूरा दिन पुलिस समझाती रही। कारण नशेड़ी कभी भी उग्र होकर खुद को नुकसान नहीं पहुंचाए और परिवार पर हमलावर नहीं हो। इसके लिए पुलिसकर्मी लगातार नजर बनाए हुए हैं। परिवार की ओर से कोई तहरीर आती है तो पुलिस नशेड़ी के खिलाफ कार्रवाई करेगी। फिलहाल पुलिस शांतिपूर्वक ढंग से युवक के जाने का इंतजार कर रही है।
>
> **-भारत सिंह**, थानाध्यक्ष, ट्रांजिट कैंप

मां पर कर चुका है जानलेवा हमला

रुद्रपुर। नशेड़ी की मां रेवती देवी का आरोप था कि छोटा बेटा बुरी संगत में पड़ने के कारण नशेड़ी बन चुका है और उसकी इसी आदत के कारण पत्नी भी छोड़ कर चली गई है। आरोप लगाया कि रविवार को नौ दिन बाद जब बहू के मायके से वापस लौटी तो उस वक्त टोकने पर बेटे ने गला दबाकर मारने की कोशिश की। पड़ोसियों ने मुश्किल से जान बचाई। आरोप था कि आए दिन पड़ोसियों से लड़ाई झगड़ा और नशेड़ी दोस्तों की आवाजाही घर पर रहती है।

नशा मुक्ति केंद्र जाने के बाद बना था काउंसलर

रुद्रपुर। अनिल उर्फ अन्नू थापा के नशेड़ी बनने के कारण परिवार के लोगों ने दस साल पहले उसे नशा मुक्ति केंद्र भेज दिया था। जहां युवक ने नशा छोड़ने के साथ ही नशे के लती युवाओं को खुद काउंसलिंग देकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना शुरू कर दिया और दो साल पहले खटीमा में नशा मुक्ति केंद्र खोलकर युवाओं की काउंसलिंग करने लगा। मगर स्वास्थ्य विभाग के छापे के बाद केंद्र बंद हो गया और अनिल एक बार फिर नशे की दलदल में चला गया।

दरवाजे के आगे लगा डाला भारी तख्त

रुद्रपुर। नशेड़ी के उग्र तेवर को देख जब पुलिस ने जबरन दरवाजा खोलने की कोशिश की तो नशेड़ी युवक ने कमरे में पड़ा भारी भरकम तख्त को अंदर से दरवाजे के सामने खड़ा कर दिया। साथ ही पुलिस की जबरदस्ती करता देख खुखरी निकालकर हमलावर होने की कोशिश करने लगा। जिसे देखकर पुलिस के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने नशेड़ी को आश्वासन दिया कि पुलिस अब किसी भी प्रकार की कोई जबरदस्ती नहीं करेगी। यहां तक की कोई भी व्यक्ति वीडियो बनाता तो नशेड़ी के तेवर ओर ज्यादा उग्र हो जाते।

पुलिस करने लगी छिपकर इंतजार

रुद्रपुर। रविवार अपराह्न से खुद व दोस्त के साथ कमरे में बंधक बने नशेड़ी के उग्र तेवर देखने के बाद पुलिस ने कई दांव पेंच खेलने की कोशिश की। मगर नशेड़ी भी इतना शातिर था कि पुलिस की हर गतिविधि को भांप रहा था। जब पुलिस ने युवक से वापस जाने की बात कहकर तीन पुलिसकर्मी दीवार के पीछे छिप गए और कई घंटे तक नशेड़ी की प्रतीक्षा की। आरोपी नशेड़ी भी कम नहीं निकला और बार-बार पुलिस कर्मी के दीवार के पीछे छिपने की बात कहकर अभद्रता करता रहा।

दोषी पति को सात साल का कठोर कारावास

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अलका बैरागी खुदकुशी प्रकरण के दोषी पति को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सात साल का कठोर कारावास और पचास हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई। इस दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया।

एडीजीसी लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि ग्राम भुडिया कॉलोनी बहेड़ी निवासी प्रशांत मंडल ने 14 फरवरी 2021 को रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि 11 साल पहले उसकी बहन अलका बैरागी की शादी गोविंदनगर पारागांव शक्ति फार्म निवासी अरुण बैरागी के साथ हुई थी। शादी के बाद पता चला कि युवक नशे का लती है और अपनी पत्नी पर गलत कार्य करने का दबाव बनाता है और अक्सर मारपीट करता रहता था। इस प्रताड़ना में बहन का देवर वरुण बैरागी, ससुर काली दास और सास वंदना बैरागी भी साथ देते हैं।

प्रताड़ना से तंग आकर बहन मायके रहने लगी और ससुरालियों द्वारा माफीनामा देने के बाद बहन पुनः ससुराल लौट गई। 14 फरवरी 2021 को देवर की कॉल आयी और बताया कि बहन अलका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब मौके पर जाकर देखा तो ससुराली फरार हो चुके थे और बहन का शव पंखे की कुंडी से लटका हुआ था, जबकि पैर जमीन पर लगे हुए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बहन को मार कर जबरन लटका गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना कर चार्जशीट अदालत में पेश कर दी। मामले की सुनवाई तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देऊपा की अदालत में शुरू हुई। जहां एडीजीसी लक्ष्मी नारायण पटवा ने अदालत के सामने 17 गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने मृतका के पति अरुण बैरागी को 306 का दोषी करार देते हुए सात साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई है।

फैसला

- 2021 में विवाहिता ने फांसी लगाकर की थी खुदकुशी
- एडीजीसी ने अदालत के सामने पेश किए 17 गवाह

विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

दुखद

- चार साल से मायके में रह रही थी अनीता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भूतबंगला बस्ती में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के वक्त विवाहिता के दोनों बच्चे स्कूल गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भूत बंगला निवासी 31 वर्षीय अनीता देवी की शादी वर्ष 2015 में मीरगंज के युवक से हुई थी। शादी के कुछ साल बाद ही पिछले चार सालों से पति से मनमुटाव के बाद वह अपने मायके में रहने लगी। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह दोनों बच्चे स्कूल चले गए और मां रजनी किसी से काम से बाहर गई थी। मौका पाकर विवाहिता ने कमरे में जाकर दुपट्टे से फंदा लगा लिया। कुछ देर बाद जब मां वापस लौटी और दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो दरवाजा नहीं खुला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो पाया कि विवाहिता फंदे पर लटकी हुई है। सूचना पर आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतका के दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

विवाहिता के आत्महत्या करने के बाद जानकारी लेतीं सीओ सदर निहारिका तोमर।

फड़ कारोबारियों ने वैडिंग जोन की सूची में नाम दर्ज करने की उठाई मांग

रुद्रपुर: हल्द्वानी रोड स्थित सब्जी मंडी गेट पर चने, परमल एवं फल आदि का कारोबार करने वाले स्थाई फड़ लगाकर व्यवसाय कर रहे थे। पूर्व में जी-20 के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा उनको उजाड़ दिया गया था। अब उनके पास कोई ठिकाना नहीं है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन वैडिंग जोन बना रहा है। इसकी सूची में उनका नाम भी दर्ज करने की मांग कारोबारियों ने की है। इस संबंध में कारोबारियों ने मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान वीरपाल, पप्पू गुप्ता, बुद्धसेन, अशोक कुमार, बालक राम, मोरपाल, आकाश, ओम प्रकाश, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

बनभूलपुरा हिंसा की न्यायिक जांच की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: 8 फरवरी को हल्द्वानी बनभूलपुरा में हुई घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग को लेकर रुद्रपुर के मजदूर संगठन, सामाजिक संगठन, मजदूर यूनियनों ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को प्रेषित किया। साथ ही घटना की निंदा की।

सोमवार को जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में सभी यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि 8 फरवरी को हल्द्वानी के मुस्लिम बहुल बनभूलपुरा क्षेत्र में कथित रूप से सरकारी भूमि पर अवैध मदरसे व मस्जिद को प्रशासन द्वारा ढहाये जाने के बाद हुई हिंसा, आगजनी, पथराव व पुलिस फायरिंग में पांच लोगों की मौत हो गई। साथ ही आम जनता, पत्रकार, पुलिसकर्मी सहित सैकड़ों लोग घायल हो गए। घटना के कर्फ्यू लगा दिया गया।

यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मामला उच्च न्यायालय नैनीताल में विचाराधीन है और 14 फरवरी को उस मामले में सुनवाई होनी थी। नोटिस जारी करने के बाद स्थानीय लोग विरोध कर रहे थे। उन्होंने इस मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश के नेतृत्व में कमेटी का गठन कर जांच कराने, नैनीताल जिले के डीएम और एसएसपी, एसडीएम हल्द्वानी और सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जाने, लोगों के खिलाफ कानून और संविधान के दायरे में रहकर ही कार्यवाही करने की मांग की। इसके अलावा पुलिस फायरिंग में मारे लोगों के परिजनों और घायलों को उचित मुआवजा दिये जाने और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने, सरकार व प्रशासन कर्फ्यू ग्रस्त इलाके में लोगों को दैनिक उपभोग की जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर शिवदेव सिंह, दिनेश चंद्र, सौरभ कुमार, फिरोज खान, ललित मटियाली, अमनदीप कौर, कैलाश चंद, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, दर्शन सिंह, अमर सिंह सैनी, सुख देवी, गोपाल सिंह, गौतम, राजेश कुमार, मनोहर सिंह रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सतर्कता पुलिस ने फ्लैग मार्च के दौरान चलाया सत्यापन अभियान, कई लोगों के चालान काटे

सिरौली कला में ड्रोन ने खोजे छतों में एकत्र ईंट-पत्थर

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: हल्द्वानी के बनभूलपुरा में बीते गुरुवार को हुई हिंसा के बाद यहां भी पुलिस सतर्क हो गई है। पुलभट्टा पुलिस की टीम ने कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में ड्रोन की मदद से सर्च अभियान चलाया और किराएदारों का सत्यापन किया। इस दौरान कई ग्रामीणों के घरों की छत पर ईंट -पत्थर मिलने तथा चार भवन स्वामियों द्वारा किराएदारों का सत्यापन न करने पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत दस -दस हजार रुपए का कोर्ट चालान किया गया।

थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 19, सिरौली कला एवं वार्ड नंबर 20 में दलबल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध लोगों की पहचान के लिए किराएदारों का सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस ने ड्रोन की मदद से पूरे क्षेत्र का हवाई निरीक्षण कर जायजा लिया।

अभियान के दौरान मूल रूप से गऊघाट, थाना किच्छा तथा वर्तमान में वार्ड नंबर 19, सिरौली कला निवासी सलीम अली, वार्ड नंबर 19 सिरौली कला निवासी तस्मिलन बेगम एवं मौसम खान के घर की छत पर भारी मात्रा में ईंट पत्थर मिलने तथा चार अन्य ग्रामीणों द्वारा अपने किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराने के आरोप में 10- 10 हजार रुपए का कोर्ट चालान किया गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने घर की छत पर एकत्र किए गए ईंट-पत्थर के नमूने कब्जे में ले लिए। ड्रोन के माध्यम ग्रामीणों की छतों के निरीक्षण के दौरान पुलिस ने ड्रोन के माध्यम से वीडियोग्राफी भी की। थाना अध्यक्ष भट्ट ने ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने, किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से करने तथा भवन की छत पर ईंट पत्थर न रखने की सलाह देते हुए छत को साफ रखने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान थाना अध्यक्ष भट्ट के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने प्रत्येक गली मोहल्ले में पहुंचकर फ्लैग मार्च करते हुए अराजक तत्वों को कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। प्रशासन द्वारा अचानक किए गए अभियान से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि ग्रामीणों को जागरूक करने तथा किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पुलभट्टा के सिरौली कला में गश्त करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

पुलिस ने गाड़ियों से बैटरी चुराने की योजना बना रहे दो आरोपी दबोचे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रंपुरा चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दो ऐसे चोरों को दबोच लिया जो हाईवे किनारे खड़े वाहनों से बैटरियां चुराने की साजिश रच चुके थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा व एक चाकू बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले पंजीकृत हैं और पेशेवर चोर हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम को रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। अचानक बिलासपुर रोड के समीप दो संदिग्ध युवक खड़े हुए थे और पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे तो पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम आकिब खान निवासी मोहल्ला साहूकारा बिलासपुर यूपी और शेर मियां बिलासपुर यूपी निवासी शादाब को बताया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 बोर का एक तमंचा व कारतूस व दूसरे आरोपी से एक धारदार चाकू बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बिलासपुर हाईवे पर सड़क किनारे खड़े वाहनों से बैटरियां चुराने का योजना बनाई थी और जब आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो पाया कि आरोपी आकिब पर थाना बिलासपुर थाने में चार चोरी व आर्म्स एक्ट और शादाब पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत है।

आरोपी के साथ पुलिस कर्मी।

एक नजर

स्क्रैप संचालक पर बिजली चोरी का मुकदमा

काशीपुर। महुआखेड़ा गंज स्थित एक स्क्रैप संचालक पर पुलिस ने बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। संचालक के खिलाफ विद्युत विभाग के एसडीओ ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। विद्युत विभाग के एसडीओ पंकज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बिजली चोरी के मामलों को देखते हुए उन्होंने अपनी टीम के साथ महुआखेड़ागंज क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान एक स्क्रैप संचालक के प्रतिष्ठान पर बिजली की चोरी होते हुए पाई। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर अनुसार आरोपी ए टू जेड स्क्रैप संचालक पर विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कई वाहनों के चालान काटे, जुर्माना वसूला

काशीपुर। आईटीआई थाना पुलिस ने यातायात व्यवस्था को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने छः वाहन चालकों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की और तीन हजार रुपये का संयोजन शुल्क वसूला। वहीं पुलिस ने बिना रिफ्लेक्टर लगे सड़क पर फर्राटा भर रहे चार वाहनों का भी चालान काटा। पुलिस ने उनसे 2000 रुपये का संयोजन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 2,500 रुपये का जुर्माना वसूला।

सिडकुल में 90 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा एक्वा पार्क: सौरभ

कैबिनेट मंत्री ने किया एफपीओ कार्यालय का उद्घाटन, महिलाओं को मुफ्त मिलेगा चारा बीज

संवाददाता, शक्तिफार्म

78 करोड़ की लागत से राजनगर में स्थापित होगी आइसक्रीम फैक्ट्री

50 फीसदी तक सब्सिडी दी जा रही है महिलाओं को मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना में

शक्तिफार्म में लोगों को संबोधित करते सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

अमृत विचार: कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चारा उत्पादन सहकारी समिति (एफपीओ) के माध्यम से निशुल्क चारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

दुग्ध समिति जिला अध्यक्ष प्रभा रावत के परिसर में स्थित चारा उत्पादन सहकारी समिति कार्यालय का उद्घाटन करने के पश्चात कैबिनेट मंत्री ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शक्तिफार्म क्षेत्र में करीब एक हजार समूह कार्यरत हैं। इनमें से सात सौ महिलाएं चारा उत्पादन सहकारी समिति से जुड़ी हैं। इन महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए निशुल्क चारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि वह चारा उत्पादन कर साइलेज निर्माण कर सके। उन्होंने मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इसमें महिलाओं को 50 फीसदी तक सब्सिडी दी जा रही है। मंत्री ने क्षेत्र में शिविर लगाकर महिलाओं को इस योजना से जोड़ने की बात कही। कहा कि सरकार कुक्कुट वैली और गोट वैली प्रोजेक्ट से महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना चला रही है।

उन्होंने सिडकुल में 90 करोड़ की लागत से एक्वा पार्क बनाने और राजनगर में 78 करोड़ की लागत से आइसक्रीम फैक्ट्री के निर्माण करने की बात कही। कहा कि इससे मछली उत्पादकों को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। मंत्री ने नवनिर्वाचित दुग्ध संघ अध्यक्ष प्रभा रावत को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश रावत भाजपा में शामिल हुए। संचालन जिला मंत्री मयंक अग्रवाल ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रामाणिक, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष योगेंद्र रावत, सुनील विश्वास, कार्तिक राय, आदेश ठाकुर, विधान दास, शिखा हालदार, मलिना, देबू मण्डल, सरिता, मीना, महेंद्र सिंह आदि थे।

रंगदारी के मामले में आरोपी उद्यमी पिता पुत्र ने दर्ज कराए बयान

काशीपुर। रंगदारी और जानलेवा हमले के आरोपी उद्यमी पिता-पुत्र अधिवक्ताओं के साथ बयान के लिये कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने अपने बयान दर्ज कराये।

25 अक्टूबर 2023 को व्यवसायी प्रतीक अग्रवाल ने उद्यमी अनूप अग्रवाल व उनके पुत्र अमोल अग्रवाल के खिलाफ रंगदारी व फायरिंग कर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों के अधिवक्ता आनंद स्वरूप रस्तोगी ने बताया कि आरोपियों ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था।

सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली थी। अधिवक्ता ने बताया कि मामले में कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी ने बयान दर्ज कराने के लिये उद्यमी अनूप अग्रवाल को नोटिस जारी किया था। सोमवार को उद्यमी अनूप अपने पुत्र अमोल व अधिवक्ताओं के साथ बयान दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने अपने बयान दर्ज कराये। इस दौरान हाईकोर्ट के अधिवक्ता हर्षपाल सिंह सेखो, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, आनंद रस्तोगी, संदीप सहगल, निपेंद्र चौधरी, भास्कर त्यागी एडवोकेट मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट करते बायजूस रुद्रपुर के सदस्य।

श्रीराम संस्थान के 7 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट

काशीपुर। श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के सत्र 2022-24 के अंतिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट के लिए बायजूस रुद्रपुर द्वारा संस्थान में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें एमबीए में पांच छात्र-छात्राओं मानसी, शैली, स्वाती, समीर एवं संदीप तथा बीबीए अंतिम सेमेस्टर के दो छात्राओं आयुषी चौधरी व नेहा शर्मा का चयन हुआ है। इस चयन से छात्र-छात्राओं के परिजन तथा श्रीराम संस्थान परिवार में खुशी का माहौल है। संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक डॉ. योगराज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा, मैनेजमेंट विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. शोभित त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक नमित भटनागर व अकील अहमद ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए तत्पर रहने को प्रेरित किया।

खटीमा के यूपी सीमा पर वाहन चालकों की आंखों की जांच कराती पुलिस।

पुलिस ने 200 वाहन चालकों की आंखों की जांच कराई

खटीमा। सत्रहमील पुलिस ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत यूपी सीमा पर आने जाने वाहनों को रोककर 200 से अधिक चालकों की आंखों की जांच कराई। जिसमें 50 वाहन चालकों की आंखें रोगग्रसित पाई गई। डॉ अशोक कुमार राठौर ने उन्हें दवाइयां दी। वहीं पुलिस ने बिना हेलमेट चलने वाले वहां चालकों के चलन काटकर पांच हजार का राजस्व वसूला और उन्हें हेलमेट पहनने की अपील की। इस दौरान दो वाहन सीज भी किए गए। टीम में चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, हरेंद्र थापा, चरण सिंह, रवि कुमार, विपिन कुमार आदि थे।

काशीपुर में धार्मिक अनुष्ठान कराते आचार्य विद्वान। ● अमृत विचार

धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया

काशीपुर। ऐतिहासिक चैती मेला परिसर स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में देव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन आचार्य विद्वानों ने जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, मंडप पूजन समेत विधि-विधान पूर्वक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा तथा धार्मिक अनुष्ठान में विशेष सहयोग के लिए मुख्य यजमान पूर्व प्रधान आनंद कुमार, शिशिर अग्रवाल समेत मां भक्तों का विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। आचार्य देवकी नंदन शास्त्री, दयाशंकर जोशी, कैलाश धौलाखंडी, खिलेश पांडेय, भुवन जोशी समेत विद्वानों ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया।

महुआडाबरा में अमृत योजना के तहत पहुंचेगा शुद्ध पेयजल

राहत की बात

- जल निगम ने डीपीआर बनाने का काम किया शुरू

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: अमृत योजना में अब महुआखेड़ा गंज और महुआडाबरा के ग्रामीणों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की कवायद चल रही है। जल निगम द्वारा जल्द ही लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्य की डीपीआर बनाकर शासन को भेजने की तैयारी चल रही है।

काशीपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की अमृत योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य हुआ था। इसी बीच बचे हुए क्षेत्रों में जल निगम अमृत योजना 2.0 के तहत कार्य कराएगा। जिसकी शुरुआत महुआखेड़ा गंज और महुआडाबरा से होगी। दोनों ही क्षेत्रों में सर्वे का काम पूरा करा लिया गया है। महुआखेड़ा गंज में 25 हजार तो महुआडाबरा में लगभग 15 हजार की आबादी है। यहां लोग अभी पुरानी लाइन से पानी का उपयोग कर रहे हैं। इस कार्य को एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से पूरा कराया जाना है। जल निगम के एई शशिपाल चौहान ने बताया कि महुआखेड़ा गंज व महुआडाबरा में सर्वे का काम पूरा करा दिया गया है।

पुलिस ने शराब भट्ठी तोड़ी, एक आरोपी दबोचा

कार्रवाई

- दूसरा आरोपी फरार, मौके से बरामद की 20 लीटर शराब
- शराब बनाने के उपकरण किए बरामद, लहन किया नष्ट

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली अंतर्गत ग्राम कनकपुर में पुलिस ने छापा मारकर एक आरोपी को अवैध शराब बनाते दबोच लिया। जबकि दूसरा आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने नाला किनारे लगाई गई अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त करते हुए शराब बनाने के तमाम उपकरण कब्जे में ले लिए। पुलिस टीम ने मौके पर करीब 500 लीटर शराब का लहन नष्ट करते हुए करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली।

किच्छा में पुलिस द्वारा ध्वस्त की गई अवैध शराब भट्टी। ● अमृत विचार

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को न्यायालय पेश करने तथा फरार आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनकपुर बंगाली कॉलोनी में नाला किनारे दो आरोपियों द्वारा अवैध शराब बनाई जा रही है। सूचना पर उप निरीक्षक विजय कुमार एवं पुलिसकर्मी भगवत परिहार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर श्याम कॉलोनी, ग्राम कनकपुर, किच्छा निवासी सोनू कुमार को पकड़ लिया। जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। फरार आरोपी की पहचान ग्राम देवरिया, थाना किच्छा निवासी महेश सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने जमीन में गड्ढे बनाकर छिपाए गए कच्ची शराब के 500 लीटर लहन को गड्ढे से निकालकर नाले में बहा दिया तथा अवैध भट्टी को ध्वस्त कर लोहे का ड्रम, एल्यूमीनियम का पतीला, प्लास्टिक का पाइप, मिट्टी का मटका आदि उपकरणों सहित 20 लीटर शराब बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार फरार आरोपी महेश सिंह को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गहरे गड्ढे में गिरने से गाय की मौत

किच्छा। ग्राम रजपुरा गडरिया बाग क्षेत्र में विगत रात्रि एक गाय घूमते हुए गहरे गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। गड्ढे में गिरने से गाय के दो पैर टूट गए। पूरी रात गड्ढे में फंसे रहने से गाय की मौत हो गई।

सुबह जब ग्रामीण मौके से गुजरे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना पर स्थानीय निवासी मीडिया कर्मी यशवंत कुमार मौके पर पहुंचे और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा को घटना से जेसीबी मशीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। कोतवाली निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने त्वरित कार्रवाई कर एक जेसीबी मौके पर भेज दी। मीडिया कर्मी यशवंत ने गोवंशीय पशु के शव को गड्ढे से बाहर निकलवाया और गोला नदी किनारे गड्ढा खोदकर गाय के शव को दफना दिया।

कौशल विकास के क्षेत्र में हैं रोजगार की संभावनाएं

संवाददाता, शांतिपुरी

भ्रमण

- छात्र-छात्राओं ने सूरजमल यूनिवर्सिटी का भ्रमण किया

अमृत विचार: शातिंपुरी आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को सूरजमल यूनिवर्सिटी किच्छा का शैक्षिक भ्रमण किया। जहां विवि के प्रवक्ताओं ने उन्हें अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, बायोलॉजिकल लैब, इंजीनियरिंग लैब, लाइब्रेरी एवं विभिन्न टेक्निकल एवं एजुकेशनल डिप्लोमा कोर्सों की जानकारियां दी।

इस दौरान यूनिवर्सिटी के हॉल में आयोजित शैक्षिक परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूरजमल विवि के कुलपति डॉ. एचएस धामी ने कौशल विकास के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं गिनाईं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर एवं सॉफ्टवेयर एजुकेशन में अंतर तथा आधुनिक समय में रोजगार के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता पर चर्चा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने उज्जवल भविष्य के लिए कड़ा परिश्रम व लक्ष्य आधारित विषयों का चयन कर लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनका संस्थान अच्छे व जागरूक छात्रों के बेहतर मार्गदर्शन के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

चेक बाउंस के मामले में महिला को किया गिरफ्तार

काशीपुर। चेक बाउंस के मामले में फरार चल रही एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसका चालान कर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया।

जनपद भर में चलाये जा रहे ऑपरेशन क्रेकडाउन व एनवीडब्ल्यू के तहत पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पिछले लम्बे समय से कोर्ट में पेश न होने पर कुमायूं कालोनी कचनालगाजी निवासी महिला को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस टीम में एसआई नीमा बोरा, एसआई देवेंद्र सिंह सामन्त, महिला कांस्टेबल रिचा तिवारी, महिला होमगार्ड शिवानी, कांस्टेबल दीपक जोशी व हेमचन्द्र शामिल रहे।

मुख्यमंत्री ने किया नृत्य टीम को सम्मानित

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: गुरुकुल डायनेस्टी मॉडर्न एकेडमी छिनकी फॉर्म की प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली समूह नृत्य टीम को प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा सम्मानित किया गया।

आरजे काव्य द्वारा आयोजित 'ओहो हिल यात्रा' उत्तराखंड से मानसखंड एक नंबर उत्तराखंड के सीजन -3 कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी की समूह नृत्य की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। ओहो रेडियो ने विद्यालय के छात्र -छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने हेतु व लोगों में अपनी संस्कृति को विस्तारित करने हेतु प्रदेश स्तर पर सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाली टीम को सम्मानित किया। विद्यार्थियों के कार्यक्रम व उत्साह को देखकर मुख्यमंत्री जी ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि इतने दूरस्थ क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद भी इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रत्येक क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित किया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, दिगम्बर भट्ट, सुरेश ओली, अशोक जोशी, रमेश जोशी, राहुल कुमार, चामू रहे।

खटीमा से गुरुकुल डायनेस्टी मॉडर्न एकेडमी की समूह नृत्य की टीम के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रबंधक भट्ट।

अधिवेशन बंगो लोक भारती का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न, विभिन्न प्रांतों से पहुंचे संतों ने किया ग्राम भ्रमण

बंगभाषियों की समस्याओं पर किया विचार मंथन

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: बंगो लोक भारती का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन का सोमवार को विधिवत समापन हुआ। समापन से पूर्व देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे संतों एवं प्रबुद्ध लोगों ने ग्राम भ्रमण किया। इस दौरान उनका महिलाओं ने पारंपरिक रूप से शंखनाद एवं पुष्प वर्षा से साथ स्वागत और अभिवादन किया।

द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन समापन समारोह का शुभारंभ, बंगो लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र एवं आचार्य जय राम आनंद गिरि ने दीप प्रज्वलन तथा 21 महिलाओं द्वारा पारंपरिक रूप से शंखनाद कर किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रांतों में बंगभाषी लोगों में संगठन के कार्य विस्तार के लिए दायित्व दिया गया। साथ ही बंगभाषियों की तमाम समस्याओं पर गहनता के साथ मंथन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रांतों से पहुंचे संतों एवं प्रबुद्ध लोगों ने देश एवं समाज के उत्थान के लिए व्यक्तित्व निर्माण पर बल दिया।

शीश झुकाकर संतों का अभिवादन करतीं एक महिला। ● अमृत विचार

इस मौके पर महाराज गुणानंद, आचार्य बाल गोविंद महाराज, जय राम आनंद गिरि महाराज, बृजेंद्र पाल, गोपाल उपाध्याय, श्री कृष्ण चौधरी, डॉ देव ज्योति, डॉ पार्थ प्रतिम, सुमंत विश्वास, संजय शाह, अमल मंडल, पंचानन मंडल, रीता हालदार, रानी माली, अजय चौधरी, सुनील सरकार, राजेश सरकार, अनूप सरकार, शांति राम भंडार, चंद्रशेखर मल्लिक,सुमिरन मंडल समेत विभिन्न प्रांतो से पहुंचे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सीनियर बच्चों को विदाई दी

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: जवाहरनगर सत्संग आश्रम सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय प्रशासन की ओर से इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें स्कूल प्रशासन की ओर से कक्षा अध्यापक शिखर पांडे और वंदना पांडे के नेतृत्व में जूनियर छात्रों ने सीनियरों को विदाई दी।

छात्रा प्रमुख आकांक्षा मेहरा व छात्र प्रमुख प्रमोद सिंह ने विद्यार्थी जीवन की मधुर स्मृतियों से शिक्षकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मिस लामार्टियन और मिस्टर लामार्टियन के चयन के लिए जजों ने प्रतिभागियों से सवाल पूछे। इसमें सुहानी कांडपाल मिस लामार्टियन और नवीन देवराड़ी मिस्टर लामार्टियन चुने गए। समारोह में स्कूली बच्चों ने मधुर संगीत और आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। निदेशक प्रमोद वर्मा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सफलता के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य बृजमोहन कुनियाल ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन मयंक पांडे, अंजलि उपाध्याय, अंकुर गुप्ता और साक्षी कोरंगा ने किया तो वहीं छात्रा अंजलि ने सीनियर्स को मनोरंजक टाइटल देकर समारोह को यादगार बनाया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबन्धक प्रमोद वर्मा, निदेशक उमेश बोरा, प्रधानाचार्य बृजमोहन कुनियाल सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

सेंट लामार्ट स्कूल में सीनियर छात्राओं को समारोह पूर्वक दी गई विदाई। ● अमृत विचार

गांव चलो अभियान: विधायक अरोरा ने भदईपुरा में किया प्रवास

बूथ कमेटी के साथ की बैठक, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सक्रिय रहने के दिए निर्देश, क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर योजनाओं के पत्रक किए वितरित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : गांव चलो अभियान के तहत विधायक शिव अरोरा भी प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में बूथ नंबर 94 भदईपुरा में प्रवास किया। इस दौरान विधायक अरोरा ने बूथ की कमेटी संग बैठक की। आगामी चुनाव को देखते हुए बूथ की कमेटी के सदस्यों को कमर कसने को कहा। पैदल भ्रमण कर संपर्क करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरित कर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

विधायक अरोरा ने कहा कि महज कुछ ही दिनों में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। इसलिए बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का पहले से ही मंत्र रहा है कि बूथ जीता चुनाव जीता। भदईपुरा क्षेत्र हिंदुत्व और भाजपा का गढ़ रहा है जहां से कमल का फूल एक तरफा परचम लहराता है। रुद्रपुर विधानसभा से हम पहले से भी बड़े अंतर से लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे। उन्होंने बूथ कमेटी को सक्रिय रहने के साथ ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को जीत दिलाने के लिए तैयारी करने को कहा। इस अवसर पर भाजपा नेता वेद ठुकराल, बूथ अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, राजेश यादव, स्वाति शर्मा, रजनी रावत, अनमोल विर्क, ममता त्रिपाठी, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, विकास सागर, आशीष यादव, कौशल शर्मा, सुरेश शर्मा, महावीर कश्यप, सुमित यादव, सूरज पांडेय, नमन चावला, मोर सिंह यादव, सुनील सागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रुद्रपुर में केंद्र सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरित करते विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

रुद्रपुर के मोहनपुर बूथ में रात्रि प्रवास के दौरान ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते निवर्तमान मेयर रामपाल। ● अमृत विचार

योजनाओं की जानकारी दी

खटीमा : गांव चलो अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर राज्य व केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों को बता रहे है। इसी क्रम में मोहम्मदपुर भुड़िया और नगला जोगीठेर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। विधानसभा विस्तारक आलोक तिवारी ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताते हुए एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में लगने को कहा।

शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक व विधानसभा पालक डॉ नवीन भट्ट ने राज्य व केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का भी विकास करना चाहती है। इस अवसर किसान आयोग उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, मण्डल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्या, एसटी मोर्चा अध्यक्ष विपिन राणा, रिंकू बाजवा, दिलीप राणा, बूथ अध्यक्ष रामकली, सचिन राणा, ग्राम प्रधान जितेंद्र गौतम, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जस्सी सेखों, महामंत्री परविंदर सिंह, विक्कू गौतम, अरुण राणा, बूथ अध्यक्ष विनय गौतम, रिंकू बाजवा, मुन्ना लाल दास, बंटी राणा आदि मौजूद रहे।

खटीमा के मोहम्मदपुर भुड़िया में लगी रात्रि चौपाल में योजनाओं की जानकारी देते भाजपाई।

निवर्तमान मेयर रामपाल ने मोहनपुर बूथ पर किया रात्रि प्रवास

रुद्रपुर : राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के तहत निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने बूथ नंबर 206 के मोहनपुर बूथ पर रात्रि प्रवास किया।

उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बतायी। इस दौरान उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया और लाभार्थियों से भी मुलाकात की। इस मौके पर निवर्तमान मेयर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की धामी सरकार हर वर्ग के लोगों के विकास के लिए कार्य कर रही है। योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने हाल ही में अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर करोड़ों हिंदुओं का सपना पूरा किया है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी विधेयक विधानसभा में पारित करके इतिहास रचने का काम किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में गांव और गरीब की समस्याओं के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया है। लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है।

श्रीबालाजी घाटा मंदिर में स्थापना दिवस मनाया

बाजपुर : नगर के संजय कालोनी स्थित श्रीबालाजी घाटा मंदिर में शिव परिवार की स्थापना को चार वर्ष होने पर श्रद्धालुओं ने स्थापना दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी करवाया गया।

सोमवार को मंदिर में प्रातः आठ बजे विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा हवन-यज्ञ करवाकर उसमें आहूतियां अर्पित कर घर-परिवार व क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की गई।इसके बाद दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेककर भोलेनाथ से मन्नतें भी मांगी। इस मौके पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, रामकिशन गर्ग, शिवकुमार गर्ग, विजय गर्ग, गोलू, जसवंत, विमल शर्मा, राजेश पाठक, तेजप्रकाश रहे।

बाइक फिसल जाने से दो भाई गंभीर रूप से घायल, एक रेफर

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : देर रात सड़क हादसे में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आसपास के लोगों द्वारा उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हालत गंभीर होने पर एक घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शुगर फैक्ट्री निवासी रिंकू (18) पुत्र राजीव अपने भाई विवेक (12) के साथ बाइक पर सवार होकर बिरहा फार्म स्थित मोनू के घर मिलने के लिए गया था। बताया जाता है कि वापस घर लौटते वक्त रविवार देर रात्रि करीब 10 बजे बिराहा रोड पर भोना इस्लामनागर के पास अचानक बाइक फिसल गई जिससे दोनों बाइक समेत सड़क पर काफी दूर तक घिसटते हुए चले गए। हादसे में बुरी तरह घायल हुए दोनों भाइयों को राहगीरों की मदद से आनन-फानन में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर एक भाई को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

बाजपुर में सड़क हादसे में घायल युवक का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार घायल

बाजपुर। टेम्पो की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उप्र निवासी वसीम पुत्र मो.यासीन सोमवार को बाइक पर कहीं जा रहा था। इसी बीच रामराज रोड पर फौजी कालोनी में मोड़ पर अचानक टेम्पो आ गया जिसकी चपेट में आकर वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे गंभीरावस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

आरजे काव्य व एआरटीओ ने दी यातायात नियमों की जानकारी

▸▸ गुलाब का फूल व चॉकलेट देकर लोगों को किया प्रेरित

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड के पहले डिजिटल रेडियो ओहो रेडियो के आरजे काव्य और एआरटीओ ने अपनी टीम के साथ एमपी चौक पर यातायात नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया और उनका चालान काटने के बजाय उनको गुलाब का फूल व चॉकलेट भेंट कर नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया।

सोमवार को महाराणा प्रताप चौक पर ओहो रेडियो के आरजे काव्य उर्फ कवींद्र सिंह मेहता और एआरटीओ विमल पाण्डेय ने यातायात माह के तहत लोगों को यातायात का पाठ पढ़ाया।

साथ ही नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने की अपील भी की। इस दौरान वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, हेलमेट लगाने, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान आरजे काव्य ने बिना हेल्मेट जा रहे लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उन्हें चॉकलेट व गुलाब का फूल देते हुए भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान आरजे काव्य व एआरटीओ विमल पाण्डे के साथ अभिलाष गौरेले, सचिन कुमार समेत ट्रैफिक पुलिस भी मौजूद रही।

एमपी चौक पर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते आजे काव्य।

सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ काट ले गए तस्कर

▸▸ ग्राम रजपुरा स्थित पवन फार्म की सरकारी भूमि पर खड़े थे पेड़

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: विधानसभा अंतर्गत ग्राम रजपुरा स्थित पवन फार्म की सरकारी भूमि पर लगे पेड़ों पर लकड़ी तस्करों द्वारा लगातार आरी चलाई जा रही है। विगत रात्रि भी चोरों ने दस हरे पेड़ों पर आरी चलाते हुए कई कुंतल लकड़ी चोरी कर ली और मौके से फरार हो गए।

सोमवार सुबह जब स्थानीय लोगों को पेड़ काटे जाने की जानकारी हुई तो तहसील प्रशासन को घटना की सूचना दी गई। तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी के निर्देश पर क्षेत्रीय पटवारी दीपक कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। बताया जा रहा है कि चोरों ने पवन फार्म की सरकारी भूमि पर लगे कदम के 10 हरे पेड़ काट लिए और कई कुंतल लकड़ी चोरी करने के बाद तस्कर मौके से फरार हो गए। मौके पर केवल कटी हुई जड़ मिलने के बाद प्रशासन ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पटवारी दीपक सिंह ने बताया कि पवन फार्म क्षेत्र स्थित सरकारी भूमि पर लगे पेड़ों को पूर्व में भी लकड़ी तस्करों द्वारा चोरी करने का मामला प्रकाश में आ चुका है तथा अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया कि पवन फॉर्म के पेड़ों को नीलाम करने की रिपोर्ट तहसील प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छात्रों के गुट ने एक छात्र को घेरकर पीटा

बाजपुर : पुरानी रंजिश के चलते कुछ छात्रों ने नाबालिग छात्र पर घेरकर गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों व राहगीरों ने किसी तरह बीच-बचाव करवाया।

घटना के कारण काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। नैनीताल बाजपुर मुख्यमार्ग पर स्थित एक विद्यालय में अध्ययनरत 16 वर्षीय छात्र का बेरिया रोड पर स्थित दूसरे विद्यालय के कुछ छात्रों से कुछ समय पहले विवाद हो गया था।

आरोप है कि इन विद्यार्थियों ने रंजिशन मुख्यमार्ग पर रेलवे क्रासिंग के नजदीक उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए हमलावर हो गए जिसमें वह घायल हुआ है। फिलहाल घटना की तहरीर नहीं दी गई है।

श्री दक्षिणेश्वरी काली पीठ मंदिर में हवन-यज्ञ आयोजन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : श्रीराम मंदिर अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान होने के उपलक्ष्य में मां श्री दक्षिणेश्वरी काली पीठ मंदिर (निर्माणधीन सेवा प्रकल्प) में हवन-यज्ञ का आयोजन करवाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ में आहूतियां अर्पित की सुख-समृद्धि की कामना की।

अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के पश्चात सोमवार को सिंह कालोनी चकरपुर रोड स्थित मंदिर के मुख्य पुजारी महंत विकासानंद महाराज की अगुवाई में महायज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य व कथावाचक पं. शिवकुमार शास्त्री, संजय भारद्वाज व ललित जोशी ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ के धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण करवाया। इसके पश्चात दोपहर में विशाल भंडारा करवाया गया। इसके अलावा अयोध्या से लाए गए प्रसाद का वितरण 13 फरवरी आज को नगर में घूम कर श्रद्धालुओं में किया जाएगा। विकासानंद महाराज ने कहा कि इस तरह के भक्तिभाव के कार्य आगे भी होते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान जय श्रीराम व जय काली माता के जयकारे गूंजते रहे। इस मौके पर आरएसएस के नगर प्रचारक सुशील सिंघला, विमल शर्मा, प्रमोद राजहंस, राजेश पाठक, भागवत म्यान, राजीव प्रणवी, विपिन मित्तल, गणेश यादव आरि मौजूद रहे।

हवन-यज्ञ में आहूति अर्पित करते महंत विकासानंद महाराज व श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मेडल जीतकर पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत

▸▸ देहरादून में हुआ प्रथम जनजातीय खेल महोत्सव

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : देहरादून में आयोजित प्रथम राज्य जनजातीय खेल महोत्सव में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के पदक जीत कर लौटे छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिसर में फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

खेल महोत्सव आठ से 10 तक आयोजित किया गया था। जनजातीय शोध संस्थान देहरादून द्वारा आयोजित प्रथम राज्य जनजातीय खेल महोत्सव में शिरकत करते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विनीत राणा ने 100 मीटर फर्राटा रेस में द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि 200 मीटर रेस में सुमित राणा ने प्रथम और अंकित राणा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। चक्का फेंक में सुमित राणा ने प्रथम और गोला फेंक में तृतीए स्थान हासिल किया। वहीं 100×4 मीटर रिले रेस में सुमित राणा, साहिल राणा, नितिन राणा और अनिकेत ने प्रथम स्थान हासिल किया। सुमित राणा को बेस्ट एथलीट चुना गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ियों का सोमवार को आईटीआई परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र, शैलेश सक्सेना, मनीष वर्मा, मुकेश राणा, संजय सिंह रावत, प्रमोद पोखरिया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा और बच्चे मौजूद थे।

डीजे ने किया चैंबर्स का शिलान्यास

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : खटीमा के न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बनाए जाने वाले चैंबर्स का शिलान्यास जिला जज प्रेम सिंह खिमाल ने पूजा अर्चना के साथ किया। न्यायालय परिसर में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में अधिवक्ता दयाकिशन कालोनी द्वारा कराए गए पूजा अर्चना कार्यक्रम में जिला जज प्रेम सिंह खिमाल बतौर यजमान शामिल होकर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर अपर जिला जज मंजू मुंडे, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्गा शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित भट्ट, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट भारती मिगलानी, कुटुंब न्यायाधीश उदय प्रताप सिंह, एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा, उपाध्यक्ष प्रियंक पाठक, महिला उपाध्यक्ष स्नेहा प्रभा, कोषाध्यक्ष नईम रिजवी, मो जफर, केडी भट्ट, बीके जौहरी, हरजिंदर सिंह कलसी, दिलेर सिंह, रामबचन, इकबाल अहमद, नरेश पांडे, साबिर हुसैन, महेंद्र सिंह राणा, अकील अहमद, कविंद्र कफलिया, केडी पांडे, विवेक जोशी, मोहसिन बेग, मो आसिफ, संगीता राणा, पूनम राणा, शहाना बेगम, चंचल, सुनील भट्ट, मनोहर लाल विश्वकर्मा, नंदन सिंह राणा, रमनदीप सिंह सेठी, सुरजीत सिंह, मनोज शर्मा, पीसी पंत, राकेश बिष्ट आदि थे।

अधिवक्ता चेंबर का पूजा अर्चना कर शिलान्यास करते जिला जज प्रेम सिंह खिमाल।

मोनाड स्कूल के पूर्व छात्र गौरव ने जीता स्वर्ण पदक

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : मोनाड स्कूल के पूर्व छात्र गौरव सिंह ने कुश्ती के 91 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है।

बीते 9 से 11 फरवरी को प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खरखोद, सोनीपत, हरियाणा में आयोजित 16वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मोनाड पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र गौरव सिंह ने प्रतिभाग किया। इस दौरान गौरव ने अंडर 21 आयु वर्ग के तहत 91 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। उसने फाइनल में राजस्थान के खिलाड़ी को 8-2 के अंतर से हराया। गौरव को प्रसिद्ध निशानेबाज शिवम ठाकुर ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रंधानाचार्य नेहा भारद्वाज, डायरेक्टर राजेश डावर, संजय सिंह, अजीत सिंह, मनमोहन रावत ने गौरव को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

गौरव को सम्मानित करते प्रसिद्ध निशानेबाज शिवम ठाकुर।

सीनियर छात्राओं को विदाई दी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : राणा प्रताप स्कूल के 11वीं के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अपने सीनियर्स को विदाई दी।

महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ प्रशांत जोशी अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में सर्व प्रथम मन सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया गया। बाद में बच्चों ने सीनियर्स के सम्मान में कुमाऊनी लोक नृत्य, पंजाबी लोक नृत्य सहित अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समान बांधा। डॉक्टर प्रशांत जोशी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा की असफलता से ही हम सफलता की ओर बढ़ते हैं। अतः हमें असफलताओं को भी अपने जीवन में उतार कर उनसे दिन प्रतिदिन सीखते रहना चाहिए तभी हम एक सफल मनुष्य बन पाएंगे। इस अवसर पर प्रबंधक गीता राम बंसल, हरिश्चंद्र जोशी, प्रधानाचार्य रविंद्र प्रकाश पंत, हरिश्चंद्र मठपाल, ललित मोहन जोशी, सत्येंद्र सिंह कंडारी, संजय कार्की, देवी सिंह राजपूत, दीपक चंद्र, सुनीता गंगवार, रश्मि सिंह, रजनी, हेमलता कांडपाल, चंद्रिका छेत्री, आकांक्षा चौहान महेश जोशी, वीरेन्द्र पोखरिया, कृष्ण, भूपेंद्र बेलाल, अभिषेक पासवान आदि रहे।

खटीमा के राणा प्रताप इंटर कॉलेज में विदाई समारोह में उपस्थित बच्चे व अन्य।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अङ्गणवेदी वसुधा कुल्या जलधिः स्थली च पातालम् ।
वल्मीकश्च सुमेरुः कृतप्रतिज्ञस्य वीरस्य ।

दृढ़ संकल्पित योद्धा के लिए संपूर्ण वसुधा कुटुंब रूपी आंगन के समान है। सागर नदी के समान है। सुमेरू जैसा पर्वत भी चीटियों का धाम ही है।

संपादकीय

कूटनीतिक सफलता

कतर में मौत की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के आठ पूर्व जवानों की सकुशल घर वापसी को मुमकिन बनाने के कतर के अमीर के फैसले की सराहना की जानी चाहिए। ध्यान रहे कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर, 2023 को भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई थी। साल 2022 में कतर की एक कंपनी में काम करने वाले इन अधिकारियों पर जासूसी का आरोप लगाकर वहां की सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। ये सभी पूर्व अधिकारी वहां की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज' नाम की कंपनी के लिए काम कर रहे थे। सवाल उठा कि क्या सरकार इन्हें बचा पाएगी, वो क्या रास्ता निकालेगी और उन्हें लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर क्या कदम उठाएंगे? इन पर जासूसी के आरोप लगे थे। इनकी वापसी नामुमकिन सी थी, लेकिन भारत सरकार की कूटनीति और रणनीति काम आई। इन्हें रिहा कराने के लिए भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर मजबूत रणनीति बनाई। दरअसल भारत और कतर के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। कतर में आठ लाख से भी ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं। भारत अपनी 40 फीसदी तरल प्राकृतिक गैस या एलएनजी कतर से हासिल करता है। पैट्रोनैट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। ऐसे में भारत ने शुरू से ही इस मामले को लेकर कतर से बातचीत जारी रखी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल दिसंबर में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्द अल-थानी से दुबई में हुए सीओपी 28 सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी।

इस बैठक में पीएम मोदी ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के मसले पर बात की। जानकारों के मुताबिक कतर एक ऐसा देश रहा है जो हमेशा मध्यस्थता करके दो देशों के विवादों को सुलझाने में मदद के लिए जाना गया है। इजराइल और हमास के बीच भी कतर ने मध्यस्थता की। इस पूरे घटनाक्रम के बीच 2014 की संधि को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता, जिसमें तय किया गया था कि अगर किसी कारण से दोनों देशों के नागरिकों को सजा मिलती है तो वो अपने देश में सजा काट सकते हैं। चर्चा इस बात की थी कि भारत सरकार ने इस मामले को कूटनीतिक नजरिए से उठाते हुए अमेरिका और तुर्किए से भी बातचीत की थी। वैश्विक स्तर पर भारत की इस ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता के पीछे दुनिया में भारत का बढ़ता कद भी रहा। भारत ने जिस तरह मामले को उठाया, उसके आगे कतर को कैदियों को राहत देनी पड़ी।

आईसीएआर की पृष्ठभूमि में स्वामीनाथन की भविष्य दृष्टि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया।

98 वर्ष की उम्र में प्रो.मन्कोम्बू संबाशिवम स्वामीनाथन जिन्हें हम एमएस स्वामीनाथन कहते हैं का देहांत 28 सितंबर 2023 को हुआ। चार महीने बाद 9 फरवरी 2024 को प्रो.स्वामीनाथन को मृत्योपरांत भारत रत्न देने की घोषणा भारत सरकार ने की तब इनके बारे समाचार माध्यमों में चर्चा पुनः शुरू हुई। स्वामीनाथन भारत में कृषि क्षेत्र में पोस्ट-कॉलोनियल रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन के जरिए 'हरित क्रांति का पितामह' कहे जाने के कारण लोकस्मृति का स्थायी हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय कृषि को कम उत्पादन, मानसून पर ही निर्भरता संबंधी कठिनाई, कृषि भूमि की गिरती हुई उर्वरता, छोटी और अनुत्पादक जोत, फसलों की सिंचाई के लिए पानी और तकनीकि संसाधनों की कमी, कीट-पतंगों के प्रबंधन और इनकी भूमिका के बारे में निम्न स्तर की समझ, कृषि शिक्षा और वैज्ञानिक शोध के स्तर का स्थिर हो जाना, नए बीजों के रचनाक्रम और इनके अभाव, पुराने एवं पारंपरिक बीजों (फार्मर्स वेरायटीज) का संरक्षण किये जाने और इनके जैव-द्रव (जर्मप्लाज्म) को सुरक्षित करने की व्यवस्था के अभाव, कृषि शोध कार्य की कमी की वजह से प्रकाशन की मात्रा का कम होने और किसान कल्याण के लिए प्रबंधकीय, वित्तीय और प्रशासकीय व्यवस्था के भीतर उपेक्षाभाव दूर करने संबंधी निर्णयों के अभाव जैसे संकटों से निकालने के लिए जो नेतृत्व प्रदान किया इस वजह से उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। साफ़ तौर से कहें तो इनके नेतृत्व में और राजनैतिक और वित्तीय संसाधनों की आश्वत मदद और इंटर-मिनिस्टीरियल सपोर्ट, जैसे कि मिनिस्ट्रीज़ ऑफ़ फाइनेंस, ट्रांसपोर्ट एंड रेलवेज़, बिजली और सिंचाई, इंडस्ट्रीज, केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स, फर्टिलायिज़र्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थ और एग्रीकल्चर फारेस्ट एंड एनिमल हसबेंडरी के अनेक सहायक इंस्टिट्युट्स और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नीचे सन 1965 के बाद विशिष्ट सेवा के लिए स्थापित किए गए अनुसंधान संस्थानों के बिना 'हरित-क्रांति' संभव ही न थी। यह तो नहीं कह सकते कि देश में सन 1967 से 1978 के बीच चालू रहे 'ग्रीन रेवलुशन' अर्थात हरित क्रांति का प्रारंभ और सफल आयोजन प्रो.स्वामीनाथन के बिना संभव ही न था लेकिन राजनैतिक इच्छाशक्ति

आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था।

और विज्ञान के अद्भुत मेल को लेकर अगर इसे एक ऐतिहासिक दृष्टि से गहरे और समीक्षात्मक नज़रिए से परखा जाए तो किसी को तो भारत से भूख का निर्वासन करने के लिए नेतृत्व देना ही था। संयोगवश इस नेतृत्व के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्रव्यापी काम के लिए प्रो. स्वामीनाथन को पहचाना और इन्हें इसका जिम्मा सौंपा ताकि देश को अनाज उत्पादन में आत्म निर्भर बनाया जा सके। इंदिरा जी की उम्मीदों को पूरा करने के लिए वे एक तेज़ जज्बे और उत्साह से जुटे और खरे उतरकर अगले दस साल में यह काम कर दिखाया। उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की समस्त वैज्ञानिक तकनीकी प्रतिभाओं की बौद्धिक क्षमता का समर्थन प्राप्त हुआ था। प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन और इसकी मॉनिटरिंग के मामले में प्रो. स्वामीनाथन की ही अग्रणी भूमिका रही। इसके अलावा देश के लोगों के न्यूट्रीशनल स्टेटस को सही स्तर पर रखने के लिए जिस प्रकार के अनाज उगाना जरूरी समझा गया उन्हीं 'हाई ईल्डिंग हाइब्रिड सीड्स' को विकास करके उच्च पोषक मान वाली किस्मों की खेती को लोकप्रिय बनाया गया। हरित क्रांति के दौरान अधिकतर जोर पंजाब-हरयाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य और दक्षिण भारत के सिंचित कृषि क्षेत्रों पर रहा। फसल उत्पाद के सुरक्षित भंडारण और वितरण का काम कैसे छोड़ा जा सकता था। इसकी जिम्मेवारी सन 1965 में स्थापित फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया और पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को क्रमशः दी गई थी। कुल मिलाकर हरित क्रांति का प्रभाव आशातीत रहा क्योंकि पंच-वर्षीय योजनाओं के दौरान पूंजी के भारी निवेश और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अलावा देश के किसानों के अपेक्षित सहयोग से भारत की स्थिति एक अकाल पीड़ित, कुपोषित और क्षुधाग्रस्त लोगों की भीड़ से ऊपर उठकर सन 1990 तक एक अन्न निर्यातक देश के रूप में प्रतिष्ठित हुई। सन 1947 में 50 मिलियन टन से भी कम अनाज का उत्पादन करने वाला देश सन 2021 तक सालाना 290 मिलयन टन विभिन्न प्रकार के अनाज का उत्पादन करने में सक्षम हो चुका था। हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया। इसके आधार पर कंसोलिडेशन का काम तीव्र गति से हुआ। हरितक्रांति के लिए यह सब तैयारी जरूरी थी।

प्रो.स्वामीनाथन को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्य में नेतृत्व प्रदान करने के लिए जो इज्ज़त भारत और विदेश में हासिल हुई उसके पीछे की कहानी कॉलोलियल भारत में अंग्रेजों द्वारा खेतीबाड़ी और सिंचाई के मामले में सन 1830 के बाद से दी गई तवज्जो से शुरू होती है। सन 1927 में 'रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर' ने भारत में बैठकें की। इसकी सिफारिश पर सन1929 में 'इम्पीरियल कौंसिल ऑफ़ एग्रीकल्चरल रिसर्च' की स्थापना बिहार के पूसा में की गई थी। बिहार में आये भीषण भूकंप से हुई तबाही के बाद इसे दिल्ली रिज़ के पश्चिमी ओर टोडापुर गांव की जमीन पर स्थापित किया गया। देश में कृषि अनुसंधान का काम धीरे-धीरे विशाल आकार लेता रहा और जैसे-जैसे अनुसंधान की जरूरतें बढ़ी और हरित क्रांति जैसी प्राथमिकताएं बनीं, कृषि अनुसंधान के लिए नए संस्थान बनाए जाने की जरूरत महसूस की गई। आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था। यही किस्में दुनिया के गेहूं उत्पादक देशों में अब सर्वाधिक बोई जाती हैं और इनसे प्राप्त अनाज ही प्राथमिकता से खाया जाता है। मुद्दा यह बताना है कि ग्रीन रेवलुशन से बहुत पहले ही भारत में कृषि और पशुओं के बारे आधुनिक तरीके से अधिक उपज देने वाली और रोगरहित फसलों के अनुसंधान और विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका था। हरित क्रांति का आगाज़ एक ऐसे कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया जिसके लिए एक नई दृष्टि और तकनीकों का अपनाया जाना अर्थात अपग्रेड या उन्नत करना अपरिहार्य हुआ। मध्य 18 वीं सदी से लेकर सन 1943 तक देश में दसियों बार-अधिकतर अनावृष्टि के कारण, भीषण दुर्भिक्ष पड़े जिसके असर से करोड़ों मनुष्य और पशु कालकलवित हुए थे। परंपरा से प्रचलित कृषि ज्ञान और प्रौद्योगिकी से देश में बढ़ती हुई आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में अन्न सुलभ करा पाना मुश्किल हो गया था।

इस कारण से अमरीका के पब्लिक लॉ-480 के अंतर्गत, आस्ट्रेलिया और रूस से देश में गेहूं का बड़ी मात्रा में आयात किए जाने से सम्मान को जो ठेस पहुंच रही थी उसे हरित क्रांति के द्वारा दूर कर दिया गया। देश में फ़ूड सिक्यूरिटी और जनसंख्या में पोषण को उचित स्तर को बनाए रखने के लिए न केवल गेहूं बल्कि धान, दालों और तिलहनों की खेती और हॉर्टिकल्चर को नई सोच से विकसित किया गया। इसमें भी प्रो.स्वामीनाथन और हज़ारों अन्य वैज्ञानिकों की दूर-दृष्टि ने काम किया। अब सवाल यह कि प्रो.स्वामीनाथन और हरित क्रांति के बाद आईसीएआर के अंतर्गत काम करने वाले संस्थान आईएआरआई की शोध दृष्टि अब किस ओर गई है और अगले 30-50 साल के लिए किस सोच से काम करने को यह उद्धत है? जाहिर है इस बारे में आईसीएआर का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार है जिसमें फोकस रहेगा फसलों को जहर मुक्त रखना, क्लाइमेट चेंज के अनुसार फसलों को ढालने की टेक्नोलॉजी विकसित करना। हरित क्रांति के जो दुष्प्रभाव बाद में पैदा हुए उनसे बचाव करते हुए देश के किसानों को सजग रखना और उत्पादन एक स्तर से नीचे न चला जाए इस प्रकार से कुदरती खेती के उपाय भी करना। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में महत्त्व का ऐतिहासिक दस्तावेज़ है डॉ.महेंद्र सिंह रंधावा द्वारा चार खंडों में लिखी गई 'हिस्ट्री ऑफ़ इंडियन एग्रीकल्चर'।

व्यंग्य

गाय मार कर जूता दान

अभी पांच महानुभावों को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को देने तथा पाने वालों से क्षमा मांगते हुए निवेदन कर रहा हूं। लालकृष्ण आडवाणी देश के भूतपूर्व गृहमंत्री होने के साथ जनसंघ तथा भाजपा के शीर्ष पुरुष रहे एवं रामजन्म भूमि मुक्ति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया है। भाजपा सरकार ने उन्हें यह सम्मान देकर उत्कृष्ट कार्य किया है। लेकिन आडवाणी को अधिक आयु का हवाला देकर जिस तरह से उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर किया गया तथा अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास व प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से अलग किया गया, उसकी शायद ही कोई प्रशंसा करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम जन्मभूमि न्यास के सचिव चंपत राय ने उनके न आने के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया था, शायद ही कोई आडवाणी जी जैसों के लिए वैसी भाषा का प्रयोग करना चाहेगा। बेहतर होता, आडवाणी विनय पूर्वक इस सम्मान को अस्वीकार कर देते क्योंकि इसके मिलने या न मिलने से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है। संसद में वित्तमंत्री जी ने श्वेतपत्र जारी कर पिछली कांग्रेस सरकारों को जिस तरह धोया है, उससे यह सम्मान मेल नहीं खाता। इसी तरह श्वेत पत्र में 10 वर्ष तक लगातार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह को भी निशाना बनाया गया जबकि राज्यसभा के कार्यकाल की समाप्ति पर उनकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुक्तकंठ से किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह भी अब भारत रत्न हो गए हैं। किसानों के नेता कभी दलबदल के मसीहा हुआ करते थे तथा वह ऐसे एकमात्र प्रधानमंत्री रहे हैं जिन्होंने एक दिन भी सदन को नहीं झेला। आसन्न चुनावी वैतरणी पार करने में संभवतः वह पतवार का कार्य करेंगे। कर्पूरी ठाकुर भी भारत रत्न हो गए, मरणोपरांत ही सही। सामाजिक न्याय के पुरोधा को यह पुरस्कार पहले ही मिलना चाहिए था लेकिन आगामी चुनाव में पिछड़ों को साधने हेतु विलंब से ही सही,यह कार्य कर दिया गया। डा. स्वामीनाथन को भी यह सम्मान परणोपरांत ही दिया गया।

विरोध प्रदर्शन के समय व्यक्ति की भर्त्सना करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उसी की प्रशंसा करना या सम्मानित करना राजनीति का एक दांव है और यह साम, दाम, दंड, भेद नीति का एक हिस्सा है, इसे इसी रूप में देखा जाना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर बाला साहब ठाकरे, नीतीश कुमार, शरद पवार, लालू यादव आदि को भी ऐसे सम्मानित किया जाए तो आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

कभी विचार आता है कि योग्य व्यक्तियों को उनके जीवन काल में उचित सम्मान क्यों नही मिलता, उनके दिवंगत होने की प्रतीक्षा क्यों की जाती है? देश में हरित क्रांति के पुरोधा डाक्टर स्वामीनाथन को पुरस्कृत करने में सभी सरकारों ने इतना विलंब क्यों किया? शायद उनके पास किसी जाति, धर्म का वोट बैंक नहीं था। देश में ऐसे बहुत से सपूत रहे हैं जो अशोभनीय, असम्मानित और अगाथा चले गए या अंतिम गति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मृत्योपरांत पुरस्कृत करना सेना एवं सुरक्षाकर्मी के लिए तो उचित है लेकिन जीवित व्यक्तियों को उनके जीवनकाल में उपेक्षित करना उनका अनादर है। यदि सरकार साहस कर ऐसे व्यक्तियों को उचित सम्मान दे सके तो राष्ट्र और समाज हित में होगा।

विवेकवाद बनाम मज़हबों का अयुक्तिवाद



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला।

सभी मज़हबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत क़ीमत चुकाकर, कई विद्वानों और जिओर्दनो ब्रूनो जैसे वैज्ञानिकों को चौराहों पर ज़िंदा जलाकर, पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हज़ार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद, इस चीज़ को समझा और पुनर्जागरण, धर्म सुधार तथा ज्ञानोदय की आग में तपकर औद्योगिक क्रांति की यात्रा की जिसने दुनिया बदल दी।

हर मज़हब मूलतः सत्ता-संगठन है। मनुष्य के जीवन में गुणात्मक उत्थान लाने से अधिक उन्हें अपने अनुयायियों की संख्या बढ़ाने में संलग्न देखा जाता है। मनुष्य का चरित्र और स्वभाव कैसा भी हो, उसे अपने मज़हब में दीक्षित करने को मज़हबी कर्तव्य माना जाता है। माना जाता है कि पूरी दुनिया को संबंधित मज़हब में दीक्षित करने में सफल होने तक यह कर्तव्य प्रासंगिक बना रहेगा। यह इस प्रमेय पर आधारित है कि संबंधित मज़हब में दीक्षित होते ही मनुष्य स्वभाव व चरित्र से कैसा भी हो, उसका उद्धार हो जाएगा। जीवन का सीधा और सही मार्ग एक ही है, जैसे दो बिंदुओं को जोड़ने वाली सीधी रेखा एक ही हो सकती है। संबधित मज़हब को ही वे एकमात्र सीधी रेखा और इसलिए एकमात्र सही मज़हब मानते हैं। तर्कणा बात सही होती अगर मज़हब मनुष्य के स्वभाव और चरित्र को बदलकर उसे बेहतर मनुष्य बना देता। किंतु व्यवहार में ऐसा होता दिखाई नहीं पड़ता। मज़हब कोई भी हो, उसके अनुयायी एक से चरित्र और स्वभाव के नहीं पाए जाते। हर मज़हब में अच्छे-बुरे, ईमानदार-बेईमान, भांति-भांति के इंसान दिखाई पड़ते हैं। यहां तक कि कोई भी दो अनुयायी स्वभाव और चरित्र में हूबहू एक-से नहीं होते। यह तथ्यात्मक सच्चाई है जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। अस्तु, सीधी रेखा सिर्फ़ इंसानियत की हो सकती है, किसी मज़हब की नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मज़हब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं जो पिछड़े देशों में मज़हब के प्रचार-कार्य में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व-शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज़ को सबसे स्पष्ट तरीक़े से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक क़िस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक क़िस्म का। जैसे हमारे यहां वर्तमान में 'हिंदुत्व' के प्रति 'राजनीतिक क़िस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी मानते हैं, कभी-कभी कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मज़हबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मज़हब के अयुक्तिवाद को दूसरे मज़हब के अयुक्तिवाद से ज्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को ग़लत बताने लगते हैं। अरे भाई, जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या। जिसके पास तीनों का समंजित योग ज्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो, रहती तो है। किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज़्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा। और ज्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है जो ज्यादा बड़ा झूठ होता है। बिल्कुल सीधी बात है। तो विवेकवाद के आधार पर किसी मज़हब को सही या ग़लत ठहराने का क्या तुक?

जो जैसा है, वैसा है। विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है। उसमें भी तो बहुत कुछ अस्तित्ववाद संबंधी मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना पड़ता है-इसके बारे में फ़िलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से, निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा, बता दूंगा। जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है, वह आगे ज्ञात हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता। लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से जिया जा सकता है। तो विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है, या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अस्तु, विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

सोशल फोरम

कहानी त्रेतायुग से जुड़ी है

उन दिनों चोरी के लिए मृत्युदंड का विधान था। हमारे गांव में तो आज भी ताला लगाने का रिवाज कम ही है। फैले खेतों से आलू मूली या फल चुराने की कुछ घटनाएं होती हैंलेकिन घर फिलहाल डौणूं में सुरक्षित ही मिलते हैं। राजा सुरथ के राजमहल में ब्राह्म मूहुर्त में चोरों ने करामात दिखा दी लेकिन जाग हो जाने से पहरेदारों ने चोरों का पीछा शुरू कर दिया। झिटपुट अंधेरे में तो चोर भागते रहे लेकिन ज्यों ही प्रकाश का प्रभाव हुआ वे महामुनि मांडव्य के आश्रम में छुप गए।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

माण्डव्य उस समय अष्टांग योग की आठवीं स्थिति अर्थात समाधि लगाए बैठे थे। पहरे दारों ने चोरों को खोज निकाला और यह समझ कर कि मुनि इन चोरों का मुखिया है समाधिस्थ ही उठा ले गए। चोरों को एक-एक करके शूली पर चढ़ा दिया गया। माण्डव्य की समाधि (बंध) यथावत ही रहा और शूली उनके अपामार्ग में किंचित मात्र घुस तो गई लेकिन शरीर छेदन नहीं कर पाई। दंडाधिकारियों को समझ में नहीं आया तो राजा को बुलाया और राजा समझ गए कि अनर्थ हो गया आनन-फानन में त्रृषि के शरीर को शूली से उतारने का उपक्रम किया गया लेकिन शूली की नोंक नहीं निकल सकी और उसे काट दिया गया। समाधि अवस्था समाप्त होने के बाद जब मुनि जागे तो राजा ने पैर पकड़कर क्षमा मांगी और पूरा प्रसंग बताया। त्रृषि ने कहा राजन दोष तुम्हारा नहीं है इसलिए क्षमा करता हूं लेकिन धर्मराज से पूछूंगा कि यह नोंक घुसी रहने का दंड क्यों? प्राण त्याग कर जब धर्म राज के पास पहुंचे तो वहीं प्रश्न। धर्मराज ने कहा कि बाल्यकाल में आप छोटे पतंगों के शरीर में कांटा चुभाकर छोड़ दिया करते थे इसलिए यह दंड देना पड़ा।'बाल्यकाल में पाप पुण्य की जानकारी न होने पर किए गए कार्य का इतना कठोर दंड देकर आपने क्षुद्रबुद्धि का कार्य किया है, इसलिए आप शूद्र बनकर मृत्यु लोक में स्थान प्राप्त करोगे'। आगे की कहानी लंबी है। द्वापर युग में धर्मराज को जन्म लेना पड़ा। इस कलियुग में जो आईएएस अधिकारी समाधि लगाए बैठे रहते हैं उनको ध्यान रखना चाहिए कि उनके आश्रम में चोरों का शरणस्थल तो नहीं बन गया है ताकि दंड का भागी न होना पड़े।

-फेसबुक वॉल से

लखनऊ की सुधि कब



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है।

इन दिनों प्रकट कारणों वश मुग़ल काल में बनाई गई कतिपय मस्जिदों को हटाकर वहां स्थित हिंदू पवित्र स्थलों को मुक्त कराने का अभियान चल रहा है। इस क्रम में अयोध्या खूब खबरों में रहा और अभी रक्खा जायगा, जहां बाबरी मस्जिद ध्वंस तो बहुत पहले ही हो चुका था, किंतु मंदिर बनाने का मार्ग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कुछ वर्ष पूर्व ही प्रशस्त किया गया। अब मंदिर निर्माणाधीन है, किंतु गर्भ गृह में मूर्ति स्थापन और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की संपन्नता हो चुकी है। आगे के भाजपाई एजेंडे में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर से सटे इस्लामिक स्थापत्यों का हटाया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाभारत काल में पांडवों ने कौरवों से पांच गांव ही मांगे थे,किंतु कौरव 'सुई की नोक बराबर'भी भूमि उन्हें देने को तैयार नहीं हुए, तब महाभारत हुआ था। उनकी (भाजपा की) तो मांग केवल तीन स्थलों की ही थी, जिनमें एक वाया अदालत मिल पाया, अब दो बाकी हैं। यदि ये न मिले तो महाभारत होगा। अर्थात् अब केवल मथुरा और काशी बाकी है।

इस प्रसंग में मुझे यह कहना है कि मांग इतनी सीमित क्यों है? फिलहाल मैं लखनऊ को इसमें शामिल करने पर जोर दे रहा हूं, जहां राम के अनुज और सदा साथ रहे लक्ष्मण जी के महल के ध्वंसावशेषों पर औरंगज़ेब ने मस्जिद बनवाई। वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है। कहा जाता है कि एक मंदिर वर्तमान मस्जिद के अंदर भी था, जिसे तोड़ा गया था। निकट ही सूर्यकुंड है, जो इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि यह स्थान सूर्यवंशी राजावों की पीठिका रहा है। मालूम हो की श्रीराम सूर्यवंशी ही थे। इस टीले का नाम लक्ष्मण टीला आदि से ही विख्यात है, जिसका विस्तार मेडिकल कालेज और बिरहाना तक था। कथित सेकुलर सरकारों ने इसकी पुरातात्विक खुदाई नहीं करवाई, लेकिन अब तो राम वाली ही सरकार है। न तो लक्ष्मण का महत्व कम है और न लखनऊ का। मुस्लिम लेखक भी इस टीले की संबद्धता लक्ष्मण से बताते हैं। अब्दुल हलीम शरर कहते हैं 'उस टीले पर एक गहरा गार या कुंवा था, जिसकी किसी को थाह न मिलती थी, और लोगों में मशहूर था कि यह शेषनाग तक चला गया है। इस ख़याल ने जज़बाते अकीदत को हरक़त दी और हिंदू लोग खुश एतिदाती से आ आकर इसमें फूल पानी डालने लगे"(गुजश्तः लखनऊ-पेज 28)। ऐसा होते हुए भी राजधानी की सुधि न लेना तो चिराग़ तले अंधेरा है। नगरों और स्थानों के नाम परिवर्तन श्रृंखला में भी यह नगर उपेक्षित रहा। कई वर्ष पूर्व जब मंत्री और गवर्नर रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.लालजी टण्डन की पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' प्रकाशित हुई थी, तब कुछ आस बंधी थी कि अब नगर का नाम भी बदलेगा और लक्ष्मण टीला मस्जिद मुक्त होगा तथा यहां बने मंदिर और हिंदू धर्म प्रतीकों का जीर्णोद्धार होकर पूजा अर्चना प्रारंभ होगी, किंतु निराशा ही हाथ लगी। अब इस पर ध्यान दिया जाएगा।

बिंब और भाषा

कोई संदेह नहीं कि चिंतन एक आंतरिक प्रक्रिया है परंतु यह भी सही है कि जिन बिंबों की भाषा से यह प्रक्रिया चलती है, वे बिंब बाह्य परिवेश में प्राप्त होते हैं। मनुष्य जिस परिवेश में रहता है, उसका बिंब उसके मन पर अंकित हो जाता है। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य बाह्य परिवेश को संवेदना शक्ति के द्वारा (पंच ज्ञानेन्द्रिय और मन के द्वारा :देखकर, सुनकर, सूंघकर, चखकर, छूकर तथा अनुभव करके) आंतरिक बना लेता है। इस प्रकार वह परिवेश स्मृति के द्वारा मनुष्य की चेतना का अंग और अंश बन जाता है। जिस प्रकार जलाशय के तट पर स्थित वृक्ष-आदि का बिंब जलाशय में दृश्यमान होकर जलाशय का अंग और अंश बन जाता है, उसी प्रकार मनुष्य अपने चारों ओर के संसार को जो चित्र मन में बनाता है, वह उसका आधारभूत ज्ञान या अनुभव होता है। आधारभूत इसलिए कि मनुष्य जब भी कोई नया अनुभव करेगा, तो वह पूर्व-अर्जित-अनुभव, उस नए अनुभव का माध्यम बनेगा। उदाहरण के लिए बालक ने गरम दूध पिया तो उसका मुंह और जीभ झुलस गए, यह उसका आधारभूत-अनुभव हुआ। इसके बाद कभी किसी दिन उसे मठा (छाछ) दी गई, तो उसका दूध पीने का आधारभूत-अनुभव स्मृति के द्वारा सजीव हो गया। कहावत है कि 'दूध का जला छाछ को फूंक- फूंककर पीता है।' जब उसे दूध और छाछ का अंतर ज्ञात हो गया तो यह उसका नया ज्ञान हुआ। इस प्रकार पूर्वार्जित बिंब आगे के चिंतन और ज्ञान का माध्यम बन जाता है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

उपनल कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर की नारेबाजी

सरकार पर लगाया सौतेला व्यवहार करने का आरोप, कार्य बहिष्कार के कारण सरकारी कार्यालयों में हुआ कार्य प्रभावित

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे उपनल कर्मियों का सब्र अब टूट गया है। उनपल कर्मियों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और शीघ्र मांगों पर कोई कार्रवाई ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

सोमवार को जिले के अनेक विभागों में कार्यरत उपनल कर्मी अपनी मांगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार पर चले गए। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण सरकारी कार्यालयों में अचानक कार्य प्रभावित हो गया। उनपल कर्मचारियों ने संबंधित विभागों के परिसरों में जमकर नारेबाजी की और सरकार पर उनके साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप भी लगाया। संगठन के जिलाध्यक्ष शंकर भट्ट ने कहा कि उपनल कर्मचारियों ने अल्प वेतन में 15 से 18 साल विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दी हैं।

अल्मोड़ा में कार्य बहिष्कार करते उपनल कर्मचारी। ● अमृत विचार

वर्तमान में अधिकांश की उम्र 40 से 45 साल हो गई है। लेकिन अब सरकार उन्हें नियमित करने के बजाय बाहर का रास्ता दिखाने की कोशिश कर रही है। उपनल कर्मियों ने कहा है कि अल्प वेतन के कारण वह अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी ईमानदारी से नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में सरकार उनकी मांगों पर कार्रवाई करने के बजाय उनकी उपेक्षा कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने सरकार से हाईकोर्ट के निर्णय को लागू करने, वेतन में 20 फीसदी वृद्धि करने, महंगाई भत्ता देने और कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। मांगों पर कार्रवाई ना होने पर संगठन ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

कार्य बहिष्कार व नारेबाजी के दौरान जिलाध्यक्ष शंकर भट्ट, मनीष वर्मा, जिला महामंत्री शेखर भट्ट, कुंदन सिंह, निशांत गोस्वामी समेत अनेक उपनल कर्मचारी मौजूद रहे।

द्वाराहाट में मनरेगा कर्मी के खिलाफ जांच की मांग को लेकर धरने पर बैठे आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

विवादित मनरेगा कर्मी के खिलाफ आंदोलनकारी धरने पर बैठे

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिले के द्वाराहाट विकास खंड में एक विवादित मनरेगा कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई न होने से राज्य आंदोलनकारियों में खासा आक्रोश व्याप्त है। आंदोलनकारियों ने कहा कि अगर मनरेगा कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। सोमवार को तहसील परिसर में पहुंचे राज्य आंदोलनकारियों ने विवादित मनरेगा कर्मी और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कुछ देर बाद आंदोलनकारी वहीं धरने पर बैठ गए। कहा कि बीते 29 सितंबर को तहसीलदार लीना चंद्रा की मध्यस्थता में राज्य आंदोलनकारियों के साथ समझौता हुआ था कि ब्लॉक मुख्यालय में विवादित मनरेगा कर्मी की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि तहसीलदार के आश्वासन के बाद भी कोई कार्रवाई ना होने पर संगठन ने बीच में उन्हें इस मामले में फिर एक ज्ञापन सौंपा था। लेकिन इसके बाद भी सरकारी तंत्र कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। आरोप लगाए कि मनरेगा कर्मी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में अपने परिवार, पत्नी और रिश्तेदारों को फर्जी भुगतान कराए हैं। जिसकी संगठन जांच की मांग कर रहे हैं। धरना सभा में संगठन अध्यक्ष मनोज अधिकारी, चंदन नेगी, गोपाल राणा, बीरेंद्र बजेठा, गोपाल रौतेला, एमसी तिवारी, धनी राम, खीम राम आर्या आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा से लगे कोसी में भी तेंदुए का आतंक

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अब अल्मोड़ा से कुछ दूरी पर स्थित कोसी बाजार में भी तेंदुए की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। शाम ढलते ही तेंदुआ मुख्य बाजार में विचरण करता दिखाई दे रहा है। जिससे कोसी वासी तो खौफजदा हैं ही, शाम होने के बाद अब यहां पर्यटक भी रूकने से कतराने लगे हैं।

अल्मोड़ा में प्रवेश करने से पहले वाहन यहीं से होकर जिला मुख्यालय तक पहुंचते हैं। यात्रियों को कोसी बाजार का खाना बहुत पसंद आता है। यहीं कारण है कि इस बाजार में दिन-रात चहल पहल बनी रहती है। वाहनों की आवाजाही के साथ ही दूरदराज के पर्यटक यहां घूमने अथवा देरी होने पर रूकना पसंद करते हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से कोसी का बाजार तेंदुए की दहशत में है। शाम होते ही व्यापारियों और इधर-उधर जाने वाले लोगों की मौजूदगी में भी तेंदुआ बाजार में विचरण करने पहुंच जा रहा है। उत्तराखंड की लोकगायिका माया उपाध्याय ने बताया कि वह रविवार को वह अपनी टीम के साथ बागेश्वर के बिचला दानपुर के ग्राम लीती में आयोजित बसंतोत्सव महोत्सव से लौट रही थी, तो उनकी टीम कोसी में कुछ देर के लिए रूकने का मन बनाए हुए थी। लेकिन देर शाम जैसे ही उनका वाहन कोसी बाजार के पास पहुंचा। एक तेंदुआ बाजार में दौड़ता दिखा और वह बाद में एक घर का रूख कर गया। इस दौरान उन्होंने उसे अपने कैमरे में कैद कर लिया।

कोसी बाजार में विचरण करता तेंदुआ।

स्थानीय व्यापारी राम सिंह का भी कहना है कि पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र में तेंदुए का आतंक है। लेकिन अब तेंदुआ भरी आबादी में बाजार का रूख करने लगा है। जिससे स्थानीय लोग ही नहीं पर्यटक भी खौफजद रहने लगे हैं।

शंख बजाकर किया जागरूक

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : लोहाघाट क्षेत्र की समाजसेविका और तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित रीता गहतोड़ी द्वारा चम्पावत, लोहाघाट में वाल्मीकि समाज को जागरूक करने के साथ-साथ अब टनकपुर में भी सोमवार को रीता गहतोड़ी ने वाल्मीकि बस्ती में जाकर वाल्मीकि समुदाय के लोगों को शंख ध्वनि से जागरुक किया। उन्होंने शंख बजाने के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि इससे फेफड़े और हृदय मजबूत होते हैं।

टनकपुर में शंख बजाकर वाल्मीकि समाज को जागरूक करती रीता गहतोड़ी।

उन्होंने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और नशे से दूर रहने का भी विशेष आह्वान किया। इस मौके पर सफाई यूनियन के अध्यक्ष कमलेश वाल्मीकि, उमेश वाल्मीकि, अभय वाल्मीकि, निशांत, राजेंद्र, अमन, सुधीर, विश्राम, सीमा, सनी, कुसमा, गीता, राजेश, संजय आदि रहे।

संपत्ति कर लगाने के विरोध में पालिका कार्यालय घेरा

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : चिड़ियानौला नगर पालिका परिषद कार्यालय में व्यापार मंडल के नेतृत्व में लगाए जाने वाले संपत्ति कर का स्थानीय भवन स्वामियों ने नारेबाजी व घेराव कर विरोध दर्ज किया। अधिशासी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा कि जिस समय नगर पालिका परिषद का गठन हुआ था उसे समय सरकार द्वारा 10 वर्षों तक करो में छूट की घोषणा की थी। लेकिन अब 5 वर्ष के बाद ही संपत्ति कर लगाया जाना आम लोगों के साथ धोखा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उक्त संपत्ति कर वापस नहीं लिया गया तो जन आंदोलन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

संपत्ति कर लगाए जाने को लेकर कार्यालय का घेराव करते स्थानीय लोग।

सोमवार को व्यापार मंडल के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद क्षेत्र के भवन स्वामियों ने संपत्ति कर लगाए जाने का विरोध कार्यालय का घेराव कर किया। अधिशासी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा कि परिषद गठन के समय 10 वर्षों तक कोई भी कर नहीं लगाने की सरकार द्वारा घोषणा की गई थी। लेकिन 5 वर्ष के बाद ही संपत्ति कर लेने की प्रक्रिया लोगों के साथ अन्याय है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नगर पालिका क्षेत्र में आम पैदल रास्तों का रखरखाव, नालियों की समुचित व्यवस्था सहित अस्थाई शौचायलयों की साफ सफाई की व्यवस्था नहीं की गई है। चेतावनी जी की जल्द ही कर लेने की प्रक्रिया को बंद नहीं किया गया तो जन सहयोग से बृहद आंदोलन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष कमलेश बोरा, उपाध्यक्ष प्रकाश कुर्वाबी, महिला उपाध्यक्ष दीप चंद्राकर, उपसचिव हिमांशु अधिकारी, महासचिव ललित मेहरा, कोषाध्यक्ष पंकज भंडारी, दामोदर पांडे, बच्चों सिंह, कविंद्र कुर्वाबी, भगत बिष्ट, अरुण रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

अल्मोड़ा को जाम से नहीं मिल रही निजात

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पुलिस और प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। आए दिन लग रहे जाम के कारण जहां स्थानीय लोग, बुजुर्ग, स्कूली बच्चे और महिलाएं परेशान हैं। वहीं बाहरी क्षेत्रों से आए पर्यटकों को भी यहां काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

सोमवार को नगर के प्रमुख माल रोड में दिन भर रूक रूक कर जाम लगने का सिलसिला चलता रहा। वाहनों के बढ़ते दबाव और संकरे मार्ग के कारण सुबह से माल रोड पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें होने के कारण यात्रियों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी का सामना स्कूली बच्चों, उपचार के लिए अस्पताल जा रहे लोगों और बुजुर्गों को करना पड़ा। माल रोड में जाम की सबसे बड़ी समस्या नो पार्किंग जोन में खड़े बेतरतीब वाहनों की वजह से पैदा होती है। लेकिन पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी यह समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। स्थानीय लोगों की मानें तो जाम की समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन को सख्ती से कदम उठाने चाहिए। अन्यथा माल रोड को जाम के झाम से मुक्ति दिलाना काफी चुनौतीपूर्ण होता जाएगा।

सोमवार को अल्मोड़ा के माल रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

पहले दिन खरीदे 17 नामांकन पत्र

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देवभूमि नगर उद्योग व्यापार मंडल का सोमवार को आगाज हो गया है। नामांकन फार्म खरीदने की तिथि के दिन अलग अलग पदों के लिए सत्रह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 6, उपाध्यक्ष के लिए 3, महिला उपाध्यक्ष के लिए 2, महासचिव, कोषाध्यक्ष व उपसचिव पद पर 2 सहित कुल 17 नामांकन फार्म खरीदे गए।

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के अल्मोड़ा नगर इकाई की चुनाव प्रक्रिया नंदादेवी मंदिर के गीता भवन में आरंभ हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी की अध्यक्षता में सह निर्वाचन अधिकारी विनीत बिष्ट एवं यूसूफ तिवारी द्वारा विभिन्न पदों के प्रत्याशियों को नामांकन पत्र एवं चुनाव नियमावली जारी की। सह निर्वाचन अधिकारी विनीत बिष्ट ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनिल गुरूरानी, हिमांशु कांडपाल, संजय साह, हरीश बिष्ट, मो. नौशाद, दीपेश जोशी, उपाध्यक्ष पद के लिए आनंद भोज, भीमा पंवार, दीपक जोशी, महिला उपाध्यक्ष के लिए मनु गुप्ता, चंद्रा रावत एवं महासचिव पद पर रोहित साह, दीप चंद्र, उपसचिव पद पर अमन टकवाल, जयप्रकाश कोषाध्यक्ष पद के लिए हिमांशु बिष्ट एवं रोहित लाल ने नामांकन पत्र खरीदे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी ने बताया कि मंगलवार को चुनाव कार्यालय में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे। इस दौरान दीप लाल साह, हरेंद्र वर्मा, अनूप गुप्ता, मनोज वर्मा, दिनेश मठपाल, दिनेश जोशी, कमल बिष्ट, दीक्षित जोशी, जगत भट्ट, संजय साह, अर्जुन बिष्ट, सलमान अंसारी, मनोज पंवार आदि ने सहयोग किया।

नंदा देवी के गीता भवन में नामांकन पत्र खरीदते व्यापार संघ के प्रत्याशी। ● अमृत विचार

बीमार बुजुर्ग दंपति को अस्पताल में कराया भर्ती

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिले की धौलछीना पुलिस ने एक नेत्रहीन बीमार बुजुर्ग दंपति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। धौलछीना निवासी नेत्रहीन बुजुर्ग दंपत्ति संतराम व उनकी पत्नी का पुलिस समय समय पर कुशलक्षेम लेने के साथ ही उनको जीवन निर्वाह सामग्री राशन इत्यादि उपलब्ध कराती है। बीते दिवस थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार को सूचना प्राप्त हुई कि संतराम व उनकी पत्नी का स्वास्थ खराब चल रहा है। थानाध्यक्ष द्वारा बीमार दंपत्ति को उपचार हेतु हास्पिटल लाने के लिए थाने से कर्मचारियों को उनके निवास स्थान पर भेजा। पुलिस टीम द्वारा बीमार बुजुर्ग दंपति को सरकारी हास्पिटल धौलछीना लाकर उपचार व दवाईयां दिलाई गई और ईलाज के उपरांत सकुशल उनके निवास स्थान पर छोड़ा गया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि चूंकि वृद्ध दंपत्ति दृष्टि बाधित हैं। इसलिए उनके स्वस्थ होने तक थाना धौलछीना पुलिस प्रत्येक दिन सुबह और शाम उनके घर पर जाकर चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उनको दवा भी देगी।

वर्ग पहेली-341

बाएं से दाएं

4.1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5.1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्राय: देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण-चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद-पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7.1. कक्षा-प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना-सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा, मद्य।

11.1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

ऊपर से नीचे

1.1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2.1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढ़ने से होने वाली आवाज़।

3.1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न, रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो, तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6.1. स्थान, जगह, ठौर 2. दरवाज़ा, द्वार 3. दहलीज़।, अंदर, में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर, झामक, (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति, बहनोई।



वर्ग पहेली - 340का हल

1 रू		2 छु	ई	3 मु	ई
ठ				ख़	
ना		4 वे		ता	
	5 फ़ो	ज	दा	री	
		यं			6 फै
7 पो	षि	त			ला
			8 क	ढ़ा	व

सुडोकू-58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6	1				4			8
							9	
3	5		1			6		
		7					8	
		3			8	9		
	9				1			7
		6					7	9
	8						4	
5			9					6

सुडोकू - 57 का हल

4	8	1	7	6	9	3	2	5
2	9	7	5	4	3	6	1	8
3	5	6	1	2	8	7	9	4
6	2	4	3	8	7	1	5	9
7	3	5	9	1	2	4	8	6
9	1	8	6	5	4	2	7	3
5	6	9	4	7	1	8	3	2
8	7	3	2	9	6	5	4	1
1	4	2	8	3	5	9	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14.41 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 12.35 तक तत्पश्चात उत्तर रेवती।

मेष — आज घर के किसी सदस्य की अस्वस्थता आपको परेशान कर सकती है। आवश्यक कार्यों को दिन के तीसरे पहर में करना लाभप्रद होगा। व्यापार में स्थितियां संभलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

वृष — आज कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। एक साथ दो मामलों को निपटाना पड़ सकता है। ज्यादा आदर्शवादी होने से भी नुकसान होने की संभावना है। किसी के भी सामने स्वयं अपने मुख से अपनी प्रशन्सा न करें।

मिथुन — आज रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। मित्रों के साथ फोन पर बात होगी। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं।

कर्क — आज चुस्ती फुर्ती के लिए व्यायाम अवश्य करें। दोपहर के बाद कुछ तनाव में आ सकते हैं। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर न फोड़ें। आपके व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण लोग अचरज में आ सकते हैं।

सिंह — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता होगी। अचानक से बजट में कमी आ सकती है। नए कार्यों में धन निवेश कर सकते हैं। ऐसे मुद्दों पर चर्चा से दूर रहें, जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की मदद करेंगे।

कन्या — आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्यों को लेकर भ्रमित न हों। दोपहर के बाद काम में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

तुला — आज व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। अटकी हुई पेमेन्ट आपको वापस मिल सकती है। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा।

वृश्चिक — आज आपको हाल में ही शुरू किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध रोमान्टिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। किसी भी काम को कल पर न टालें। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा।

धनु — आज आय में वृद्धि होने की संभावना है। फुटकर व्यापारी नए सामान की खेप मंगवा सकते हैं। आपको भागदौड़ काफी ज्यादा करनी पड़ेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

मकर — आज जॉब में उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। मन में नए और क्रियेटिव विचार उत्पन्न हो सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हिस्सेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अध्ययन को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार आयेगा। धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा।

मीन — आज का दिन कुछ प्रतिकूल हो सकता है। शान्तिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। अपनी किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है। अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें।

आज की फिल्में

आज का अर्जुन
सुबह : 09.00

हम साथ साथ है
रात : 09.00

पीके
सुबह : 09.00

कबीर सिंह
शाम : 06.00

हम दो हमारे दो
सुबह : 07.00

एक विलन
रात : 07.30

हमेशा
दोपहर : 12.40

केदारनाथ
रात : 07.00

नकाब
सुबह : 07.00

ऐ दिल है मुश्किल
शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दोस्त - तेरी बीवी कुछ कहती नहीं, जब शाम को दारू पीकर घर जाता है?
बब्लू - कहती नहीं, बोलती है...
दोस्त - क्या...?
बब्लू - बोलती है, कीड़े पड़ेंगें तुम्हारे दोस्तों को जिन्होंने तुम्हें बिगाड़ा...!

एक बार पति-पत्नी में जमकर लड़ाई हो गई।
गुस्से में आकर पत्नी (पति से) बोली- अब तो हद हो गई, पानी सिर से ऊपर चला गया है, मैं अपनी मां के घर जा रही हूं और कभी वापस नहीं आऊंगी...
पति- जाने से पहले एक खुशखबरी सुनती जाओ, कल तुम्हारी मां भी अपने पति से लड़कर अपने मायके चली गई है...

धर्म दर्शन

जीवात्मा का स्वरूप



जीवात्मा के स्वरूप का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है जो गुणों से सम्बद्ध, फलप्रद कर्म का कर्ता और उस किए हुए कर्म का उपभोग करने वाला है, वह विभिन्न रूपों वाला, त्रिगुणमय, तीन मार्गों से भ्रमण करने वाला प्राणों का अधिष्ठाता जीव अपने कर्मों के अनुसार गमन करता है।

यहां पर गुणों से बंधे हुए जीव के स्वरूप का वर्णन किया गया है, गुणातीत का स्वरूप इससे भिन्न है। जीवात्मा सत्व, रज, तम इन तीन गुणों में बंधा हुआ है, अतः वह नाना प्रकार के कर्म भोगरूपी फल की प्राप्ति के लिए करता है और अपने किए हुए उन कर्मों का फल भोगने के लिए नाना योनियों में जन्म लेकर विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। मृत्यु के अनंतर उसकी कर्मानुसार तीन गतियां होती हैं अर्थात् शरीर छोड़ने पर वह तीन मार्गों से देवयान, पितृयान और तीसरा निरंतर जन्ममृत्यु के चक्र से जाता है। जब तक प्राणों का अधिपति यह जीवात्मा मुक्त नहीं हो जाता, तब तक अपने किए हुए कर्मों से प्रेरित होकर नाना लोकों में भिन्न-भिन्न योनियों में घूमता रहता है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

यह जीवात्मा अंगूठे के बराबर प्रमाणवाला, सूर्य के समान ज्योतिस्वरूप, संकल्प और अहंकार से युक्त तथा बुद्धि और शरीर के गुणों से भी युक्त है। मनुष्य का हृदय अंगूठे के नाप का माना गया है। हृदय में ही जीवात्मा का निवास है इसलिए उसे अंगूठे के माप का कहा जाता है। जीवात्मा का वास्तविक स्वरूप सूर्य की भांति प्रकाशमान (विज्ञानमय) है। उसे अज्ञान रूपी अंधकार छू तक नहीं गया है। संकल्प और अहंकार से युक्त होकर ममता, अहंता आदि से आबद्ध होने के कारण ही यह सूजे की नोंक के समान सूक्ष्म आकार वाला है और इसी कारण परमात्मा से भिन्न है। जीव के तत्व को जानने वाले ज्ञानी पुरुषों ने गुणों से युक्त हुए जीवात्मा का स्वरूप ऐसा ही देखा है।

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते।।

जीव की सूक्ष्मता को आगे स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सौ भागों में विभक्त किया हुआ जो केश के अग्रभाग का सौवां भाग है, उस जीव को उसके बराबर जानना चाहिए किंतु वही अनंत रूप हो जाता है।

एक बाल की नोंक के हम सौ टुकड़े कर लें फिर उनमें से एक टुकड़े के पुनः सौ टुकड़े कर लें। यह एक टुकड़ा जितना सूक्ष्म हो सकता है अर्थात् बाल की नोंक के दस हजारवें भाग के समान जीवात्मा को सूक्ष्म समझना चाहिए। यह उसकी सूक्ष्मता का लक्ष्य कराने के लिए केवल उदाहरण स्वरूप ही है। वास्तव में चेतन और सूक्ष्म वस्तु का स्वरूप जड़ और स्थूल वस्तु की उपमा से नहीं समझा जा सकता। यह सूक्ष्म होने पर भी स्थूल वस्तु में सर्वत्र व्याप्त रह सकता है। इसीलिए कहा गया है कि वह इतना सूक्ष्म होने पर भी अनंत भाव से युक्त होने में अर्थात असीम होने में समर्थ है। वह जड़ जगत में सर्वत्र व्याप्त है लेकिन बुद्धि के गुण संकल्प और अपने गुणरूप अहंकार से युक्त होने के कारण ही एकदेशीय बन रहा है।

यह जीवात्मा वास्तव में न तो स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। वह जब जिस शरीर को ग्रहण करता है उस समय उससे संयुक्त होकर वैसा ही बन जाता है। जीवात्मा सर्वभेदशून्य है, सारी उपाधियों से रहित है।

सुसंगत है मां सरस्वती का पुत्री और पत्नी होना

मां सरस्वती के संबंध में अनेक धर्मग्रंथों में प्रसंग आता है कि वह त्रिदेवों में सृजन के देवता ब्रह्मा की पत्नी और पुत्री दोनों थीं। इस प्रसंग की गहराई में उतरने के पहले लौकिक जीवन में मां सरस्वती की पत्नी और पुत्री की स्थिति पर गौर करने की जरूरत है। जहां एक नारी पत्नी बनकर जीवन-यात्रा में सहधर्मिणी होती है वहीं पुत्री के रूप एक नारी का पोषण पिता करता है। इस भाव पर दृष्टि डालने से स्थिति स्पष्ट हो जाती है। जब ज्ञान से अबोध शिशु विद्या को अर्जित करता है तब विद्या पुत्री के रूप में होती है क्योंकि नवजात शिशु की तरह विद्या और ज्ञान को संजो-संजो कर मस्तिष्क में संचित करना पड़ता है। जब विद्या शिशु रूप से पुष्ट हो जाती है तब वही विद्या जीवन-संचालन में सहधर्मिणी बन जाती है और उसी ज्ञान एवं विद्या से जीविकोपार्जन होता है। यानी मस्तिष्क और विद्या का रूप समयानुसार बदल जाता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

पंच भौतिक तत्वों के सम्मिलन से जीव की संरचना होती है और वह इस संसार-सरोवर में जन्म लेता है तो इस सरोवर में तैरने और प्रवाहित होने की क्षमता पंच ज्ञानेन्द्रियों से संचालित मन-मस्तिष्क, बुद्धि, ज्ञान और विवेक से ही संभव है। इनमें जो जिस स्तर तक प्रखर होता है, उसकी छलांग उतनी ही ऊंचाई पर होती है। सरस्वती शब्द में सर (सरोवर, नवनीत आदि) शब्द 'सृ धातु (जिसका अर्थ गतिशील या प्रवहमान

होना है) और अच् प्रत्यय से मिलकर बना है। सरस्वती शब्द में 'सर' शब्द सरोवर का सूचक है। सरोवर शब्द 'सरस्' शब्द+असुन' प्रत्यय से निर्मित है। वाणी एवं ज्ञान की देवी के अर्थ में सरस्वती शब्द की व्युत्पत्ति सरस्वत्+डीप् प्रत्यय से हुई है। इस तरह सरस्वती का अर्थ सरोवर, प्रवाह होता है। यह प्रवाह वैचारिक और मानसिक स्तर पर मनुष्य को कितनी ऊंचाई तक ले जा सकता है, उसका द्योतक है। क्योंकि मनुष्य पशु के नजदीक का प्राणी है। सनातन संस्कृति के 10 अवतारों में भी जलकर-थलचर पशु अवतार का वर्णन है। मनुष्य पशु ही रहना चाहता है या वह देवता बनना चाहता है, यह उसकी साधना पर निर्भर है। इस साधना में विवेक के देवता प्रथम देव गणेश जी होते हैं तथा विद्या की देवी मां सरस्वती होती हैं। माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश-चतुर्थी का पर्व इसीलिए रखा गया क्योंकि अंधकार में ही विवेक के प्रकाश की जरूरत पड़ती है। माता पुत्र के विवेक के लिए ही व्रत-पूजा करती है तो इसी महीने के शुक्ल पक्ष में पंचमी तिथि को माता की पूजा की व्यवस्था ऋषियों ने की। गणेश की चतुर्थी तिथि की पूजा चतुर्दिक दिशाओं में विवेक-युक्त जीवन यात्रा के साथ पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष के लिए सकारात्मक प्राप्ति की कामना परिलक्षित होती है। मां सरस्वती की पूजा पंच ज्ञानेन्द्रियों का उस विवेक से आबद्ध रहने का सूचक है।

सरस्वती के हाथ में प्रमुख रूप से वीणा विद्यमान है। इसका तुम्बा नीचे की ओर है। वीणा सात तारों से बजने वाला वाद्य यंत्र है। मनुष्य यदि पंच ज्ञानेन्द्रियों के सात द्वारों को नियंत्रित करने के लिए यदि भौतिक-कामनाओं के विलोम में जीने की शक्ति अर्जित कर ले तो श्रेष्ठता की ओर कदम स्वतः ही बढ़ने लगेंगे। क्योंकि इंद्रियां लौकिक सुख के पीछे दौड़ती हैं और अधोगामी बनाने में सहायक होती हैं। वीणा का तुम्बा मनुष्य के सिर की तरह नीचे और पैर वाला हिस्सा ऊपर है। इसी वीणा के बल पर नारद हर लोक की सुध-बुध ही नहीं लेते थे बल्कि त्रिदेव तक उनकी बातों और सूचनाओं को तरजीह देते थे। नारद कभी माया के अधीन नहीं बल्कि मायाधीश नारायण के अधीन रहे। जब विश्वमोहिनी पर अनुरक्त हुए और उससे विवाह करने की कामना जागी तब वे नारायण के पास जाकर यह नहीं कहते कि मेरा विवाह विश्वमोहिनी से हो ही जाए बल्कि 'जेहिं विधि होहि नाथ हित मोरा' कहते हैं। मन में जागी किसी अवांछित कामना को विवेक की कसौटी पर कसने से अवांछित कामनाएं विनष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति में मां सरस्वती मनुष्य भवसागर में डूबने नहीं देती। विद्या और ज्ञान के पतवार के सहारे मनुष्य श्रेष्ठतम मानव बन जाता है।

ब्रह्म और जीव दोनों चेतन

संन्यासी बनने के बाद रामानुजाचार्य अथवा यतिरामानुजम् की शिष्य मंडली बड़ी तेजी से बढ़ने लगी। उनकी कीर्ति यहां तक बढ़ी कि उनके पूर्व गुरू यादव प्रकाश ने भी, इनका शिष्यत्व स्वीकार किया और "यतिसमुच्चय" नामक ग्रंथ की रचना की। उनके अधीन वैदिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से शिष्य आने लगे। एक दिन उनके गुरू यमुनाचार्य के पुत्र वरदरंगम् आचार्य के पास आ पहुंचे और उनसे श्रीरंगपुरम चल कर वहां के अध्यक्ष पद को स्वीकार करने को सहमत किया। श्रीरंगम् आकर रामानुजम् ने वहां के मंत्रों के ख्याति प्राप्त आचार्य गोष्ठी पूर्ण से दीक्षा ली। गोष्ठी पूर्ण के मना करने पर भी रामानुज ने मंत्रों का रहस्य जन सामान्य के हित में मान उद्घाटित करना शुरू कर दिया। गोष्ठी पूर्ण से यह मंत्र रहस्य जान कर कि मंत्रों में वह सामर्थ्य है कि इनका श्रद्धापूर्वक नियमित पाठ, मनुष्य के मोक्ष या मुक्ति में सहायक हो सकता है, उन परम गोपनीय मंत्रों को खुले आम सार्वजनिक करना शुरु कर दिया। उन्होंने जनहित में मंत्र रहस्य को सार्वजनिक करने के लिए गुरू गोष्ठी पूर्ण को सहमत कर लिया। प्रसन्नता पूर्वक गुरू गोष्ठी पूर्ण ने उनको आशीष दिया कि, "आज से विशिष्टाद्वैत मत तुम्हारे नाम पर 'रामानुजदर्शन' के नाम से विख्यात होगा।" मैसूर के तत्कालीन नरेश राजा विट्टिदेव की सहायता से आचार्य श्री रामानुजने, "श्रीवैष्णवमत" के चतुर्दिक प्रचार के लिए अपने 74 सुयोग्य शिष्यों को नियुक्त किया। इस प्रकार अपना सारा जीवन भजन-साधन तथा वैष्णव धर्म एवं विशिष्टाद्वैत मत के चतुर्दिकसुप्रचार में लगा कर अंततः विक्रम संवत् 1194 में श्री हरि षिष्णु के दिव्य धाम के लिए प्रस्थान किया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

यतिराराज रामानुजम् या रामानुजाचार्य ने अपने मत की पुष्टि के लिए जिन अनेक ग्रंथों की रचना की, उनमें उनके सुख्यात् "श्रीभाष्य" के अति रिक्त, वेदान्त संग्रह, वेदान्त प्रदीप, वेदान्तसार, वेदान्ततत्वसार, गीताभाष्य, गद्यत्रय, भगवदारा धनक्रम बहुत लोकप्रिय हुए। इसके अतिरिक्त अष्टादशरहस्य, कंटकोद्धार, कूटसंदेह, ईशावास्योपनिषदभाष्य, गुणरत्नकोश, चक्रोल्लास, दिव्यंसूरिप्रकाश दीपिका, देवतास्वारस्य, नारायणमंत्रार्थ, न्यायरत्नमाला, मुंडकोपनिषदव्याख्या, दिव्यसंरिपूरभावदीपिका, योगसूत्रभाष्य, रामपाल, नित्यपद्धति, रामपद्धति, रामपूजापद्धति, रेमरहस्य, राममंत्रपद्धति, विशिष्टाद्वैतभाष्य, विष्णुसहस्रनामभाष्य, शतदूषणी, वेदार्थसंग्रह, संकल्प सूर्योदय टीका, श्वेताश्वतरोपनिषद्व्याख्या, सच्चरित्ररक्षा आदि। दुर्भाग्य वश, इन रचनाओं का कालक्रम निर्धारण असंभव है। इनकी सभी कृतियां संस्कृत में हैं। रामानुज ने गुरू यमुनाचार्य के सिद्धांतों की विस्तृत और बोधगम्य प्रस्तुति को लोक प्रिय बनाया यह भी तीन ही मौलिक पदार्थों का अस्तित्व मानते हैं - चित् (जीव), अचित् (जड़जगत या समूह) तथा ईश्वर या पुरूषोत्तम।

इनके अनुसार स्थूल-सूक्ष्म, चेतन-अचेतन विशिष्ट ब्रह्म ही ईश्वर है। अनंत जीव और जगत उनका शरीर है। वही इस शरीर की आत्मा है। ब्रह्म अशेष गुणों का आलय या आवास है। उसमें निकृष्ट या हेय कुछ भी नहीं है। सर्वेश्वरत्व, सर्वग्यत्व, सर्वनियनतृत्व आदि इसके गुण या लक्षण हैं। यह सूक्ष्म चिंतन और अचेतन रूप में जगत का उपादान (प्राप्ति या प्राप्त करना) कारण है। संकल्प विशिष्ट रूप से निमित्त कारण है। जीव और जगत इसका शरीर है। यही सृष्टि का निर्माता और संहारकर्ता है। यही अंतर्यामी और पूजनार्थ अवतार भेद से शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी चतुर्भुज है। श्री, भू और लीला देवी सहित किरीट आदि आभूषणों से अलंकृत है। जड़जगत, ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म ही जगत का उपादान और निमित्त कारण है। यह जगत रूप में प्रकट होकर भी विकार (दोष रहित या निर्दोष) है। यह जगत सत्य है, मिथ्या नहीं है। जीव भी ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म और जीव दोनों चेतन हैं ब्रह्मविभु (सर्वव्यापक) तथा जीव अणु है। ब्रेक पूर्ण तथा जीव खण्डित है। प्रत्येक शरीर में जीव भिन्न या पृथक् है।

कुमाऊं

बिना सोचे समझे लागू किए जा रहे अनुचित प्रावधान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी प्रदेश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की विरोधी नहीं है। लेकिन यूसीसी को लागू करने से पहले उसके ड्राफ्ट को पढ़ने और समझने का मौका विपक्ष को भी दिया जाना चाहिए था। जो सरकार ने उचित नहीं समझा। औपचारिकता पूरी करने के लिए दो घंटे का जो समय बहस के लिए दिया गया, वह नाकाफी था। परिणाम यह हुआ कि आज यूसीसी के माध्यम से देवभूमि विरोधी कई व्यवस्थाएं लागू हो रही हैं।

उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र का मुख्य उद्देश्य यूसीसी बिल लागू करना था। तय हुआ था कि छह फरवरी को दो घंटे का प्रश्नकाल होगा, लेकिन सरकार ने विपक्ष को यह मौका भी नहीं दिया। 182 पन्नों के यूसीसी पर बहस को महज दो घंटे दिए गए, जो नाकाफी थे। तिवारी ने सवाल उठाया कि देवभूमि में लिविंग रिलेशनशिप आम लोगों के लिए अनिभिज्ञ है। सरकार रजिस्ट्रेशन की बाध्यता कर बाहरी लोगों को यहां आने को आमंत्रित कर रही है। बाहरी लोगों को रजिस्ट्रेशन कर यहां लिविंग रिलेशनशिप में रहने की खुली छूट मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र की जनता के लिए विवाह पंजीकरण नहीं कराने पर तीन माह की सजा का प्रावधान समझ से परे है। क्योंकि गांव के व्यक्ति के लिए विवाह बाद अब पंजीकरण करवाना आसान नहीं है। इसमें उनका धन, समय के खर्च के अलावा मानसिक दिक्कतें झेलनी पड़ेंगी। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, नगर अध्यक्ष तारा जोशी, युकां जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, किशन लाल, संजू सिंह, अरविंद बिष्ट आदि कार्यकर्ता रहे।

अल्मोड़ा में पत्रकारों से बातचीत करते विधायक मनोज तिवारी व अन्य। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहाघाट के ग्राम पाटन पाटनी निवासी और वर्तमान में जिलाधिकारी कार्यालय चम्पावत में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत भगवत प्रसाद पाण्डेय की पुस्तक पहाड़ों से निकली पहाड़ों की कहानियाँ पुस्तक का विमोचन रामलीला मैदान लोहाघाट में किया।

मालूम हो कि भगवत प्रसाद पाण्डेय वर्ष 1987 से हिंदी साहित्य के साथ ही कुमाऊनी बोली में लेखन की हर विधा में रचना कर रहे हैं। उनकी रचनाओं को बाल पत्रिकाओं के अलावा देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में व्यापक स्थान मिलता रहा है। अब तक उनकी शताधिक कहानी, कविताएं, व्यग्य, आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी रुचि बालसाहित्य में अधिक रही है।

लोहाघाट में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुस्तक का किया विमोचन। ● अमृत विचार

इसके साथ ही समय-समय पर समसामयिक मुद्दों पर लिखने वाले भगवत पाण्डे की रविवार को विमोचन होने वाली कहानी संग्रह में 31 कहानियों का रोचक संग्रह है। वहीं पुस्तक में कहानियों के सभी चित्र उनके द्वारा स्वयं बनाये गए हैं।इसे 'न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली' ने प्रकाशित किया है। यह पुस्तक प्रसिद्ध ऑनलाइन एप्लिकेशन अमेजन पर भी उपलब्ध है। इसके साथ ही यह पुस्तक दिल्ली में शुरू हो रहे विश्व पुस्तक मेला-2024 में भी प्रदर्शित हो रही है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी आज टनकपुर में

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को आज टनकपुर आ रहे हैं। इस प्रस्तावित दौरे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन गांधी मैदान टनकपुर में किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री धामी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर सोमवार को सांसद अजय टम्टा की मौजूदगी में डीएम नवनीत पांडेय ने बैठक कर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग में साफ सफाई को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए साथ ही नगर की सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका, स्टेज निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग को निर्देशित किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, प्रदेश भाजपा मंत्री हेमा जोशी, महामंत्री मुकेश कलखुड़िया,सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मुख्य अभियंता डीके शर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग के पूरन सिंह आदि रहे।

अतुल ने जीता कांस्य

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के पूर्वी पोखरखाली निवासी बैडमिंटन खिलाड़ी अतुल जोशी ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है।

जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष प्रशांत जोशी ने बताया कि चंडीगढ़ में 60 आयु वर्ग की पुरुष योनेक्स सनराइज महाराजा अग्रसेन ऑल इंडिया मास्टर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पुरुष एकल वर्ग की प्रतियोगिता में अल्मोड़ा के अतुल जोशी ने महाराष्ट्र के चंबू घारट को 21-19, 21-19 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दिल्ली के रवींद्र शर्मा को प्री क्वार्टर फाइनल में 21-8, 21-15 से हराकर उन्होंने क्वार्टर फाइनल में और बिहार के नीरज को 21-15, 15-21, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। यहां उनका मुकाबला पंजाब के राकेश बंसल से हुआ। लेकिन खेल के दौरान वह चोटिल हो गए और उन्हें मैच छोड़कर कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा। उनकी इस उपलब्धि पर जिला और उत्तराखंड बैडमिंटन संघ ने खुशी जताई है।

जीआईसी मोतियापाथर में शिक्षकों की कमी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश के दूरदराज के इलाकों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के सरकार के सभी दावे हवाई साबित हो रहे हैं। दूरस्थ स्कूलों में जरूरी और महत्वपूर्ण विषयों का टोटा बना हुआ है। ऐसे में विद्यार्थियों का सरकारी स्कूलों से मोहभंग हो रहा है और वह निजी स्कूलों का रूख कर रहे हैं। लेकिन इन क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे बिना शिक्षकों के अपना भविष्य संवारने की कठिन जुगत में लगे हुए हैं। लेकिन लंबी मांग के बाद शिक्षा महकमे के अधिकारियों की नजर ऐसे स्कूलों पर नहीं पड़ रही है।

जिले के विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले लमगड़ा ब्लॉक के दूरस्थ राजकीय इंटर कालेज मोतियापाथर का हाल भी कुछ ऐसा ही है। इस विद्यालय में इंटर की कक्षाओं में विज्ञान और कला वर्ग दोनों संचालित हैं। क्षेत्र के दुर्गानगर, नाटाडोल, पट्यूड़ी, जलना, भांगाद्योली, मोर आदि गांवों के अलावा दूरदराज से करीब तीन सौ से अधिक छात्र छात्राएं यहां शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। लेकिन शिक्षा महकमे द्वारा बरती जा रही लापरवाही इन नौनिहालों का भविष्य लगातार गर्त की ओर ले जा रही है। इस विद्यालय में लंबे समय से भौतिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र के प्रवक्ताओं के पद रिक्त हैं। जबकि एलटी अंग्रेजी शिक्षक पद पर भी लंबे समय से कोई शिक्षक तैनात नहीं है। शिक्षकों की कमी के कारण अब तक उनका कोर्स पूरा नहीं हो पाया है। अन्य विषयों के शिक्षक जैसे तैसे औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कक्षाएं चला रहे हैं। अभिभावकों ने कहा कि बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक हैं। लेकिन विद्यालय में लंबी मांग के बाद शिक्षक तैनात नहीं किए गए।

कैंटर और कार की भिड़ंत, युवक जख्मी

लोहाघाट, अमृत विचार : लोहाघाट-पाटी-हल्द्वानी सड़क पर बिशुंग के पास सोमवार सुबह पौने आठ बजे कार और चल्थी से रेता ला रहे एक कैंटर में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार युवक बुरी तरह चोटिल हो गया।

वहां से गुजर रहे शिक्षक चंचल सिंह कुंवर और स्थानीय लोगों ने जख्मी युवक को लोहाघाट अस्पताल भिजवाया। डॉ. करन बिष्ट ने बताया कि मल्लाढेक निवासी 18 वर्षीय सूरज कुमार पुत्र राजू राम के घुटने और सिर में चोट आई है।

मतदाताओं को दिलाई जाएगी शपथ

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन हेतु प्रत्येक मतदेय स्थल पर 75% मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामान्य निर्वाचन 2019 में 50% से कम मतदान वाले मतदेय स्थलों के शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलवाई जाएगी।

जिलाधिकारी अल्मोड़ा विनीत तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्य की सुगमता एवं समयबद्धता के दृष्टिगत एक शपथ पत्र में एक परिवार के सभी पंजीकृत मतदाताओं को एक साथ मतदान की शपथ दिलायी जा सकती है। उन्होंने बताया कि शपथ दिलाए जाने के साथ साथ लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2019 में 50% से कम मतदान वाले मतदेय स्थलों पर सभी बिंदुओं को चिन्हित करने तथा लोक सभा के आगामी सामान्य निर्वाचन में इन मतदेय स्थलों पर 75% मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ जागरूकता ग्रुप के गठन के साथ साथ इन्हें तत्काल सक्रिय करना अनिवार्य हो गया है। यह ग्रुप विशेष अभियान के रूप में पंद्रह फरवरी से 29 फरवरी तक प्रत्येक मतदेय स्थल पर अपेक्षित कार्रवाई करेंगे। जबकि दो मार्च तक अपनी रिपोर्ट संबंधित एसडीएम के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इन ग्रुपों का यह दायित्व भी होगा कि वह घर घर भ्रमण के दौरान यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके मतदेय स्थल के अंतर्गत किसी अर्ह नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में पंजीकृत होने से छूटा तो नहीं है।

सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ दिवस कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार : प्रभाती लाल गोयल सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन मनाया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जनक चांद की अध्यक्षता में हुए मातृ दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभय शर्मा ने कहा कि शिशु के विकास मां की अहम भूमिका होती है।

उन्होंने माता निर्माता भवती कथन को चरितार्थ करते हुए कहा कि जिस प्रकार किसी भी चीज को निर्माण करने वाला व्यक्ति प्रशासनीय वह पूजनीय होता है इस प्रकार शिशु के निर्माण में मां का भी महत्व है।

इस दौरान आचार्य गीता चंद, सरोज पांडे, भुवन पंत ने भी अपने-अपने विचार रखें। इस मौके पर प्रधानाचार्य कुंडल सिंह, आचार्य लक्ष्मण तिवारी, दीपक राम, भोपाल राम, विमला बोरा आदि मौजूद रहे।

डीएम ने पुड़कुनी में रोपे 133 कीवी के पौधे

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: जनपद में कीवी की फसल ने अब तक कई किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की है जिसके परिणाम देखते हुए अन्य स्थानों में भी इस खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

डीएम अनुराधा पाल सोमवार को पुड़कुनी गांव पहुंची वहां उन्होंने उद्यान विभाग की योजना के तहत विकसित किए जा रहे कीवी की खेती की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने काश्तकार रतन सिंह द्वारा अपनी बंजर भूमि पर लगाई जा रही

कीवी की पौध लगातीं जिलाधिकारी।

कीवी की फसल का शुभारंभ करते हुए 133 कीवी के पौधे रोपित किए। उन्होंने उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि वे पौधे विकसित होने तक काश्तकार को हरसंभव मदद करें। जनपद में उत्पादित कीवी की देश भर में काफी मांग है क्योंकि यहां की जलवायु कीवी के लिए पूर्ण रूप से अनुकूल है। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा भी जनपद में अधिक से अधिक कीवी उत्पादन को कहा है जिसके निर्देश के क्रम में इसके लिए सब्सिडी भी दी जा रही है। जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि पुड़कुनी में बीस नाली भूमि पर हैवार्ड, ब्रूनो, एलीसन व मोंटी के 133 पौधे रोपे गए बताया कि जनपद में प्रति फसल लगभग दस मीट्रिक टन कीवी की डिमांड है।

मैडम, पड़ोसी सड़क पर पानी बहा देते हैं

डीएम ने कलेक्टेट में जनसुनवाई की, 133 शिकायतें में अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद संबंधित

ब्यूरो, हरिद्वार

अमृत विचार : जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 133 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद संबंधी थी। इसके अलावा आपसी विवाद, सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता, सरकारी भूमि पर कब्जा, अवैध प्लाटिंग, भरण-पोषण, मामला हस्तांतरण, पति के दूसरी शादी करने सहित नगर निगम, जल संस्थान पीएमजीएसवाई, सिंचाई, रोजगार दिलाने, समाज कल्याण, एमडीडीए, पुलिस आदि विभागों से सम्बन्धित शिकायतें आईं।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न जांच मामलों में जो रिपोर्ट पटवारी की ओर से प्रेषित की जाती है, उन पर अपनी संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंप रोस्टरवार कार्यक्रम तय करते हुए धारा-41 के मामले निपटाएं।

लोगों की समस्याएं सुनती व उनका समाधान करतीं जिलाधिकारी सोनिका।

जनसुनवाई में ग्राम हसनपुर तहसील विकासनगर के एक व्यक्ति ने अपनी भूमिधरी की भूमि पर अवैध कब्जे के दाखिल खारिज रूकवाने का अनुरोध किया। पुरवीय लाईन सेन्ट्रल निवासी एक अन्य व्यक्ति ने शिकायत की, उसकी सम्पत्ति को उसके परिजन बेचने की फिराक में हैं, जिस पर रोक लगाने की मांग की गई। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह तहसील सदर अन्तर्गत एक भूमि संबंधी शिकायत पर तहसीलदार सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए।

सृष्टि विहार निवासी एक व्यक्ति ने कहा कि उनके पड़ोसी सड़कों पर पानी बहा रहे हैं, जो उनके घर के सामने इकठ्ठा हो जाता है, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका रहती है व बीते वर्ष उनके माता-पिता व नवजात बच्चे को डेंगू हो गया था। इस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम बीर सिंह बुधियाल, नगर मजिस्टेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरगिरी गोस्वामी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, एडीएसओ विवेक शाह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, एमडीडीएए विद्युत आदि उपस्थित रहे।

मतदान जागरूकरता कार्यक्रम करने के दिए निर्देश

हरिद्वार, अमृत विचार : जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेट में स्वीप के तहत बैठक लेते हुए आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए बूथ स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त तहसील स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने तहसील अन्तर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित करने, मतदान प्रतिशत कम रहने का कारण व मतदान प्रतिशत बढाने हेतु स्वीप एक्टिविटी कराते हुए मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे स्थानों में क्षेत्र प्रतिष्ठित लोगों से बात करते हुए उनके माध्यम से लोगों को जागरूक करने की बात की। उन्होंने नगर निगम, नगर निकाय क्षेत्रों में वॉल पेन्टिंग करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के साथ मतदान के लिए प्रेरित करने वाले स्लोगन, वॉल पेन्टिंग आदि बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही, स्मार्ट सिटी के वीएमडी पर मतदाता जागरूकता संदेश प्रसारित करें। जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम बीर सिंह बुधियाल, नगर मजिस्टेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरगिरी गोस्वामी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी अदि विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक रहे।

भारत का दुनिया में बज रहा है डंका: महाराज

संवाददाता, हरिद्वार

अमृत विचार: भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत हरिद्वार के प्रभारी व कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों में प्रतिभाग किया। सतपाल महाराज ने भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के जमालपुर कलां बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की बैठक में प्रतिभाग किया। ग्राम जमालपुर कलां विस क्षेत्र हरिद्वार के ग्रामीण बूथ संख्या-39 में उन्होंने पन्ना प्रमुखों की बैठक कर उनसे सरल एप व नमो एप भी डाउनलोड करवाया।

महाराज ने बूथ नंबर-39 पर दीवार लेखन व प्रबुद्ध नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा करने के साथ ही राजकीय उच्चतर विद्यालय जमालपुर का निरीक्षण किया व छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा भी की। तय कार्यक्रम के तहत महाराज ने रात्रि भोजन भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री विपिन कुमार के आवास पर व रात्रि विश्राम ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मिथुन के निवास पर किया।

जमालपुर गांव में विभिन्न बैठकों व प्रबुद्ध नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा के साथ महाराज ने सभी से केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रियता बनाए रखें।

महाराज ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अनुरूप भाजपा सरकार देश में समृद्धि के संकल्प के साथ अपना कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत बुलंदियों को छू रहा है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाया है।

17 को राज्यमंत्री करेंगे जिले का दौरा

हरिद्वार, अमृत विचार: आगामी 17 फरवरी को उत्तराखंड अनुसूचित जाति राज्यमंत्री जनपद का दौरा करेंगे। उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग की सचिव कविता टम्टा ने बताया है कि राज्यमंत्री मुकेश कुमार के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आगामी 17 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह एक बजे तक टाउन हॉल नगर निगम, देहरादून के सभागार, में अनु. जाति के समस्त जनप्रतिनिधियों- ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख आदि से परिचर्चा व संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसके उपरान्त राज्यमंत्री अपरान्ह 3.30 बजे से 5.00 बजे तक विकास भवन, सभागार कक्ष, देहरादून में अनु. जाति कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक में एससीएसपी योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि व्यय की गई, उसका विवरण भी उपलब्ध कराया जाए। एससी/एसटी एक्ट में पंजीकृत प्रकरणों में अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

यह मेरा ही नहीं, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं का सम्मान है

संवाददाता, हरिद्वार

अमृत विचार: राज्यसभा उम्मीदवार बनने की घोषणा के बाद राजधानी पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर उन्होंने उच्च सदन में जाने का अवसर प्रदान करने के लिए पीएम मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा समेत सभी शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा ही नहीं, बल्कि राज्य के लाखों कार्यकर्ताओं का सम्मान है, जो भरोसा पार्टी नेतृत्व ने मुझ पर राजसभा उम्मीदवार घोषित करके जताया है, आप सभी के सहयोग व प्रदेशवासियों के आशीर्वाद से स्वयं को उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। गृह जनपद चमोली से यमुना कालोनी कॉलोनी स्थित अपने आवास पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान सभी लोगों ने पीएम मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा, सीएम धामी और प्रदेश अध्यक्ष भट्ट के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। पार्टी पधाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपने प्रदेश अध्यक्ष के प्रत्याशी बनाए जाने पर जश्न मनाया।

संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर की बैठक

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आगामी 24 फरवरी को होने वाले राज्य स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में सोमवार को कैंप कार्यालय में विभाग व जिला प्रशासन अधिकारियों के साथ बैठक की।

24 फरवरी को देहरादून के सर्वे स्टेडियम में होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री सीधे लाभार्थियों से संवाद करेंगे व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी प्रतिभाग करेंगे।

कैंप कार्यालय में विभाग व जिला प्रशासन अधिकारियों की बैठक लेते मंत्री गणेश जोशी।

मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां समय पर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में लखपति दीदी व विभिन्न विभागों के लाभार्थी उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, आयुक्त ग्राम्य विकास आनद स्वरूप, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री ने सैन्य धाम का निर्माण गुणवत्ता व समय पर करने के दिए निर्देश

देहरादून, अमृत विचार : सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्य धाम का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कार्य तेजी व समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को सैन्य धाम निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

वोट के लिए बाहर के लोगों को हल्द्वानी में बसाया: भगत

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने हल्द्वानी की घटना के पीछे गहरी साजिश की आशंका व्यक्त की है। सोमवार को उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय से शहर के माहौल को खराब करने की साजिश बनाई जा रही थी, जिसे पुलिस ने बेनकाब कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं व विधायक सुमित हृदयेश का घटना के पीछे प्रशासन को जिम्मेदार ठहरना कहीं न कहीं दंगाइयों व अपराधियों को संरक्षण देना प्रतीत होता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की गलत नीतियों की वजह से हल्द्वानी ने दंगे का दंश झेला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक बढ़ाने के लिए बाहर से लोगो को शहर में बसाया, उनके वोटर व आधार कार्ड बनाए, जिससे जनसांख्यिकीय बदलाव हुआ।

उन्होंने सीएम धामी के मलिक के बगीचे में पुलिस थाने को खोलने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार दंगाइयों से कठोरता से निपट रही है, लगातार अपराधियों की धर-पकड़ की जा रही है। मुख्यमंत्री धामी के कड़े निर्देशों से दंगे में क्षतिग्रस्त हुई सरकारी सम्पतियों की भरपाई भी दंगाइयों से की जाएगी।

उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने दी हिदायत, संतों व आगंतुकों को न हो कोई दिक्कत

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार : संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों को देखा। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाये। यह भी ध्यान रखें कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को कोई परेशानी न झेलनी पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सुबह 11 बजकर 18 मिनट पर हेलीकॉप्टर से ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। यहां कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम व भाजपा पदाधिकारियों के साथ प्रमुख सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा व डीजीपी प्रशांत कुमार आदि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल्कि धाम शिलान्यास का कार्यक्रम स्थल पर गर्भगृह, सभा मंच और हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों के बारे में विस्तार से जाना साथ ही अधिकारियों से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश व्यवस्था की जानकारी ली।

सीएम योगी ने साफ कहा कि आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह व डीएम मनीष बंसल आदि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाके को समतल करा लिया गया है। साथ ही मिट्टी से गड्ढे भरवा लिए गए हैं।

सड़कों की साफ-सफाई और सौंदर्यकरण कराएं

संभल : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐंचोड़ा कंबोह तक आने वाले सभी मार्गों पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए। मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया जाए। साथ ही शौचालय और पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाए। हेलीपैड को भी समय पर पूरा करा लिया जाए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहे और एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

अवैध वसूली को लेकर भड़की किसान यूनियन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: सिंचाई विभाग के बैरियर पर वाहनों से की जा रही अवैध वसूली पर अन्नदाता किसान यूनियन कार्यकर्ता भड़क उठे। कार्यकर्ताओं ने बैरियर पर नारेबाजी कर धरना दिया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने दो दिन के भीतर बैरियर हटाने का अल्टीमेटम दिया है। समस्या का निस्तारण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के बाइफरकेशन में सिंचाई विभाग द्वारा बैरियर लगाया गया है। आरोप है कि इस बैरियर पर कुछ लोगों द्वारा किसानों की गुजरने वाली टैक्टर-ट्रालियों समेत अन्य वाहनों से 20 से 30 रुपये प्रति वाहन वसूली की जा रही है। बैरियर पर की जा रही अवैध वसूली को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अफसरों को पत्र भेजकर शिकायतें कीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। इधर, लगातार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर अन्नदाता किसान यूनियन के कार्यकर्ता भड़क उठे। कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बाइफरकेशन पहुंचकर बैरियर के पास धरना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने अवैध वसूली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं का कहना था कि बैरियर पर शराब के नशे में धुत लोगों द्वारा किसानों समेत अन्य वाहन चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। अवैध वसूली का विरोध करने पर अभद्रता की जाती है। यदि दो दिन के भीतर अवैध वसूली बंद करते हुए इस बैरियर को नहीं हटाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसको लेकर यूनियन पदाधिकारियों ने डीएम को भी ज्ञापन भेजा है।

व्यास तहखाना में पूजा रोकने के मामले की सुनवाई 15 को

प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी द्वारा खारिज किए जाने की मांग लेकर दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। घंटे भर चली सुनवाई में दोनों पक्षों के द्वारा दिए गए तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले को आगामी 15 फरवरी को सूचीबद्ध कर दिया है। मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने तर्क दिया कि वाराणसी जिला न्यायाधीश के 31 जनवरी 2024 के आदेश में हिंदू पक्षकारों को तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने के पीछे कोई ठोस कारण नहीं है। उक्त आदेश स्वयं दर्शाता है कि यह सीपीसी के किसी भी प्रावधान के तहत पारित नहीं किया गया है बल्कि वादी के प्रभाव में पारित हुआ है।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस से भिड़ी कार, पांच जिंदा जले

संवाददाता, मथुरा/ फिरोजाबाद

अमृत विचार: सोमवार सुबह करीब सात बजे मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। यहां स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गई। इसी दौरान पीछे आ रही कार भी बस से भिड़ गई। इसी बीच धमाका हुआ और दोनों गाड़ियां जलने लगीं। इस हादसे में कार सवार पांचों लोगों की जलने से मौत हो गयी। ये हादसा थाना महावन क्षेत्र माइल स्टोन 116 पर हुआ। हादसे के बाद बस की सवारियों ने आनन- फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई।

कार में जले पांचों युवकों की पहचान अंशुमान पुत्र मनोज यादव निवासी ककरारा थाना खैरगढ़, अतिन कुमार यादव निवासी एटा चौराहा शिकोहाबाद और फिरोजाबाद निवासी शिव किशन रावत, जायद खान, सरवर हुसैन के रूप में हुई है। पांचों आपस में दोस्त थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बस में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और सभी यात्रियों को अलग-अलग वाहनों से उनके गंतव्य के लिए भेज दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

दुखद

- डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई बस, पीछे से आ रही कार बस से भिड़ी
- दोनों वाहनों में लगी आग, मरने वाले युवक आपस में थे दोस्त

तालाब में किसान का शव उतराता मिला

गजरौला, अमृत विचार : एक सप्ताह पूर्व लापता किसान का शव नजदीकी गांव के तालाब में उतराता मिला। पानी में कई दिन पड़े रहने से शव कई जगह से गल गया था। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसान की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव नंगला माफी निवासी खेम सिंह (50) किसान था। वह दो फरवरी को खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। जब वह देर शाम तक भी घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास तथा भी रिश्तेदारियों में तलाश की, मगर उसका कुछ पता नहीं चला। तब परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। सोमवार को खेम सिंह का शव थाना क्षेत्र के गांव पाल स्थित तालाब में उतरता मिला।

हल्द्वानी- बरेली के बवाल ने बढ़ाई पर्यटकों की मुसीबतें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हल्द्वानी और बरेली में हुए बवाल के बाद नैनीताल जाने वाले तमाम यात्रियों ने अपना टूर निरस्तर कर दिया है। रोडवेज बसों में भी उस रूट के यात्री घट गए हैं। ट्रवेल्स संचालक भी इस समय नैनीताल की बुकिंग लेने से इंकार कर रहे हैं। जिन लोगों ने वहां जाने का प्लान बनाया था, उन्होंने टूर निरस्त कर दिया है या फिर कहीं अन्य जगह जाने की तैयारी कर ली है। रेलवे प्रशासन ने हल्द्वानी पर पहले ही ठहराव स्थगित कर दिया है। वहां के तनावपूर्ण माहौल को देखे हुए रेलवे ने यह कदम उठाया है।

काठगोदाम से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस, जैसलमेर से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 15013 जैसलमेर-काठगोदाम एक्सप्रेस, देहरादून से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 14120 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस, हावड़ा से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस, नई दिल्ली से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस, दिल्ली से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 15035 दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस, देहरादून से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 12091 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस, काठगोदाम से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 12092 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस, काठगोदाम से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 15036 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस, काठगोदाम से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 12039 काठगोदाम-नई दिल्ली एक्सप्रेस और काठगोदाम से चलाई जा रही ट्रेन नंबर 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस में लगातार यात्री निरस्त करा रहे हैं।

आज शाम की बस में आए 17 यात्री

उत्तराखंड की दो बसें लखनऊ के कैसरबाग बस अड्डे तक आती है। इनमें एक बस नैनीताल तक जाती है। इन बसों में न केवल इधर से जाने वाले यात्रियों में कमी आई है। शाम को कैसरबाग पहुंची उत्तराखंड की बस में मात्र 17 यात्री मौजूद रहे। बस के ड्राइवर विशाल सिंह रावत ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से नैनीताल जाने वाले यात्रियों की संख्या कम हुई है। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी के अनुसार वहां से उत्तराखंड से आने वाली बस में यात्रियों की संख्या घट गई है।

सड़क हादसे में मिलक के युवक की मौत

रामपुर, अमृत विचार: गांधी समाधि बाइपास के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मिलक क्षेत्र के रहने वाले युवक की मौत हो गई। रविवार रात वह सड़क पर पैदल जा रहा था।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव बेगमाबाद में किसान प्रकट सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा पलविन्दर सिंह (24) भी पिता के साथ कृषि करता था। रविवार को वह किसी से मिलने के लिए सिविल लाइंस क्षेत्र में आया था। रात किसी समय गांधी समाधि बाइपास के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। कुछ समय बाद युवक के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए।

जयाप्रदा के खिलाफ फिर गैर जमानती वारंट जारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज हैं। इस मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। सोमवार को जयाप्रदा एक फिर कोर्ट में पेश नहीं हो सकीं। अब तक कोर्ट ने सात बार उनको गैर जमानती वारंट(एनबीडब्ल्यू) जारी कर दिए हैं, लेकिन उसके बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही हैं। अब इस मामले में 27 फरवरी को सुनवाई होनी है।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में पिछली कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। पिछले दिनों अदालत ने जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक तैनाती के आदेश जारी किए थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में आएंगी प्रियंका

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में अगले सप्ताह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। उप्र. में कांग्रेस की महासचिव और राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी भी इस यात्रा में नजर आएंगी। राहुल की यात्रा पूर्वांचल से रास्ते उप्र. में प्रवेश करेगी और बुंदेलखंड के रास्ते मध्य प्रदेश चली जाएगी। राहुल की यात्रा अब लखनऊ और वहां से कानपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रवेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस की उप्र. इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटा दिया है।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
TENDER NOTICE
On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Electrical Zone1) invites, online percentage rate bids in two bid system for-
(1) GEM/2024/B/4591726 Dated 09-02-2024 SITC of 270TR Capacity watter cooled screw chilling Machine AC, at KGMU, Lucknow
(2) GEM/2024/B/4577728 Dated 03-02-2024 Fire Fighting work at ESIC Medical College & Hospital Bihta, Patna
(3) GEM/2024/B/4592615 Dated 09-02-2024 Bullet proof Vehicle (4 wheeler) for Sriram Janmbhumi Security Ayodhya.
(4) GEM/2024/B / 4592560 Dated 09-02-2024 Anti Drone System for Sriram Janmbhumi Security Ayodhya.
Last date of submission of offers upto 5:00 PM on Dated 01-03-2024 (SI-1), upto 4:00 PM on Dated 14-02-2024 (SI-2) upto 6:00 PM on Dated 21-02-2024 (SI-3) upto 5:00 PM on Dated 21-02-2024 (SI-4) all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and https://gem.gov.in

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1435, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1545, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो.) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**- हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

श्रीलंका, मॉरीशस में यूपीआई सेवा शुरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों के लिए इसे विशेष दिन बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी से जोड़ने वाला बताया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ ने भी हिस्सा लिया। अपनी टिप्पणी में मोदी ने उम्मीद जताई कि नई फिनटेक सेवाएं दोनों देशों की मदद करेंगी।

उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत के साथ साझेदारी को एकजुट करने की नई जिम्मेदारियों को क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा-आज हिंद महासागर क्षेत्र के तीन मित्र देशों के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ जोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा-मुझे विश्वास है कि यूपीआई प्रणाली से श्रीलंका और मॉरीशस को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे से भारत में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने 'पड़ोस प्रथम' नीति पर भारत की केंद्रित नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा-चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो, स्वास्थ्य से जुड़ी हो, आर्थिक या अंतर्राष्ट्रीय मंच पर समर्थन, भारत ने सबसे पहले प्रतिक्रिया दी है। भारत आगे भी यह जारी रखेगा।

श्रीलंका और मॉरीशस में भारतीय सेवाओं की शुरुआत दोनों देशों के साथ भारत के बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पृष्ठभूमि में हुई है। इससे श्रीलंका और मॉरीशस की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के साथ ही भारत की यात्रा करने वाले इन देशों के नागरिकों के लिए यूपीआई की सेवा उपलब्ध होगी।

यूपीआई को लेकर कई देश दिखा रहे हैं रुचिः दास



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) को लेकर कई अन्य देशों ने रुचि दिखाई है और उनके साथ बातचीत जारी है। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए अगले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बिल्कुल उपयुक्त है। यूपीआई के बारे में उन्होंने कहा-कई देशों ने यूपीआई और रूपे कार्ड को लेकर रुचि दिखायी है और इस संदर्भ में उनके साथ बातचीत जारी है। हालांकि, दास ने उन देशों के नाम नहीं बताए, जिन्होंने यूपीआई को लेकर रुचि दिखायी है। उन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सुविधा और भारत और श्रीलंका के बीच यूपीआई कनेक्टिविटी की जानकारी देते हुए यह बात कही। इसके साथ मॉरीशस जाने वाले भारतीय यात्री एक व्यापारी को वहां यूपीआई के जरिए भुगतान कर सकेंगे।

आरबीआई का पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के खिलाफ की गई कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार किया। कहा कि यह निर्णय पीपीबीएल के कामकाज के व्यापक मूल्यांकन और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

आरबीआई ने 31 जनवरी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे 29 फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट, फास्टटैग और अन्य उत्पादों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-इस समय मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि पीपीबीएल मामले में फैसले की कोई समीक्षा नहीं होगी। यदि आप निर्णय की समीक्षा की उम्मीद कर रहे हैं, तो मैं यह साफ कर दूं कि इसकी कोई समीक्षा नहीं होगी। केंद्रीय निदेशक मंडल की इस बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबोधित किया। गवर्नर ने कहा कि आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कोई भी निर्णय व्यापक मूल्यांकन के बाद ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वित्त-प्रौद्योगिकी क्षेत्र का समर्थन करता रहा है, लेकिन इसके साथ वह ग्राहकों के हितों की रक्षा और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

▸▸ केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में गवर्नर ने दी जानकारी

शंकाओं का समाधान करेगा एफएक्यू

आरबीआई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को लेकर ग्राहकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान को लेकर इस सप्ताह एफएक्यू (बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची) जारी करेगा। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के परंपरागत संबोधन के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा-एफएक्यू की प्रतीक्षा करें। इसमें पीपीबीएल के ग्राहकों से संबंधित मामलों का स्पष्टीकरण होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,250
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	40, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	73,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	73, 300
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	720(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,150
चांदी आभूषण	73,200।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 68-86 मसूरी 45-68 1121 बासमती- 105-110, **दाल दलहन**-काला चना 67 साबुत चना दाल 77 मूंग साबुत 97-108 राजमा 103-112 दाल उड़द 100-130 साबुत मसूर दाल 75 मसूर दाल 73-110 उड़द साबुत 110-115 काबुली चना 130-168 अरहर दाल 130 लोबिया/करमानी 97-109 सोयाबीन 50-70 मूंगफली 110-120 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 25 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दालदाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये।

मुनाफा वसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 523 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर धातु एवं बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 523 अंक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 523 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,072.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 71,756.58 अंक के ऊपरी और 70,922.57 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 166.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूटकर 21,616.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी के 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-खासकर छोटे एवं मझोले शेयरों में गिरावट की स्थिति रही।

भारत का वनस्पति तेल आयात जनवरी में 28% घटकर 12 लाख टन

नई दिल्ली। देश का वनस्पति तेल आयात जनवरी में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 12 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी। जनवरी, 2023 में वनस्पति तेल का आयात 16.61 लाख टन था। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का प्रमुख खरीदार है। चालू तेल वर्ष की पहली तिमाही में कुल आयात 23 प्रतिशत घटकर 36.73 लाख टन रह गया, जो इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 47.73 लाख टन था। एसईए के मुताबिक, आयात किए गए कुल वनस्पति तेलों में लगभग 7,82,983 टन पाम ऑयल और 4,08,938 टन सॉफ्ट ऑयल थे।

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर, 2023 में सालाना आधार पर घटकर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले समान महीने में औद्योगिक उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा था।

सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह आंकड़ा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर जारी किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आधिकारिक बयान से पता चलता है कि दिसंबर, 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.9 प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 3.6 प्रतिशत था। दिसंबर, 2023 में खनन उत्पादन 5.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में आईआईपी की कुल वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत रहा था।

▸▸ सरकार की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

राष्ट्रीय

भर्ती की प्रक्रिया को बना दिया पूरी तरह पारदर्शी

रोजगार मेलाः प्रधानमंत्री मोदी बोले-राजग ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार उपलब्ध कराए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्षों की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि उस दौरान नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था तथा इसका फायदा उठाकर 'रिश्वत का खेल' भी जमकर होता था।

उन्होंने कहा-हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। इतना ही नहीं, सरकार का बहुत जोर है कि भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी कर ली जाए। इससे हर युवा को अपनी योग्यता साबित करने का समान अवसर मिलने लगा है। उन्होंने कहा, ''आज, प्रत्येक युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल की बदौलत नौकरी हासिल कर सकते हैं। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में 1.5 गुना अधिक युवाओं को नौकरी दी है। यह जानकारी देते हुए कि आज रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे में भी भर्ती हो रही है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब यात्रा की बात आती है तो रेलवे आम लोगों की पहली पसंद है।

मोदी ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि भारत में रेलवे बड़े पैमाने पर बदलाव के दौर से गुजर रही है और अगले दशक में इस क्षेत्र का पूरी तरह कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेलवे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था जबकि आज रेल लाइनों का विद्युतीकरण और दोहरीकरण बढ़ा है और साथ ही नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने और यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे ट्रेन यात्रा अनुभव को फिर से नया बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट के तहत वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी 40,000 आधुनिक बोगियां तैयार कर उन्हें सामान्य ट्रेनों में जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों के लिए सुविधा और सहूलियत बढ़ेगी।

जम्मू-कश्मीर में घर में आग लगने से तीन बहनों की मौत

बनिहाल/जम्मू। जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर गांव में एक मकान में आग लगने से सोमवार को तीन बहनों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि उखराल मंडल के धनमस्ता-तजनीहाल गांव में तीन मंजिला मकान में सोमवार सुबह आग लग गयी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त बिस्मा (18), शाइका (14) और सानिया (11) सबसे ऊपरी मंजिल पर सो रही थीं और आग के पूरे घर में फैलने के कारण वे बाहर नहीं निकल पायीं। अधिकारियों ने बताया कि दमकल और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने उनके शव बरामद किए। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चला है। उपायुक्त बशीर-उल-हक ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि रेड क्रॉस फंड के तहत शोक संतप्त परिवार को तीन लाख रुपये की तत्काल सहायता राशि दी जाएगी।

राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटाया

लखनऊ, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उत्तर प्रदेश में समय घटा दिया गया है और इसके लिये बोर्ड परीक्षाओं का हवाला दिया गया है। अब यह यात्रा 11 दिन के बजाय छह दिन ही उत्तर प्रदेश में रहेगी। कांग्रेस के एक नेता ने इसकी जानकारी दी।

यह निर्णय उन संकेतों के बाद लिया गया है कि समाजवादी पार्टी की सहयोगी और जयंत सिंह चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा से हाथ मिला सकती है। हालांकि, कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समय घटा दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उत्तर प्रदेश में पूरी यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा भी रहेंगी। राय ने कार्यक्रम रद्द किए जाने संबंधी अटकलों को गलत बताते हुए कहा कि रालोद के मामले से इसका कोई लेना-देना नहीं है।

▸▸ पश्चिमांचल के जिलों में नहीं जाएगी यात्रा

देश में लोगों को नहीं मिल रही हैं नौकरियांः राहुल

कोरबा (छत्तीसगढ़)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है तथा वे महंगाई की मार झेल रहे हैं। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जागने को कहा और आरोप लगाया कि जनता की जेबें लूटी जा रही हैं तथा उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा-पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासी देश की आबादी का 74 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इन समुदायों का एक भी व्यक्ति भारत की शीर्ष 200 कंपनियों का मालिक या प्रबंधन में शामिल नहीं है, जिन्हें 'देश का सारा पैसा' दिया जा रहा है।

एक नजर

जयपुर के बाल सुधार गृह से 23 नाबालिग कैदी फरार

जयपुर। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार सुबह 23 नाबालिग कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गए। थानाधिकारी जुल्फीकार ने बताया कि सुधार गृह प्रशासन की ओर से इस संबंध में दी गई शिकायत के आधार पर इन नाबालिग कैदियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की अलग अलग टीम फरार नाबालिग कैदियों की तलाश कर रही हैं।

सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन पर की गोलाबारी

मेंढर/जम्मू। सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलाबारी की। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन रविवार देर रात भारतीय क्षेत्र में कुछ देर मंडराने के बाद पाकिस्तान की ओर लौट गया। उन्होंने कहा कि मेंढर के नार मनकोट इलाके में दुश्मन के ड्रोन की गतिविधि देखी गई, जिसके बाद सैनिकों ने उस पर गोलियां चलाईं।

टीएमसी नेता शाहजहां ईडी के सामने अब तक नहीं हुए पेश

कोलकाता, एजेंसी

राशन घोटाला

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शाहजहां शेख सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अबतक पेश नहीं हुए। उन्हें कई करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में तीसरा समन जारी किया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी सॉल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दफ्तर में सवालों की सूची के साथ टीएमसी नेता का इंतजार कर रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया कि हम सुबह से शाहजहां शेख का इंतजार कर रहे हैं। वह अबतक सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित हमारे कार्यालय में पेश नहीं हुए हैं। उनकी ओर से कोई भी हमारे अधिकारियों के सामने आज पेश नहीं हुआ है। हम उनकी आज शाम तक प्रतीक्षा करेंगे।" ईडी ने करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर टीएमसी नेता को समन जारी किया था।

उच्च न्यायालय ने सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में चार दोषियों को जमानत दी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे चार दोषियों को सोमवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील के लंबित रहने तक उनकी सजा निलंबित कर दी। पीठ ने कहा कि दोषी 14 साल से हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चार दोषियों द्वारा दाखिल अपील पर जवाब देने को कहा था। एक अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के पालन के बगैर घरों को ढहा देना फैशन बन गया है

इंदौर, एजेंसी

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने टिप्पणी

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने धार्मिक नगरी उज्जैन में दो घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने को लेकर कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन किए बगैर किसी भी घर को ढहा देना स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए 'फैशन' बन गया है। अदालत ने दो महिलाओं की याचिका मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की और उन्हें सरकारी खजाने से एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद उज्जैन निवासी राधा लांगरी और विमला गुर्जर की याचिका को स्वीकार किया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चार हफ्तों की तय प्रक्रिया के तहत सुनवाई का अवसर नहीं दिए जाने के कारण उनके घरों के कुछ हिस्सों को उज्जैन नगर निगम द्वारा ढहाए जाने को अवैध करार दिया। दोनों याचिकाकर्ताओं ने उज्जैन के सांदीपनि नगर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की आवास योजना के दो घरों के हिस्सों को स्थानीय प्रशासन द्वारा 13 दिसंबर 2022 को ढहाए जाने को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था।

उच्च न्यायालय ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन कर मकानों को ढहाए जाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन को लताड़ लगाते हुए कहा कि अदालत द्वारा लगातार देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए रूप-रेखा बनाकर किसी भी घर को ढहा देना 'फैशन' बन गया है। उच्च न्यायालय ने उज्जैन नगर निगम के आयुक्त को उन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिन्होंने याचिकाकर्ताओं के घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने की कार्रवाई के संबंध में मौके पर "फर्जी" पंचनामा बनाया था।

एक पृथ्वी-एक स्वास्थ पर बनेगी समग्र चिकित्सा नीतिः राजेश

ब्यूरो, नई दिल्ली

अमृत विचारः यूनानी दिवस पर आयोजित "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य* विषयक सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा है कि यूनानी एवं आयुर्वेद सहित भारत के कई ऐसी चिकित्सा पद्धतियां है जो कम खर्चे में शर्तिया इलाज संभव है। पूसा परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में कई यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टरों ने हिस्सा लिया।

आयुष मंत्रालय ने केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) द्वारा एपी शिंदे संगोष्ठी हॉल, एनएएससी, पूसा, नई दिल्ली में यूनानी दिवस 2024 और 'यूनानी चिकित्साः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक चिकित्सा में भारत के वैश्विक नेतृत्व की बात की। कार्यक्रम में वैद्य जयंत देवपुजारी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग, नई दिल्ली, प्रो. शकील अहमद रोमशू, कुलपति, इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, अवंतीपोरा, जम्मू-कश्मीर, डॉ. नज़ीर अहमद गनी, कुलपति, एसकेयूएएसटी-कश्मीर, डॉ. सुंचू ग्लोरी स्वरूपा, महानिदेशक, राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान, हैदराबाद, डॉ. एम. ए. कासमी, सलाहकार (यूनानी), डॉ. एन. ज़हीर अहमद आदि रहे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की 370, राजग की 400 से अधिक सीट पर होगी जीतः शाह

अहमदाबाद, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्री अहमदाबाद में लोस चुनाव नतीजे के बारे में बोले

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर लोगों के मन में कोई संशय नहीं है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 370 सीट जीतेगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक सीटें जीतेगा।

शाह ने कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के शासन में से पहले पांच साल विपक्षी दल के शासनकाल में खोदे गए ''गड्ढे'' को भरने में चले गए और अन्य पांच (विकास की) नींव रखने में लगाए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) की 1,950 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद यहां कहा, ''उन्हें (मोदी को) तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। नींव पर एक शानदार इमारत बहुत तेज गति से बनेगी।'' शाह ने कहा, ''मैं कल कर्नाटक में था और मैंने जनवरी में 11 राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनाव (के नतीजे) के बारे में किसी भी राज्य में कोई संशय नहीं है। पूरे देश में यह माहौल है कि भाजपा को 370 सीट और राजग को 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी।'' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने कई कार्यों को गति और दिशा दी तथा ऐसे लक्ष्य पूरे किए जिनकी कल्पना करना मुश्किल था। शाह ने कहा कि यह 'गुजरात मॉडल' ही था जिसके कारण लोगों ने 2014 में मोदी को देश का प्रधानमंत्री चुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का खाका खींचा और लोगों को भरोसा है कि 2047 में भारत दुनिया में अव्वल होगा।

फाइनल में हारने के बावजूद भारतीय युवाओं का भविष्य उज्ज्वल

भारतीय टीम अंडर-19 विश्व कप में लगातार पांचवीं बार पहुंची थी फाइनल में, श्रृंखला के दौरान खिलाड़ियों ने दर्शकों का जीता दिल

नई दिल्ली, एजेंसी

उदय सहारन के नेतृत्व में भारत ने अंडर-19 विश्व कप के लगातार पांचवें फाइनल में प्रवेश किया लेकिन इसमें चूकने के बावजूद खिलाड़ियों ने दिल जीत लिया। रिकॉर्ड पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 79 रन से हार गई।

उदय सहारन : भारत के अंडर-19 टीम के कप्तान टूर्नामेंट में बल्लेबाजी लाइन अप का आधार रहे और टीम को दबाव से बाहर निकाला। उन्होंने बड़े स्कोर के लिए अच्छी नींव रखी, जिससे वह 397 रन के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे। **सचिन धास :** महाराष्ट्र के बीड के इस खिलाड़ी ने अपनी 'फिनिशिंग' से सबको आकर्षित किया। धास टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले 5 खिलाड़ियों में है। सेमीफाइनल में उनकी 96 रन की पारी ने भारत की जीत में अंतर पैदा किया क्योंकि टीम ने 32 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। **मुशीर खान :** अपने बड़े भाई सरफराज खान की तरह मुशीर को बल्लेबाजी पसंद है। उन्होंने टूर्नामेंट में दो शतक और एक अर्धशतक से कुल 360 रन बनाए। **सौम्य पांडे :** राजस्थान के भरतपुर के सौम्य ने बाएं हाथ की स्पिन से टूर्नामेंट में भारत को विकेट दिलाए और 18 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। **अर्शिन कुलकर्णी :** महाराष्ट्र के सोलापुर के इस आल राउंडर को अंडर-19 विश्व कप खेलने से पहले ही आईपीएल का अनुबंध मिल गया था। कुलकर्णी को भविष्य का हार्दिक पंड्या कहा जा रहा है। उन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के लिये पारी का आगाज किया। **राज लिम्बानी :** 'कच्छ के रण' के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लिम्बानी ने नई गेंद से प्रभावित किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने द. अफ्रीका के खिलाफ छक्का जड़कर भारत को नौवीं बार फाइनल में पहुंचाया। अपने सपनों के लिए लिम्बानी को दयापुर गांव छोड़कर बड़ौदा आना पड़ा। **प्रियांशु मोलिया :** मोलिया भी बड़ौदा के हैं और उन्होंने 7 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 144 रन है। मध्यक्रम का यह बल्लेबाज आफ स्पिन गेंदबाजी कर सकता है। **नमन तिवारी :** लखनऊ के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह से यॉर्कर डालना सीखा है। उन्होंने टूर्नामेंट में 19 .83 के औसत से 12 विकेट लिए। **मुरुगन अभिषेक :** हैदराबाद का युवा ऑफ स्पिनर आर अश्विन से प्रभावित है। हालांकि वह काफी विकेट नहीं ले सके लेकिन रन गति पर लगाम कसने में सफल रहे। **अरावेली अवनीश :** रवि शास्त्री और आर श्रीधर की अकादमी का यह विकेटकीपर बल्लेबाज हैदराबाद के लिए लिस्ट ए में पदार्पण कर चुका है और उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा था। वह तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले के पोथुगल गांव से हैं। **आदर्श सिंह :** बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के बांग्लादेश के खिलाफ 76 रन की पारी से भारत की आदर्श शुरुआत हुई थी।फाइनल में भी 47 रन की पारी खेली। **रूद्र पटेल :** उन्हें टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिला। वह अपनी कप्तानी में गुजरात को अंडर-16 राज्य चैम्पियनशिप का खिताब दिला चुके हैं। **इनेश महाजन :** वह टीम के रिजर्व विकेटकीपर थे और अवनीश के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। नोएडा के बाएं हाथ के बल्लेबाज इनेश एमएस धोनी के मुरीद हैं। **धनुष गौड़ा :** बेंगलुरु का यह तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ और आर विनय कुमार के नक्शेकदम पर चलना चाहता है। वह कुछ बड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि उनके पिता अपने क्रिकेट सपने को पूरा करने में असफल रहे जबकि चोटों ने उनके बड़े भाई का करियर बरबाद कर दिया। **आराध्य शुक्ला :** गणित शिक्षक के बेटे अराध्य ने लंबा होने के लिए क्रिकेट खेलना शुरू किया। लुधियाना के इस खिलाड़ी ने सीके नायडू ट्रॉफी और कूच बिहार ट्रॉफी में प्रभावित किया जिससे उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली।

कानिटकर को भरोसा, भारत के लिए खेलेंगे कुछ खिलाड़ी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

भारत के अंडर-19 टीम के मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर को भरोसा है कि उनकी इस टीम के कुछ खिलाड़ी भविष्य में सीनियर टीम से खेलेंगे। कानिटकर ने रविवार को मैच के बाद कहा कि निश्चित रूप से भारत का भविष्य उज्जवल है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी, दोनों में ही कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने मुश्किल हालात में परिपक्वता दिखाई जो भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। सहारन पंजाब के लिए खेलते हैं, वह इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नेपाल के खिलाफ शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 81 रन बनाएं। मुशीर टीम के लिए बल्ले से निरंतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे।

इन दोनों के अलावा धास ने 'फिनिशर' की भूमिका निभाई और बाएं हाथ के स्पिनर पांडे ने 18 विकेट झटके। भारतीय टीम हमेशा ही आयु ग्रुप में 'पावरहाउस' रही है और अंडर-19 विश्व कप ने विराट कोहली, युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार दिए हैं। मुझे भरोसा है कि इसमें से कुछ खिलाड़ी भारतीय टीम में खेलेंगे।

खेल डायरी

उत्तर प्रदेश के कुदरत अली, लोकेश चौधरी और मोहम्मद आजाद रोइंग के राष्ट्रीय अंपायर

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कुदरत अली, लोकेश चौधरी व मोहम्मद आजाद ने रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से हैदराबाद में आयोजित नेशनल अंपायर सेमिनार और परीक्षा को उत्तीर्ण की है। इसके साथ यह तीनों अब रोइंग की स्पर्धाओं में राष्ट्रीय अंपायर की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। प्रदेश के तीन अंपायरों के इस राष्ट्रीय प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल करने पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के चयन कमेटी के चेयरमैन आईपीएस आदित्य मिश्रा, संरक्षक आईपीएस डॉ. आरपी सिंह, आईपीएस राजीव त्रिवेदी, आईपीएस गोपाल गुप्ता सेवानिवृत्त, आईपीएस रेनुका मिश्रा (डीजी पुलिस प्रमोशन व भर्ती बोर्ड), आईजी आगरा रेंज दीपक कुमार (आईपीएस), आईपीएस बिनोद कुमार सिंह व एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने बधाई दी। सुधीर शर्मा ने बताया कि हैदराबाद के बोट क्लब में गत 10 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा को 12 लोगों ने उत्तीर्ण किया। इन राष्ट्रीय अंपायरों को रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव (उपाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ) ने सम्मानित किया था।

नई दिल्ली राष्ट्रीय मैराथन 25 फरवरी को आयोजित

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से राष्ट्रीय प्रतियोगिता और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा के रूप में मान्यता प्राप्त नई दिल्ली मैराथन का आयोजन 25 फरवरी को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। पुरुष और महिला वर्ग के 5 एथलीटों को पुरस्कृत किया जाएगा। दोनों वर्ग में विजेता को 1 .5 लाख रुपए जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले को एक लाख रुपए का पुरस्कार मिलेगा। तीसरे, चौथे और पांचवें खिलाड़ियों को क्रमश : 50,000, 30,000 और 30,000 रुपए मिलेंगे। एएफआई ने कहा कि दिल्ली मैराथन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 25 फरवरी को किया जाएगा।

पाकिस्तान के सईद से भिड़ेंगे संग्राम सिंह

मुंबई, एजेंसी। पूर्व राष्ट्रमंडल हेवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह 6 साल बाद वापसी करते हुए 24 फरवरी को दुबई में 'इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग चैम्पियनशिप' में पाकिस्तान के मोहम्मद सईद के सामने होंगे। इस चैम्पियनशिप की पुरस्कार राशि तीन करोड़ है और इसमें पांच मुकाबले होंगे। इन पांच में से एक मैच संग्राम और सईद के बीच होगा। संग्राम (38 वर्ष) ने 2015 और 2016 में राष्ट्रमंडल हेवीवेट चैमपियनशिप जीती थी। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य फिट इंडिया की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए युवाओं को प्रेरित करना है। सईद के खिलाफ प्रतिस्पर्धा इसका शानदार तरीका है कि उम्र कोई बाधा नहीं है और मैं विश्व पेशेवर कुश्ती द्वारा मुहैया कराए इस भिड़ंत के लिए तैयार हूं।

स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में भारत 75वें स्थान पर, अमित और सचिन ने जीते स्वर्ण

सोफिया (बुल्गारिया), एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल और राष्ट्रीय चैंपियन सचिन ने रविवार को यहां 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीते। अमित पंघाल (51 किग्रा) ने मौजूदा विश्व चैंपियन संझार ताशकेनबे पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की। अमित सटीक गति के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी हो गए और एक सेकंड के लिए भी मुकाबले पर पकड़ ढीली नहीं होने दी। सजाख पूरे मुकाबले के दौरान बाहर जाने का रास्ता तलाशते रहे लेकिन अमित डटे रहे और टूर्नामेंट में चौथी बार जीत हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। पहले मैच के विपरीत सचिन (57 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के शाखजोद मुजाफारोव के खिलाफ जमने में कुछ समय लगा। पहले राउंड में दोनों मुक्केबाज समान रूप से हावी थे, हालांकि सचिन इसे 3-2 के मामूली अंतर से जीतने में सफल रहे। हरियाणा के मुक्केबाज ने दूसरे और तीसरे राउंड में अपने मुक्कों का सटीक समय इस्तेमाल करते हुए 5-0 के अंतर से जीत हासिल की।

केएल राहुल तीसरे टेस्ट से बाहर देवदत्त पडीक्कल टीम में शामिल

बल्लेबाज क्वाड्रिसेप्स की पीड़ा के कारण नहीं खेल सके थे दूसरा टेस्ट मैच

राजकोट, एजेंसी

भारत के बल्लेबाज केएल राहुल अपनी 'क्वाड्रिसेप्स' चोट से उबरने में विफल रहे, जिससे सोमवार को वह इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए। इसी चोट के कारण वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। इससे साफ है कि कर्नाटक के बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल टीम में राहुल की जगह लेंगे।

बीसीसीआई के वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि केएल राहुल अभी तक राजकोट नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय खिलाड़ी रविंद्र जडेजा टीम से जुड़ चुके हैं। टीम में शामिल होना फिटनेस पर निर्भर था और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम को अब भी नहीं लगता कि वह फिट हैं। चयनकर्ताओं ने चिकित्सा टीम से हरी झंडी मिलने पर ही राहुल और जडेजा को टीम में शामिल किया था। हाल के रणजी ट्राफी मैच में 23 साल के पडीक्कल ने 151 रन बनाए हैं और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर स्टैंड में बैठकर उनकी पारी देख रहे थे। इस घरेलू सत्र में पडीक्कल फॉर्म में हैं, उन्होंने पहले रणजी मैच में पंजाब के खिलाफ 193 रन और गोवा के खिलाफ 103 रन बनाए। रणजी के अलावा पडीक्कल ने भारत 'ए' के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट की तीन पारियों में 105, 65 और 21 रन बनाए। जहां तक राहुल का संबंध है तो बल्लेबाज का इतना लंबा ब्रेक गंभीर सवाल खड़े करता है कि क्या सीनियर खिलाड़ी और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम कुछ निश्चित खिलाड़ियों की चोट की स्थिति के बारे में सही जानकारी दे रही है या नहीं। चिकित्सा टीम को पता था कि राहुल की जांघ की चोट गंभीर है तो उन्हें टीम में रखा क्यों गया और खिलाड़ी भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर गलत संकेत दे रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान चैपल ने कहा- भारत के सामने कड़ी चुनौती

मेलबर्न, एजेंसी। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम टेस्ट में भारत को कड़ी टक्कर देगी, लेकिन उन्होंने मेजबान टीम के जीतने का समर्थन किया। भारत और इंग्लैंड इस समय 5 मैच की श्रृंखला में 1-1 की बराबरी पर हैं। चैपल ने लिखा कि घरेलू टीम होने के नाते भारत को आखिर में इस मुश्किल श्रृंखला को जीतना चाहिए लेकिन उन्हें बचे हुए मुकाबलों में कड़ी चुनौती मिलेगी। स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व वाली टीम जो रूट की अगुआई वाली टीम से बेहतर है जो पिछले दौरे पर स्पिन के आगे पस्त हो गई थी। भारत के 2021 में इंग्लैंड की टीम रूट की अगुवाई में पहला टेस्ट जीतने के बाद श्रृंखला गंवा बैठी थी।

अबुधाबी से एक सप्ताह बाद राजकोट पहुंची इंग्लैंड की टीम

राजकोट, एजेंसी। अबुधाबी में एक सप्ताह बिताने के बाद इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी बचे 3 मैचों में खेलने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। तीसरा मैच 15 फरवरी से खेला जाएगा। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 106 रन की हार के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ी दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के बीच 10 दिन का अंतर होने से अबुधाबी चले गए थे। इंग्लैंड की टीम मंगलवार की सुबह सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में अभ्यास करेगी जबकि भारतीय खिलाड़ी दोपहर के बाद अभ्यास सत्र में भाग लेंगे। भारत लौटने से पहले इंग्लैंड की टीम को करारा झटका लगा क्योंकि उसके मुख्य स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए।

विराट के न होने से इंग्लैंड के पास जीत का मौका : ब्रॉड

केपटाउन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट श्रृंखला में नहीं होना इस श्रृंखला और खेल के लिए अच्छा नहीं है लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का मौका है। विराट निजी कारणों से बाहर है जबकि भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला में 1-1 कीबराबरी कर ली है। ब्रॉड ने कहा कि विराट किसी भी स्पर्धा को अपने जनून, आक्रामकता और बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं। दर्शक उनका खेल देखने को आतुर रहते हैं, लेकिन निजी मसले हमेशा से बड़े होते हैं। उनका मानना है कि विराट की गैर मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका होगी। इंग्लैंड के लिए 167 टेस्ट में 604 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने कहा कि हमने पिछले टेस्ट में देखा कि यशस्वी जायसवाल ने कैसे दोहरा शतक जड़ा। अगले 3 मैचों में कोई और खिलाड़ी भारत के लिए चमकेगा और हो सकता है कि वह इस लायक हो जाए कि जब विराट खेल को अलविदा कहें तो उनकी जगह ले सके। ब्रॉड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सबसे प्रतिस्पर्धी श्रृंखलाओं में से है और अगले 3 टेस्ट में इंग्लैंड के पास अच्छा मौका है। विराट के नहीं होने से बहुत कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस पर निर्भर करेगा। विराट और इंग्लैंड के जिम्मी एंडरसन के बीच प्रतिद्वंद्विता काफी मशहूर रही है।

बीएटीसी में खिताब जीतना चाहेगा भारत

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

थॉमस कप चैम्पियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था। टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचने की होगी, जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य जीता था। भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा, जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं होगा। एचएस प्रणय की अगुवाई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। सिंधू के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप 'डब्ल्यू' में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है, जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

पीवी सिंधु और पुरुष टीम पर फोकस

नागल एटीपी एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गए थे। 2019 में बायें हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा कि मैं बहुत भावुक हूं। हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसे बयां करने के लिए शब्द थे। हर कोई रो रहा था। शब्द कम थे, आंसू ज्यादा। मैं अब भी बहुत भावुक हूं। पिछले साल मेरी रैंकिंग 500 थी, जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई और वित्तीय सहयोग भी नहीं था तो पिछला साल काफी मुश्किल रहा।

बॉलीवुड हलचल

नितेश की रामायण में दशरथ होंगे अमिताभ



डायरेक्टर नितेश तिवारी की मेगा बजट फिल्म 'रामायण' लगातार सुर्खियों में है। इसके कास्ट को लेकर आए दिन कोई न कोई अपडेट आ रहे हैं। फिल्म के अनाउंसमेंट के बाद बताया गया था कि इसमें राम के रोल में रणबीर कपूर, सीता के रोल में साईं पल्लवी और रावण के रोल में यश नजर आने वाले हैं। वहीं, फिल्म 'रामायण' की कास्ट को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि फिल्म में मेगास्टार अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई है। इसके साथ ही फिल्म में अमिताभ बच्चन के किरदार का भी खुलासा हो गया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन राजा दशरथ यानी रणबीर कपूर के पिता का रोल करने वाले हैं। हालांकि, मेकर्स और अमिताभ बच्चन की तरफ से 'रामायण' में कास्ट किए जाने को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दिया गया है। फिलहाल, अमिताभ बच्चन के फैंस इस खबर से उत्साहित हैं।

चिंटू की फिल्म फिदा के अगले हिस्से की शूटिंग मुंबई में शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी फिल्म जगत के चॉकलेटी हीरो प्रदीप पाण्डेय चिंटू अभिनीत फिल्म फिदा के बाकी हिस्से की शूटिंग मुम्बई में शुरू हो गई है। फिल्म फिदा की लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग बीते महीने में उत्तरप्रदेश के बनारस, मिर्जापुर के आसपास की गई है। फिल्म फिदा में बॉर्डर पार के प्रेम सबन्धों और एक सैनिक की अपने देश के प्रति कर्त्तव्य और प्रतिबद्धता के साथ निजी जीवन की मजबूरियों को दिखाने की कोशिश की गई है। प्रदीप पाण्डेय चिंटू ने बताया हमने एक बेहतरीन फिल्म बनाई है और इसकी बेहतरी के लिए ही हमने ये शेड्यूल मुम्बई में लगाया है, जिससे कोई कसर बाकी ना रह जाए। पूरी टीम ने मेहनत और ईमानदारी से अपना काम किया है और अब रिजल्ट तो दर्शक ही देंगे।

राजामौली की फिल्म में महेश संग होगी विदेशी अदाकारा

टॉलीवुड के सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की अपकमिंग जंगल एडवेंचर मूवी 'एसएसएमबी 29' को लेकर दर्शकों में भारी क्रेज है। इस मूवी का मेकर्स ने धांसू ऐलान किया है। महेश बाबू स्टारर निर्देशक एसएस राजामौली की मूवी को लेकर छोटी सी भी जानकारी मिनटों में वायरल होने लगती है। ताजा खबर है कि राजामौली और महेश बाबू की इस मूवी में एक और नामी एक्ट्रेस की एंट्री हो चुकी है। महेश बाबू की मूवी में इंडोनेशियन अदाकारा चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान की एंट्री हुई है। इन खबरों को बल उस वक्त मिला जब हाल ही में चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान ने राजामौली को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया। इससे पहले एक वेबसाइट ने जनवरी में अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि एसएस राजामौली और महेश बाबू की अपकमिंग मूवी में इंडोनेशियन एक्ट्रेस चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान नजर आ सकती हैं। इन खबरों पर फिल्ममेकर्स ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया। अब हाल ही में चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान ने इंस्टाग्राम पर राजामौली को फॉलो किया है। 'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' की सफलता के बाद ये राजामौली की अगली मचअवेटेड मूवी है, जिसमें टॉलीवुड प्रिंस महेश बाबू अलग ही लुक में नजर आएंगे। इस मूवी को मेकर्स पैन वर्ल्ड स्तर पर बनाने की तैयारी में है। इस वजह से फिल्म में विदेशी स्टारकास्ट के भी होने का अनुमान है। अभी तक मेकर्स ने इस फिल्म की स्टारकास्ट का खुलासा नहीं किया है। फिल्म कब तक फ्लोर पर पहुंचेगी। इसे लेकर सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। संभवत ये मूवी इसी साल अंत तक फ्लोर पर पहुंचेगी। तो क्या आप निर्देशक एसएस राजामौली की इस अपकमिंग मूवी को लेकर एक्साइटेड हैं। अपनी राय हमें कमेंट कर बताएं।

टाइगर श्रॉफ ने शुरू की फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी इन दिनों फिल्म 'सिंघम अगेन' बना रहे हैं। यह फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। फिल्म सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण की मुख्य भूमिका है। टाइगर श्रॉफ इस फिल्म में कैमियो कर रहे हैं। 'सिंघम अगेन' में टाइगर श्रॉफ एसीपी सत्या की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में टाइगर ने फिल्म में अपनी भूमिका का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके कैप्शन में टाइगर ने लिखा, 'एसीपी सत्या रिपोर्टिंग सर'। मेकर्स को उम्मीद है कि फरवरी के अंत तक टाइगर अपने अधिकांश सीन की शूटिंग पूरी कर लेंगे। सिंघम अगेन इस वर्ष रिलीज होगी।

फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने पहले सप्ताह में कमाए 55.10 करोड़ रुपए

नई दिल्ली, एजेंसी। शाहिद कपूर और कृति सेनन अभिनीत फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने अपने शुरुआती सप्ताहांत में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 55 .10 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह फिल्म अमित जोशी तथा आराधना शाह द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह दोनों की पहली फिल्म है। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया ने भी अभिनय किया है। निर्माण कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर फिल्म की तीन दिन की कमाई का आंकड़ा साझा किया और लिखा कि फिल्म ने रिलीज के बाद से दुनिया भर में 55 .10 करोड़ रुपये की कमाई की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एकता-सद्भाव के साथ राष्ट्र का निर्माण करें

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ भागवत ने लोगों से अहिंसा के मार्ग पर चलने का किया आह्वान, बोले अब दुनिया हमारी ओर देख रही



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को लोगों से एकता, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में दर्शन का उच्चतम स्तर है और दुनिया अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी ओर देख रही है।

भागवत ने जैन तीर्थंकर महावीर के 2550वें 'निर्वाण' वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोग अपनी भौतिकवादी जीवन शैली के कारण पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, दुनिया अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद से भारत की ओर देख रही है, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी भौतिकवादी जीवन शैली उन्हें वह खुशी नहीं देती जो हर कोई चाहता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भौतिकवादी चीजों में कोई खुशी नहीं है।

भागवत ने कहा कि सभी के साथ सौहार्दपूर्वक रहें, अहिंसा का पालन करें, धैर्य रखें, चोरी न करें, यही जाने का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पूर्ण सत्य की खोज के लिए अलग-अलग रास्ते चुनता है। रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है।

हमारे समाज में कई तरह के लोग हैं, जैसे जैन, सिख। लेकिन इस देश के लोग होने के नाते हम सब एक हैं और एक रहते हुए, हमें राष्ट्र का निर्माण करना है। भागवत ने कहा कि भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में लोगों ने पूर्ण "सत्य और शाश्वत खुशी" की तलाश में अलग-अलग रास्ते अपनाए, लेकिन भारत की खोज और बाकी दुनिया की खोज के बीच अंतर यह था कि वे इसे बाहर की दृश्य दुनिया में खोजने के बाद रुक गए और हमने, बाहर की खोज के बाद इसे अपने भीतर खोजना शुरू किया और सच्चाई का एहसास किया।

केवाईसी 28 फरवरी से पहले अपडेट करना जरूरी

नई दिल्ली। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कहा है कि 28 फरवरी के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग बंद हो जाएंगे, इससे पहले केवाईसी की अंतिम तारीख 31 जनवरी थी, लेकिन अब दिनांक बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। बता दें, बिना केवाईसी वाले फास्टैग में बैलेंस होने पर भी बंद हो जाएंगे। इसलिए केवाईसी कराना जरूरी है। आईए जानते है इसके बारे में फास्टैग क्या है, और केवाईसी कैसे करें अपडेट।

क्या है फास्टैग

फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है जो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ये टैग अधिकृत बैंक द्वारा किया जाता है और ऑनलाइन माध्यम से इससे टोल लिया जाता है। इसके उपयोग से आप टोल टैक्स पर लंबे समय तक लाइन में लगे बिना ही टोल चुका देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी टोल प्लाजा पर लगे रीडर्स कार की विंडस्क्रीन पर चिपकाए गए टैग को स्कैन करते हैं और लिंक किए गए अकाउंट के माध्यम से भुगतान हो जाता है।

फास्टैग क्यों हो रहे अपडेट

एनएचएआई पिछले दिनों एक गाड़ी, एक फास्टैग इनिशिएटिव शुरू किया गया है। मतलब एक गाड़ी के लिए एक ही फास्टैग जारी होगा। ये फास्टैग जिस गाड़ी के लिए जारी हुआ है केवल उसी के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। बिना केवाईसी के फास्टैग जारी करना आरबीआई के नियमों का उल्लंघन है। फास्टैग केवाईसी कैसे अपडेट कर सकते हैं?

सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाइट से करें अपडेट

ऑनलाइन अपडेट करने के लिए फास्टैग की वेबसाइट (fastag.ihmcl.com) पर जाएं। पेज पर टॉप में लॉगिन आइकन है। वहां रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉगिन करें। पासवर्ड याद नहीं तो मोबाइल दर्ज कर ओटीपी जेनरेट करके भी लॉगिन कर सकते हैं। फिर माय प्रोफाइल पर जाकर केवाईसी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए आईडी व एड्रेस प्रूफ, वाहन की आरसी और पासपोर्ट साइज के फोटो की जरूरत होगी। दूसरा ऑफलाइन तरीका यह है कि आपका फास्टैग जिस बैंक का है, उसकी ब्रांच में जाकर भी केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी टोल प्लाजा जा सकते हैं, या टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल कर सकते हैं। बता दें, सभी दस्तावेज सही हुए तो आवेदन सबमिट करने के 7 दिन में केवाईसी अपग्रेड हो जाता है। आप माई प्रोफाइल पेज में ही अपने केवाईसी की स्थिति की जांच कर सकते हैं।

एक नजर

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फारूक अब्दुल्ला को भेजा समन

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। बता दें कि इससे पहले ईडी ने गत 11 जनवरी को भी उन्हें अपने स्थानीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन डॉ अब्दुल्ला नहीं गए थे। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि डॉ फारूक अब्दुल्ला को जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में हुए घोटाले के मामले में जारी जांच के सिलसिले में बुलाया गया है। जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में जेकेसीए को वर्ष 2001-12 के दौरान बीसीसीआई ने जम्मू कश्मीर में क्रिकेट व संबंधित गतिविधियों के विकास के लिए 112 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई थी।

अमेरिका: चर्च में अंधाधुंध गोलीबारी में पांच साल का बच्चा घायल

वाशिंगटन। ह्यूस्टन में एक चर्च में गोलीबारी की गई। हालांकि, पुलिस ने गोलीबारी करने वाली महिला को मार गिराया। इस दौरान एक छोटे बच्चे समेत दो लोगों को गोली लगी है। शहर के पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने बताया कि पांच साल के एक बच्चे की हालत गंभीर है, जबकि कूल्हे में गोली लगने से घायल 57 वर्षीय एक व्यक्ति की हालत स्थिर है। वहीं, लेकवुड चर्च ने एक्स पर दोपहर में बताया कि एक हमलावर द्वारा लगातार गोलियां चलाई जा रही थीं। जांच में जुटी पुलिस।

कर्नाटक के कोप्पल में महिला से दुष्कर्म, छह आरोपी गिरफ्तार

कोप्पल। कोप्पल जिले के गंगावती में महिला से बलात्कार के आरोप में सोमवार को पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक महिला और उसका पति घर जाने के लिए बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहे थे। घरेलू विवाद को लेकर दंपति में झगड़ा हो गया। जैसे ही बहस तेज हुई छह लोगों ने हस्तक्षेप किया और पति से झगड़ना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने पीड़िता के पति की पिटाई शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने शिकायत में पति की पिटाई और बलात्कार का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि आठ और नौ फरवरी की रात को 21 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने और उसके पति की पिटाई करने का मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में छह लोगों के शव बरामद

कराची। पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सोमवार को गोलियों से छलनी छह शव बरामद किए। शुरुआत में यह संदेह जताया गया कि ये पांच शव उन श्रमिकों के हैं जिनका पिछले महीने तुरबत के होशाब से अपहरण किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शवों की पहचान की की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अकबर बलूच ने कहा, शव किला अब्दुल्ला के निर्जन इलाके में एक पहाड़ी हिस्से से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रांत में अनसुलझे जनजातीय विवादों के कारण भी कई लक्षित हत्याएं की जाती हैं।

पाकिस्तान: पीएम बनने की रेस में नवाज, इमरान समर्थित पीटीआई की दो टूक

विपक्ष में बैठना मंजूर, गठबंधन नहीं करेंगे

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनाव नतीजे के बाद अब सरकार बनाने के लिए जोड़-तोड़ की कोशिश शुरू हो गई है। हालांकि इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने साफ इनकार कर दिया है कि वे सत्ता के लिए नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन या बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से कोई गठबंधन नहीं करने वाले हैं। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर खान ने पीएमएल-एन और पीपीपी के साथ किसी सीट बंटवारे की बातचीत से साफ मना कर दिया है।

बैरिस्टर गौहर खान ने कहा कि 'वे अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों पार्टियों से गठबंधन करने का कोई इरादा नहीं है।' पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, गौहर खान ने कहा 'हम दोनों के साथ सहज नहीं हैं। इनके साथ सरकार बनाने से अच्छा होगा कि हम विपक्ष में बैठें।' उन्होंने कहा कि अगर वे सरकार बनाने में सफल नहीं हुए तो वे मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। पीटीआई, जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन करने की कोशिश कर रही है। चुनाव नतीजे में जमात ए इस्लामी को खैबर पख्तूनख्वा असेंबली में तीन सीटें मिली हैं। दोनों पार्टियां पहले भी गठबंधन में रह चुकी हैं। हालांकि मई 2018 में जमात ए इस्लामी ने पीटीआई के साथ गठबंधन तोड़ लिया था। पीटीआई मजलिस ए वहदतुल मुसलमीन के साथ भी गठबंधन की कोशिश कर रही है। पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के नतीजे में इमरान खान की पार्टी 101 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन अभी भी वह बहुमत के आंकड़े 133 से दूर है।

नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को 75 और पीपीपी को 54 सीटों पर जीत मिली है। ऐसे में पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन कर पाकिस्तान में सरकार बना सकती हैं।

नवाज शरीफ को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिला

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव और उसके परिणामों की घोषणा के बाद रिकॉर्ड पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीटें जीत कर तकनीकी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस बीच, असेंबली में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं होने के कारण पीएमएल-एन गठबंधन की सरकार बनाने में जुटी हुई है। वहीं, पार्टी को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिल गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी में सभी पांच सदस्यों ने सोमवार को शामिल होने का फैसला किया। मालूम हो कि कि एक दिन पहले इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार ने पीएमएल-एन में शामिल हो गया था। वहीं, इन पांच सदस्यों के पीएमएल-एन में शामिल होने के बाद पार्टी को समर्थन करने वाले कुल निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या अब छह हो गई है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ से निर्दलीय नवनिर्वाचित सदस्यों के रूप में सरदार शमशीर मजारी, इमरान अकरम, सोहेल खान, खिज्र हुसैन मजारी और साहिबजादा मोहम्मद गाजिन अब्बासी ने मुलाकात की है।

बायकॉट: चिंतित अमेरिका, युद्ध विराम में झोंकी ताकत

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को चार महीने से ज्यादा हो चुके हैं। इजराइल का समर्थन करने के कारण अमेरिकी प्रोडक्ट का बहिष्कार हो रहा है। कई अमेरिकी मल्टी नेशनल कंपनियों के उत्पादों का मिडिल- ईस्ट से लेकर एशिया और इंडोनेशिया तक के मुस्लिमों ने बायकॉट किया है।

अपनी कंपनियों को हो रहे नुकसान के चलते अमेरिका ने गाजा में संघर्ष विराम के प्रयास तेज कर दिए हैं। बहिष्कार के चलते अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कतर और मिस्र के बाद यरूशलम की यात्री। इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद चार माह में ब्लिंकन ने पांचवी इजराइल यात्रा की थी, लेकिन ब्लिंकन प्रयासों पर खरे नहीं उतर पाए। इजराइल ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इस पर ब्लिंकन ने कहा हैं कि आतंकी हमले से इजराइल को दूसरों पर क्रूरता का लाइसेंस नहीं मिल जाता है।

1967 से 1991 तक कोका कोला का इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने किया था बहिष्कार

बायकॉट अमेरिका अरब से लेकर इंडोनेशिया तक फैला

मैकडोनल्ड- इजराइल समर्थन के कारण बहिष्कार हो रहा है। कंपनी के मुताबिक 2023 की आखिरी तिमाही में मिडिल ईस्ट और एशिया में वृद्धि 0.7% रही। एक साल पहले 3.4% थी। कंपनी ने इजराइली सैनिकों को मुफ्त भोजन बांटा था। स्टारबक्स पिछले सप्ताह कॉफी चेन स्टारबक्स ने कंपनी की ग्लोबल ग्रोथ अनुमान 5 से 7% से घटाकर 4-6% कर दिया है। अमेरिकी में इजराइल विरोधी अभियान के कारण वहां भी ग्रोथ कम हुई है। इंडोनेशिया में भी बहिष्कार हो रहा है।

कोका कोला- इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने 1967 से 1991 तक कोका कोला का बहिष्कार किया। कोक को मार्केट से हटाने के लिए नवंबर 23 में तुर्किये संसद में वोटिंग हुई। तुर्किये में 2023 की अंतिम तिमाही में बिक्री में 22% कम रही है।

डोमिनोज- बहिस्कार करने वालों का दावा है कि डोमिनोज ने भी इजराइली सैनिकों को फ्री फूड दिया। दुनियाभर की फ्रेंचाइजी को झटका लगा है। मलेशिया में डोमिनोज ब्रांड के स्टोर की बिक्री 2023 की दूसरी छमाही में 8.9% कम हो गई।

इजराइल ने दो बंधकों को मुक्त कराया

राफा। इजराइल की सेना ने सोमवार गाजा से दो बंधकों को मुक्त कराया और एक नाटकीय घटनाक्रम में गोलीबारी के बीच बंधकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हमास द्वारा क्षेत्र में बंधक बना कर रखे गए 100 से अधिक बंधकों की देश वापसी की दिशा में इजराइल की यह एक छोटी लेकिन प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण सफलता है। फिलिस्तीनी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। अभियान दक्षिणी गाजा शहर रफह में चलाया गया था।

ईडी के खिलाफ हेमंत की याचिका पर सुनवाई टली अब 27 को होगी सुनवाई

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका 27 फरवरी के लिए स्थगित कर दी है। अदालत इस दिन फिर से याचिका पर सुनवाई करेगी।

अदालत ने फेडरल एजेंसी से एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। वकील जनरल राजीव रंजन ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। हेमंत के वकील राजीव रंजन ने बताया, 'ईडी को जवाब देने का आदेश दिया गया है। अदालत ने 27 फरवरी की तारीख तय की है। हमें संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है।

आग के अंगारे...



आइसलैंड : प्रिंडाविक आइसलैंड की मुख्य सड़क को पार करते हुए और ब्लू लैगून की ओर जाने वाली सड़क पर बहते हुए लावा का एक दृश्य सामने आया है। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में एक ज्वालामुखी तीसरी बार फटा है। ज्वालामुखी फटने से आकाश में धुएं का गुबार छा गया और द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। ज्वालामुखी विस्फोटे के बाद 3,800 की आबादी वाले द्वीप से सुरक्षाकर्मियों द्वारा लोगों को सुरक्षति जगह ले जाया गया। ● एजेंसी

कोचर दंपती को अंतरिम जमानत देने के खिलाफ याचिका का निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर और उनके कारोबारी पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया।

जज बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने याचिका का निस्तारण उस समय कर दिया जब जांच एजेंसी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य मामले में पिछले सप्ताह अपना फैसला सुनाया है लेकिन फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया है। 6 फरवरी को, बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा चंदा कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी को अवैध माना और दंपति को जमानत देने के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश की पुष्टि की।

नायडू की याचिका पर सुनवाई 26 तक स्थगित

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में पिछले महीने अग्रिम जमानत दी थी। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है। याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए आई और उसने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 26 फरवरी तय की। याचिका न्यायमूर्ति बेला एम.त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई।

लखीमपुर हिंसा: आरोपी आशीष की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को एक बार फिर शीर्ष अदालत से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह मामले की प्रगति के बारे में निचली अदालत से रिपोर्ट प्राप्त करे और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को पिछले साल 26 सितंबर को दिल्ली के अस्पताल में जाने की अनुमति दे दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उन्हें किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग न लेने और मीडिया से बात नहीं करने का आदेश दिया था।

विज्ञान अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के हालिया किए गए शोध से मिली जानकारी

सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारे सूर्य के खत्म होने के बाद ग्रहों का क्या होगा। सम्भव है कि बृहस्पति जैसे बड़े ग्रह सुरक्षित रहेंगे। शेष ग्रह शायद ही बच पाएं। हालिया बाहरी ग्रहों में किए गए शोध से यह जानकारी निकलकर आई है।

पहले समझा जाता था कि सूर्य के खत्म होने के बाद हमारे अन्य ग्रहों का जीवन भी समाप्त हो जाएगा। मगर हाल में हुए शोध में नई जानकारी सामने आई है। अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक सुसान मुल्ली के नेतृत्व में 34 प्रकाश वर्ष की दूरी पर डब्लू डी 1202-232 और 35 प्रकाश वर्ष दूर डब्लू डी 2105-82 नामक अलग-अलग सफेद बौने सितारों की परिक्रमा करने वाले एक्सोप्लैनेट का अध्ययन किया।

35 प्रकाश वर्ष दूर ग्रह व उसका बौना तारा।

अध्ययन में इनके ग्रहों का द्रव्यमान बृहस्पति के 1 से 7 गुना के बीच पाया गया। जेम्स वेब दूरबीन से देखने पर स्पष्ट पता चल पाया कि अरबों वर्ष पुराने बृहस्पति जैसे यह एक्सोप्लैनेट हैं जो संभवतः अपने सफेद बौने मेजबान सितारों के वायुमंडल को प्रदूषित कर रहे हैं और अपने तारे के खत्म होने के बाद बचे रह गए, जो संभवतः अपने अधिक द्रब्यमान के कारण सुरक्षित रह गए। ज्ञात हो हमारा सूर्य भी खत्म होने के बाद व्हाइट ड्वार्फ बन जाएगा। लिहाजा हमारे सूर्य के सफेद बौने में बदल जाने के बाद बृहस्पति और शनि बचे रह पाएंगे।

अब तक पांच हजार एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं वैज्ञानिक

ब्रह्मांड के अथाह सागर में वैज्ञानिक अब तक पांच हजार से अधिक एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं। खगोलविद एक्सोप्लैनेट के अपने मेजबान तारे पर पड़ने वाले प्रभावों का निरीक्षण करते आ रहे हैं और इन पर होने वाले प्रभावों के आधार पर अनेक निष्कर्ष निकालते हैं। हाल में की गई यह खोज सौर मंडल के ग्रहों की भविष्य की जानकारी प्रदान करती है। एस्ट्रोनॉमी जनरल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यूएई: मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु को दर्शाया

अबू धाबी, एजेंसी

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। पीमए मोदी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को रवाना होंगे। बता दें, यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह-अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा। हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। यहां 100 से अधिक भारतीय स्कूली बच्चे पत्थरों को चित्रित करने में लगे हुए हैं। दरअसल, मंदिर उद्घाटन में शामिल होने वाले सभी मेहमानों को उपहार के तौर पर दिया जाएगा। पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जो संयुक्त अरब अमीरात में पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है। बच्चे तीन महीने से हर रविवार को मंदिर स्थल पर पत्थर सेवा कर रहे हैं और अब छोटे खजाने कहे जाने वाले उपहारों को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। 12 वर्षीय तिथि पटेल के लिए, पत्थर सेवा एक वीकेंड एक्टिविटी है, जिसमें उन्हें काफी मजा आता है। तिथि पटेल ने बताया, हमने मंदिर स्थल पर बचे हुए पत्थर और छोटी चट्टानें इकट्ठा कीं। फिर हमने उन्हें धोया और पॉलिश किया, उसके बाद प्राइमर की एक परत लगाई और फिर पेंट किया। प्रत्येक चट्टान पर एक तरफ एक प्रेरक उद्धरण है और दूसरी तरफ मंदिर के किसी हिस्से को चित्रित किया गया है। 8 वर्षीय रेवा करिया, जिन्होंने इस रविवार को पत्थरों को उपहार बक्सों में पैक किया है, उन्होंने बताया कि उन्होंने उपहार का नाम "छोटा खजानारखा है क्योंकि बच्चे उन्हें अपने छोटे हाथों से इसे बना रहे हैं।

14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करने के लिए आज रवाना होंगे प्रधानमंत्री मोदी

मंदिर में अयोध्या नगरी को पत्थरों की संरचना में उकेरा

मंदिर में सात देवी-देवता विराजे है, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

खराब मौसम ने मोदी का कार्यक्रम किया छोटा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'अहलान मोदी' को छोटा कर दिया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि यूएई में खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। दरअसल, रात भर बिजली की चमक के साथ भारी बारिश हुई है, जिसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम और जलभराव की स्थिति है। बता दें, लोगों की भागीदारी की संख्या 80 हजार से घटाकर 35 हजार कर दी गई है।